विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
वर्ष 72 अंक 255 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 13 जून, 2025
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 02,
विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए




# अहमदाबाद में भीषण विमान हादसा

## 1 व्यक्ति बचा | 242 थे सवार | 204 शव मिले




**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुरुवार दोपहर 1.43 बजे अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद भीषण हादसे का शिकार हो गई। हादसे में एक भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक को छोड़कर सभी यात्रियों और क्रू मैंबर की मौत हो गई। विमान में 242 लोग सवार थे, इनमें 230 यात्री और 12 क्रू मैंबर शामिल हैं। यात्रियों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल थे। हादसा मेघाणी नगर में 'फॉरेंसिक क्रॉस रोड' के पास हुआ। हवाई अड्डे की सीमा के ठीक बाहर विमान एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकराया। हादसे के वक्त इमारत में मौजूद छात्र लंच कर रहे थे। इनमें से कई छात्र घायल हुए हैं। हादसे के तुरंत बाद भारी काले धुएं का गुबार आसमान में देखा गया। खबर लिखे जाने तक 204 जले हुए शव बरामद किए गए हैं। ये शव विमान के टकराने से प्रभावित इलाकों में पाए गए, जिनमें एक मेडिकल कॉलेज हॉस्टल भी शामिल है। मृतकों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल हैं

### हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन

### ब्लैक बॉक्स की खोज जारी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। ब्लैक बॉक्स (सीवीआर-एफडीआर) की खोज जारी है, ताकि तकनीकी डाटा और पायलट के संवाद का विश्लेषण किया जा सके। विमान के मलबे को घेरकर एरिया सील कर दिया गया है।

### 1.42 पर आया अलर्ट

डीजीसीए के अनुसार, विमान ने दोपहर 1.39 बजे उड़ान भरी और लगभग 825 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद मे डे 'MAYDAY' कॉल जारी किया। यह कॉल 1.42 बजे आया। इसके तुरंत बाद विमान का संपर्क टूट गया और वह रिहायशी इलाके में एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया।

### तीसरा सबसे बड़ा हादसा

अहमदाबाद हादसा बीते 3 दशकों का भारत का सबसे घातक विमान हादसा है। 1996 में चरखी दादरी (349 मौतें) और 1985 में एयर इंडिया फ्लाइट 182 (329 मौतें) के बाद यह देश का तीसरा सबसे बड़ा हादसा है। इससे पहले 1988 में अहमदाबाद में इसी तरह का हादसा हुआ था, जिसमें 133 यात्रियों की मौत हुई थी।

### एक-एक करोड़ का मुआवजा

एयर इंडिया का संचालन करने वाले टाटा समूह ने ऐलान किया है कि हादसे में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिवार को 1 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही घायलों के इलाज का पूरा खर्च टाटा समूह उठाएगा। अहमदाबाद के बी.जे. मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल को फिर से बनाने में भी टाटा समूह मदद करेगा। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा, कि इस कठिन समय में शब्द कम पड़ जाते हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं।

(टेक-ऑफ के महज 5 मिनिट बाद हुआ हादसा, पेज-8 पर)



# पर्यावरण संरक्षण को लेकर भारतीय मजदूर संघ हुआ सक्रिय, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरण मैहर

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए भारतीय मजदूर संघ के पर्यावरण मंचए जिला मैहर ने गुरुवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में एक व्यापक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से संघ ने मैहर क्षेत्र में तेजी से बढ़ते वायु जल और ध्वनि प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से इस संबंध में तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।ज्ञापन में कुल 12 सूत्रीय मांगें रखी गईं जिनमें वायु प्रदूषण की रोकथाम जल स्रोतों की सुरक्षा वृक्षारोपण अभियान को गति देना वनों की रक्षा सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर सख्त प्रतिबंध जल संरक्षण की ठोस व्यवस्था कचरा प्रबंधन प्रणाली में सुधार औद्योगिक इकाइयों की नियमित निगरानी और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण प्रमुख रूप से शामिल हैं।



संघ ने विशेष रूप से मैहर क्षेत्र में संचालित सीमेंट उद्योगों द्वारा पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी की जांच की मांग की है। इसके साथ ही लिलजी और तमस नदियों पर हो रहे अतिक्रमण पर चिंता जताते हुए उनकी अविरलता बनाए रखने के लिए कार्य योजना बनाने की आवश्यकता बताई गई। वहींए शहर के भीतर स्थित ऐतिहासिक तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने और संरक्षित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने का भी आग्रह किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रमुख पदाधिकारी जिला अध्यक्ष कैलाश कछवाह, जिला मंत्री मनोज शुक्ला, बीड़ी महासंघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी कंधी कोरी, बिजली महासंघ से कमल श्रीवास्तव, भवन सह निर्माण कर्मकार मंडल से विजय मिश्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट संघ से पुरुषोत्तम पटेल, केजीएस सीमेंट संघ से दिलीप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा, कार्यकारिणी सदस्य बिपुल सिंह, चंद्रावती साकेत, प्रिया शुक्ला, रमेश कुशवाहा, नरेंद्र सिंह, प्रदुम कोरी, विधिक परामर्शदाता कल्पना सिंह तथा जिला मीडिया प्रभारी प्रशांत शुक्ला उपस्थित रहे। भारतीय मजदूर संघ ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ठोस पहल नहीं कीए तो संघ जनहित में बड़े आंदोलन की राह भी अपना सकता है।

## संकाय समूह ने जुगाड़ प्रबंधन पर पुस्तक की प्रकाशित

जागरण सतना। एकेएस विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ चंदन सिंह डीन एवं एचओडी डॉ कौशिक मुखर्जी के नेतृत्व में संकाय समूह ने जुगाड़ प्रबंधन पर एक महत्वपूर्ण पुस्तक प्रकाशित की है। यह पुस्तक व्यवसाय में नवाचार और संसाधनों के कुशल उपयोग पर केंद्रित है। पुस्तक में विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने योगदान दिया हैए जिनमें डॉ सीमा द्विवेदी, डॉ प्रकाश कुमार सेन कृष्ण कुमार मिश्रा श्रीमती शीनू शुक्ला, किरण छाबड़िया,डॉ धीरेंद्र ओझा, शोधार्थी अंकित कुमार गर्ग,प्रांजल अग्रवाल, कार्तिक सोनी,शिवम कुमार त्रिपाठी शामिल हैं। प्रत्येक अध्याय जुगाड़ प्रबंधन की सीमाओं और संभावनाओं पर प्रकाश डालता है और यह बताता है कि जुगाड़ प्रबंधन से क्या संभव नहीं है। इस कार्य पर विश्वविद्यालय के चेयरमैन अनंत कुमार सोनी, कुलपति प्रो चोपड़े ने संकाय समूह को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। यह पुस्तक प्रबंधन अध्ययन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान साबित होगी और छात्रोंए शोधकर्ताओं तथा पेशेवरों के लिए मूल्यवान संसाधन होगी।

# सबको साथ लेकर आगे बढने वाले को ही बनाया जायेगा अध्यक्ष : अनिल चौधरी



## 17 जून तक जिले में चलेगा संगठन सृजन कार्यक्रम

जागरण सतना। संगठन को नया स्वरूप देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा चलाये जाने वाले संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन सतना जिले में 17 जून तक किया जायेगा। जिसमें जिला अध्यक्ष को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओ से राय मसबिरा किया जायेगा। उक्त संबंध में पत्रकारो से मुखातिब होते हुये दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रहे अनिल चौधरी ने कहा कि तानाशाही के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले और सबको साथ लेकर आगे बढने वाले व्यक्ति को ही कांग्रेस का ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनाया जायेगा। उन्होने कहा कि इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर वहां के कार्यकर्ताओ से चर्चा कर फीड बैक लिया जायेगा। उम्र को लेकर उन्होने कहा कि इसके लिए कोई सीमा निर्धारित नही है ।उन्होने कहा कि उन्हे यह कह कर दिल्ली से नही भेजा गया कि अध्यक्ष को हटाना है उन्होने कहा कि यदि मौजूद अध्यक्ष का कार्य सही है तो उन्हे पुनः बनाया जा सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व विधायक विनय सक्सेना, बबिता साकेत, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा , अमरपाटन विधायक डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह, शहर अध्यक्ष मकसूद अहमद, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी द्वय डॉ रश्मि सिंह, रामशंकर पयासी, प्रदीप समदरिया संजय पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने की मैहर नगर पालिका कार्यों की समीक्षा बैठक




जागरण सतना। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में गुरूवार को नगर पालिका कार्यालय मैहर के सभागार में नगरीय निकाय के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्यमंत्री ने नगर पालिका मैहर के लोक निर्माण, जल प्रदाय, आगामी वृक्षारोपण अभियान तथा मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा क्रियान्वित सीवर लाइन कार्य एवं वाटर सप्लाई नेटवर्क की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने नगर पालिका के उप विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीवर लाइन एवं जल आपूर्ति योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा एवं गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण किया जाए। वृक्षारोपण अभियान को जनसहभागिता से संचालित किया जाए। लोक निर्माण विभाग के कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ, हरित एवं विकसित नगरीय वातावरण प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी नगर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव साझा किये। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, नगर पालिका की अध्यक्ष गीता सोनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष शीतल ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुषमा मिश्रा सहित लोक निर्माण विभाग, जल प्रदाय विभाग एवं एमपी अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के अधिकारीगण, नगर पालिका परिषद के वार्ड पार्षदगण तथा जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# अनुविभागीय अधिकारी ने ली आवश्यक बैठक



जागरण सतना। अनुविभागीय अधिकारी रामपुर बाघेलान द्वारा तहसील कार्यालय रामपुर बघेलान में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया आयोजित बैठक में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति पर अत्याचार निवारण के मामलों पर विशेष वार्ता की गई वही पुलिस विभाग से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार में लंबित मामलों की अतिसीघ्र जानकारी मांगी गई साथ ही नगर पालिका अधिकारी से हाथ से मैला उठाने में प्रतिबंध लगने के बाद किन.किन जगहों पर ऐसे कार्य कराए जाते हैं उसकी जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया आयोजित बैठक में मुख्य रूप से अनुविभागीय अधिकारी आरएन खरे जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू सीएमओ अरुण श्रीवास्तव बीपीओ महेश शर्मा अधिवक्ता आरबी सिंह आदिम जाति कल्याण विभाग से विनोद सिंह बीएससी कमलेश कबीर अनुसूचित जाति विभाग से महेश कुमार कुंभकार रामपुर बघेलान थाने से संजय त्रिपाठी अजय भारती लक्ष्मण जन सेवक सहित अन्य लोग बैठक में उपस्थित रहे।

# ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को मिला पर्यावरण मित्र सम्मान



जागरण सतना। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें मंदाकिनी नदी के संरक्षण और स्थानीय पर्यावरण के संवर्धन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। प्रशस्ति पत्र मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी एस पी झा ने प्रो मिश्रा को प्रदत्त सम्मान पत्र में उनके प्रयासों को अत्यंत सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा कि प्रो मिश्रा को यह सम्मान प्रदान करते हुए हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। प्रो मिश्रा के कार्यों ने न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति चेतना और जागरूकता को भी प्रोत्साहित किया है। स्थानीय नागरिकों और ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने प्रो मिश्रा को मिले इस सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया है। उनके नेतृत्व में ग्रामोदय परिवार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

## राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें

जागरण सतना। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा



जागरण सतना। मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने समय-सीमा प्रकरणों की संपन्न बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कहा कि सभी अधिकारी आगामी 2-3 दिन सीएम हेल्पलाइन पर फोकस कर अपनी ग्रेडिंग में सुधार लाये और रैंकिंग में ए-ग्रेड में आने का प्रयास करें। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में सीएम हेल्पलाइन, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान, वृक्षारोपण की तैयारी, जल स्वावलंबी ग्राम, ई-ऑफिस सहित अन्य अंतरविभागीय समन्वय के विषयों पर चर्चा की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, एलडीएम गौतम शर्मा, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, डीएमओ नेहा तिवारी, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, डीपीओ राजेन्द्र बांगरे, सीईओ जनपद एमएल प्रजापति, प्रतिपाल बागरी, सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि मैहर जिला प्रदेश की ग्रेडिंग में 19वें स्थान पर है। इस माह कम शिकायतें आई है। लेकिन संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत 38 है। जल संसाधन विभाग की शिकायत निम्न गुणवत्तापूर्ण बंद की गई है। इसे एल-3 स्तर से रिओपेन कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आगामी 2-3 दिनों में सीएम हेल्पलाइन में मेहनत कर ग्रेडिंग की स्थिति सुधार ले और विभागों को ए-ग्रेड में लाये। संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत और 50 दिन से ऊपर की शिकायतों में बेटेज बढायें।

# फसल विविधीकरण पर जोर दें : कलेक्टर

## कृशि उत्पादन आयुक्त की बैठक के संबंध में तैयारियों की समीक्षा



सतना। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि शासन द्वारा खेती को लाभकारी बनाने फसल विविधीकरण पर लगातार जोर दिया जा रहा है। किसानों को आगामी फसल में धान के स्थान पर दलहन और तिलहनी फसलों तथा मोटे अनाज के लिए प्रेरित किया जाये। उन्होंने कहा कि दलहन और तिलहन फसलों की उन्नत बीज किसानों तक पहुंचायें और इनके रकबे में वृद्धि करने के आवश्यक उपाय भी करें। गुरूवार को कलेक्ट्रेट में संपन्न बैठक में रीवा में 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा ली जा रही बैठक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कृषि आदानों की समीक्षा करते हुए कहा कि खेती को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीक किसानों तक पहुंचाये। खेती के साथ-साथ किसानों को पशु पालन, मुर्गी पालन और मछली पालन से जोडकर उन्हें आर्थिक विकास का अवसर दें। विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से मिले सुझावों को भी कार्ययोजना में शामिल करें। खरीफ सीजन में किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता के लिए आवंटन और वितरण पर लगातार निगरानी रखे। पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा में उप संचालक डॉ. प्रमोद शर्मा ने बताया कि सतना जिले में 3 लाख 10 हजार गाय और 1 लाख 85 हजार भैंस की संख्या 21वीं पशु संगणना में प्राप्त हुई है। जिले में साढे पन्द्रह लाख लीटर दुग्ध का उत्पादन प्रतिदिन हो रहा है और प्रदेश में सतना जिले की रैंक 9वीं पोजीशन पर है। उन्होंने बताया कि सतना जिले के 5 विकासखण्ड में 7 चलित पशु चिकित्सा इकाई कार्यरत है। जिनके माध्यम से 10 हजार 205 पशुओं का इलाज वर्ष भर में किया गया है। मत्स्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में 44 अमृत सरोवर सहित जिले में कुल 1062 ग्रामीण तालाब है। धरती आबा अभियान के चयनित ग्राम 286 है। जिले में 24 मत्स्य समितियां क्रियाशील है। जिनमें 11 समितियों के खाते बैंक में खुले हुए है। उद्यानिकी विभाग द्वारा बताया गया कि उद्यानिकी फसलों का विस्तार 42 हजार 876 हेक्टेयर क्षेत्र में किया गया है। इसमें वृद्धि कर 58 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वृद्धि प्रस्तावित है। जिले में 7693 उद्यानिकी कृषक योजनाओं के लिए पंजीकृत किये गये हैं। सतना जिले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन के लक्ष्य 63 क विरूद्ध अब तक 36 प्रकरण स्वीकृत किये गये है।

# राज्यमंत्री ने वितरित किये पानी के टैंकर



जागरण सतना। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना से अपनी रैगांव विधानसभा के लिए ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकरों का वितरण किया। राज्यमंत्री ने कहा कि ये बहुउद्देशीय टैंकर न केवल भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे परिवारों तक राहत पहुँचाएँगे, बल्कि आगजनी जैसी आपातकालीन स्थितियों में भी बचाव कार्य के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा इन टैंकरों का उपयोग सार्वजनिक निर्माण कार्यों (जैसे सड़क निर्माण) में पानी की आपूर्ति, धूल भरी सड़कों पर छिड़काव, सामुदायिक स्वच्छता अभियानों और वृक्षारोपण कार्यक्रमों में पौधों की सिंचाई के लिए भी किया जाएगा। राज्यमंत्री ने कहा कि जब किसी घर में पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष होता है या आग लगने पर समय पर मदद नहीं पहुँच पाती। यह केवल व्यवस्था की नहीं, बल्कि हमारी संवेदना और जिम्मेदारी की भी परीक्षा होती है। हमारा प्रयास है कि राहत हर ज़रूरतमंद तक समय पर पहुंचे। आपकी समस्यायें हमारी प्राथमिकता है और आपके सुख-दुख में सहभागी बनना ही मेरा परम कर्तव्य है।

# आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण संबंधी सभी तैयारी मानसून के पहले पूरी कर लें : कलेक्टर



जागरण सतना। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले में आगामी वर्षा काल में अतिवृष्टि एवं बाढ से उत्पन्न स्थितियों में राहत एवं बचाव संबंधी सभी तैयारियों मानसून के पूर्व तक सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिये है। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में आपदा प्रबंधन एवं बाढ राहत और बचाव संबंधी तैयारियों की बैठक में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बाढ से प्रभावित क्षेत्रों एवं निचले स्थानों के जल भराव वाले संभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत एवं बचाव की पूरी तैयारी रखे। बैठक में इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, एलडीएम गौतम शर्मा, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, डीपीओ राजेन्द्र बांगरे, सीईओ जनपद एमएल प्रजापति, प्रतिपाल बागरी, सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यालय नगर परिषद रामपुर बाघेलान जिला-सतना (म.प्र.)
Office No- 07672-271336 E-mail:-cmorampurbaghelan@mpurban.gov.in
क्रमांक/1331 /न.प./ई-टेन्डर/2025 रामपुर बाघेलान दिनांक 12/06/2025
ई- निविदा आमंत्रण सूचना

नगर परिषद रामपुर बाघेलान द्वारा निर्माण कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग मे नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से ईटेण्डर के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एस.ओ. आर. दिनांक 02 अगस्त 2021 के आधार पर निविदा प्रपत्र 'अ' मे दरे आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेवसाईट http://www.mptenders.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद रामपुर बाघेलान से प्राप्त की जा सकती है। निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा ।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर न. | नाम सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि ( रू.मे) | समयावधि | निविदा फार्म का शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD_429679_1 | वार्ड क्र. 01 हनुमानगंज चौराहा रेस्ट हाउस के पास फिस पार्लर निर्माण कार्य। | 4.07 लाख + जी.एस.टी. | 4,100.00 रू. | 3 माह | 2000.00 रू. |

उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 10.06.2025 समय 10:30 से दिनांक 25.06.2025 समय 05:30 तक बेवसाइट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकेंगे। विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय में एवं वेबसाईट http://wwwmptenders.gov.in पर से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

शर्ते :-
1. निविदाकार (पैनकार्ड, टिन नंबर, ई.पी.एफ., पी.डब्लू.डी. पंजीकरण) की छायाप्रति रखनी होंगी। दरें केवल ऑनलाईन ही मान्य होगी।
2. कर संबंधी अनियमितता को विराम देने हेतु म.प्र. जी.एस.टी. पंजीकरण प्रस्तुति अनिवार्य है।
3. निविदा की शर्तो की पूर्ति के आभाव में निविदा अमान्य होगी एवं बंधनयुक्त निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी।
4. विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पास रहेगा।

(रामसखी कचेर)
अध्यक्ष
नगर परिषद रामपुर बाघेलान
जिला सतना (म.प्र.)

(अरूण कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद रामपुर बाघेलान
जिला सतना (म.प्र.)

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
वर्ष 72 अंक 255 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 13 जून, 2025
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

अगर आपके पास शक्ति है तो आप अपने गलत कार्य को भी सही साबित कर सकते हैं।
- डिजरायली

# लोकसभा चुनाव 2028 से पहले महिला आरक्षण लागू करने की तैयारी में केंद्र

## जातिगत जनगणना के बाद फौरन शुरू होगा लोकसभा की सीटों के परिसीमन का कार्य

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार 2029 के आम चुनावों से पहले लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की योजना पर काम कर रही है। यह आरक्षण लोकसभा सीटों के नए परिसीमन के आधार पर लागू किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि परिसीमन की योजना पहले से तय समय-सीमा से पहले लागू करने की तैयारी है।

सरकार ने हाल ही में घोषणा की थी कि जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। इसका पहला चरण एक अक्टूबर 2026 से शुरू होगा। इस दौरान देश के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों की गणना की जाएगी। वहीं जनगणना का दूसरा चरण एक मार्च 2027 से शुरू होगा। यह जनगणना स्वतंत्रता के बाद पहली बार जातिगत आंकड़ों को भी शामिल करेगी, जो आगे चलकर परिसीमन की आधारशिला बनेगी। अब तक माना जा रहा था कि परिसीमन की प्रक्रिया और महिलाओं के लिए आरक्षण 2034 के आम चुनावों तक ही लागू हो पाएंगे, लेकिन अब 2029 तक परिसीमन लागू करने के लिए सरकार ने काफी आक्रामक रूप से योजना पर काम शुरू कद दिया है। गौरतलब है कि सितंबर 2023 में संसद से पारित हुआ नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों के आरक्षण का प्रावधान करता है। लेकिन यह आरक्षण परिसीमन के बाद ही लागू किया जा सकता है, क्योंकि संविधान में इसी तरह की व्यवस्था की गई है।



### 848 हो जाएंगी लोकसभा की सीटें

2019 में कार्नेगी एंडॉवमेंट नामकी एक संस्था द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, यदि 2026 की अनुमानित जनसंख्या को आधार माना जाए तो परिसीमन के बाद लोकसभा की कुल सीटें 848 तक हो सकती हैं, जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश से 143 सीटें होंगी, जहां वर्तमान में 80 है। वहीं, तमिलनाडु की सीटें 39 से 49 और केरल की 20 पर स्थिर रहेंगी, जिससे दक्षिण भारत का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। पूर्वोत्तर के छोटे-छोटे राज्यों की सीटें भी नहीं बढ़ेंगी, क्योंकि इन राज्यों में भी जनसंख्या नियंत्रण पर प्रभावी तरीके से काम किया गया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों की सीटों पर भी कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में सीटें बढ़ेंगी। मध्यप्रदेश में लोकसभा की सीटें बढ़कर 46 हो सकती हैं जो फिलहाल 29 हैं।

### दक्षिण भारत के राज्यों की चिंता का किया जाएगा समाधान

सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती दक्षिणी राज्यों की उस मांग को स्वीकार करना होगा, जिसमें कहा गया है कि केवल जनसंख्या के आधार पर संसदीय सीटों का निर्धारण उन राज्यों के साथ अन्याय होगा, जिन्होंने 1970-80 के दशक में जनसंख्या नियंत्रण को प्राथमिकता दी थी। केंद्र सरकार ने इन राज्यों को आश्वासन दिया है कि उनकी चिंताओं को ध्यान में रखा जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह ने फरवरी में कोयंबटूर में कहा था कि परिसीमन के चलते दक्षिण भारत की कोई भी सीट नहीं छीनी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि विशेषज्ञों का एक दल दक्षिण भारत के राज्यों की समस्याओं के समाधान के लिए काम करेगा। वह रणनीति बनाएगा जिससे लोकसभा में दक्षिण भारत की सीटें कम नहीं होंगी।

### तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने उठाए केंद्र की मंशा पर सवाल

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2027 तक जनगणना को टालना और फिर परिसीमन कराना एक योजना का हिस्सा है जिससे तमिलनाडु की संसदीय भागीदारी घटाई जा सके। उन्होंने मांग की कि 1971 की जनगणना आधारित परिसीमन का ढांचा 2026 के बाद भी कम से कम 30 वर्षों तक लागू रहना चाहिए। उन्होंने दक्षिण भारत के साथ-साथ पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों से कहा है कि वे एकजुट होकर सरकार की योजना को विफल करें, वरना इन राज्यों का संसद में पावर कम हो जाएगा, जिससे उनकी आवाज को कोई नहीं सुनेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आरएसएस की योजना के तहत भारत के संघीय स्वरूप को बिगाड़ने की कोशिश कर रही है।

### स्टालिन की राजनीति देश को कमजोर करने वाली: भाजपा

भाजपा ने तमिलनाडु के सीएम पर जवाबी हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने कहा है कि तमिलनाडु का देश के विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता में भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। सीएम एमके स्टालिन की राजनीति देश को कमजोर करने वाली है। इसके साथ ही वे तमिलनाडु की छवि भी खराब कर रहे हैं। वे ऐसी भाषा बोलते हैं, जिससे लगता है कि तमिलनाडु देश की मुख्यधारा में शामिल नहीं है। इससे भारत के अन्य हिस्सों में राज्य की छवि खराब होती है। उन्होंने सीएम को सलाह दी कि वे महिला आरक्षण और लोकसभा की सीटों के परिसीमन पर राजनीति न करें। उन्होंने कहा कि परिसीमन जरूरी है, ताकि सांसदों का वर्कलोड कम हो और वे जनता से जुड़ सकें।

## मार्केटिंग चीफ सहित चार को हाईकोर्ट ने दी जमानत

**बेंगलुरु, जेएनएन।** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट ने आरसीबी के मार्केटिंग डायरेक्टर निखिल सोसले, सुनील मैथ्यू, किरण कुमार और शमंत माविनाकेरे को अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस एसआर कृष्णकुमार की अध्यक्षता वाली बेंच ने आरोपियों पर अपना पासपोर्ट जमा करने की शर्त लगाई और अंतरिम जमानत दे दी। बता दें कि आरसीबी के चार खिलाड़ियों ने कोर्ट में याचिका दायर कर उन्हें तुरंत रिहा करने का निवेदन किया था। उनका कहना था कि उनके खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई अवैध है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान उनके वकील संदेश चौटा ने कहा कि निखिल सोसले को सीसीबी यानी राज्य पुलिस की केंद्रीय क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। जब जांच सीआईडी को सौंपी गई है, तो सीसीबी के पास उसे गिरफ्तार करने का अधिकार ही नहीं है। उन्हें बिना कोई कारण बताए अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय मूल के श्रीनिवास चुने गए एएमए के अध्यक्ष

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) के 178 साल के इतिहास में पहली बार संगठन की कमान एक भारतीय मूल के व्यक्ति ने संभाल ली। डॉ. श्रीनिवास मुक्कमाला को अमेरिकन मेडिकल



एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। उन्हें लोग प्यार से बॉबी मुक्कमाला कहते हैं। वे एमडी होने के साथ बेहतरीन ओटोलरींगोलॉजिस्ट हैं। अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार, हयात रीजेंसी शिकागो में 10 जून की रात समारोहपूर्वक समारोह में श्रीनिवास मुक्कमाला ने 180वें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए भावुक क्षण हैं। वह इसे व्यक्त नहीं कर सकते। बस यह दिल को छू लेने वाला और विस्मयकारी अवसर है।

### ओडिशा: मवेशी तस्करी को लेकर झड़प, एक की मौत

**भुवनेश्वर, जेएनएन।** ओडिशा के भद्रक में मवेशी तस्करी को लेकर झड़प हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत होने की खबर है। झड़प के बाद उत्पन्न तनाव के मद्देनजर ओडिशा के कई हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भद्रक के पुलिस अधीक्षक मनोज राउत ने बताया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए गुरुवार सुबह छह बजे से 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित करने का फैसला लिया गया है। जिला प्रशासन ने भद्रक के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। सीएम मोहन चरण माझी ने मृतक के परिवार को 10 लाख का मुआवजा और एक परिजन को नौकरी देने की घोषणा की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। एसपी ने कहा कि भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार रात परिदा की मौत हो गई।

### पश्चिम बंगाल में मंदिर में तोड़फोड़ के बाद बवाल

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के महेशतला में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प के बाद से तनाव बढ़ गया है। स्थिति तब बिगड़ी जब कुछ लोगों ने कथित तौर पर एक शिव मंदिर में तोड़फोड़ की।

हिंसा के बाद अब इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीएनएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि अब तक इस घटना से जुड़े 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी लोगों की तलाश जारी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, कई गिरफ्तारियां की गई हैं और छापेमारी चल रही है। कथित तौर पर यह विवाद महेशतला में शिव मंदिर के सामने दुकानों के निर्माण को लेकर हुआ।

### जबलपुर में पेशाब करने से रोका तो पांच लोगों ने युवक को चाकुओं से गोदा

**जागरण, जबलपुर।** एक युवक का बदमाशों को पेशाब करने से रोकना पांच बदमाशों को इतना नागवार गुजरा कि पांच आरोपियों ने 25 साल के सागर चौधरी की देर रात चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

पुलिस ने गुरुवार सुबह सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मृतक सागर के परिजनों और स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में शव रखकर घटनास्थल के सामने धरना दे दिया। आक्रोशित लोगों का आरोप है कि हत्या की वजह शराब दुकान है। पुलिस के मुताबिक बुधवार आधी रात को चंडाल भाटा निवासी सागर चौधरी शराब दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान दो बाइक पर पांच युवक पहुंचे। इन्होंने दुकान से शराब खरीदी और सागर के पास सड़क किनारे जाकर पीने लगे। इनमें से एक युवक वहीं पेशाब करने लगा। यह देखकर सागर ने उसे टोकते हुए कहा कि यहां पर नहीं थोड़ा आगे जाकर पेशाब कर लो। इतना सुनते ही युवक ने सागर के साथ गालीगलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर उसके अन्य साथी भी वहां आ गए और विवाद बढ़ता गया।




# उच्च कीमतों वाली फसलों को प्रोत्साहित करें : कृषि उत्पादन आयुक्त

## किसानों को मूंगफली, उड़द और अरहर के उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराएं कृषि उत्पादन आयुक्त ने की सागर संभाग में कृषि आदानों की समीक्षा



**पन्ना।** कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने आज संभागीय मुख्यालय सागर में रबी 2025 की समीक्षा एवं खरीफ 2025 के कार्यक्रम निर्धारण के लिए आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में कृषि आदानों की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में उच्च कीमतों वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहित किया जाए और इसका रकबा भी बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में उद्यानिकी फसलों का रकबा कम है, इसे बढाने की आवश्यकता है। इसके लिए सागर संभाग के सभी कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कृषि विभाग के अधिकारी, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी निरंतर प्रयास करें।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि उच्च कीमत वाली फसलों और उद्यानिकी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित और जागरुक करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे इस दिशा में प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नए जनरेशन के युवा किसानों को कृषि की नई सोच और तकनीक के प्रति भी जागरुक करें। युवा किसानों का कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग और उद्यानिकी विभाग के अधिकारी सतत रूप से मार्गदर्शन करें। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि सागर संभाग में किसानों को मूंगफली, उड़द और अरहर की खेती के लिए प्रोत्साहित करें। किसानों को इन फसलों की खेती करने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन भी करें तथा किसानों को मूंगफली, उड़द और अरहर के उच्च गुणवत्ता के बीज भी समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अरहर की पूसा-16 किस्म को सागर संभाग में प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि अरहर की पूसा-16 एक अच्छी किस्म है। यह अरहर की किस्म किसानों के खेतों तक पहुंचना चाहिए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने सागर संभाग में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा कि संभाग के किसानों को हैप्पी सीडर, रोटावेटर एवं अन्य कृषि यंत्रों के संबंध में जानकारी दिलाएं तथा खेती में इनके उपयोग को प्रोत्साहित करें। उन्होंने सागर संभाग में कृषि यंत्रों की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि कार्य में कृषि यंत्रों का उपयोग प्राथमिकता के साथ कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा सागर संभाग में कृषि यंत्रों की प्रगति नगण्य होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी दो महीनों में कृषि यंत्रों का विक्रय लक्ष्य हासिल करें अन्यथा संबंधित अधिकारियों की दो-दो वेतनवृद्धियां रोकी जाएंगी। बैठक में आगामी खरीफ सीजन में किसानों को खाद और बीज वितरण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि सागर संभाग के सभी जिलों में खाद और बीज का समुचित भण्डारण करना सुनिश्चित किया जाए। किसानों को खाद और बीज की कमी न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी खाद बीज वितरण केन्द्रों में किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल, कुर्सियां, छायादार स्थान आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खाद बीज वितरण केन्द्रों में किसानों को किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण प्रीति मैथिल ने कहा कि उद्यानिकी विभाग किसानों को सतत मार्गदर्शन कर रहा है तथा प्रदेश में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में कमिश्नर सागर संभाग डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि सागर संभाग में टमाटर की अच्छी खेती होती है, किन्तु फूड प्रोसेसिंग यूनिट के अभाव में कभी-कभी किसानों के लिए टमाटर अनुपयोगी साबित होते हैं। कमिश्नर ने सुझाव दिया कि सागर संभाग में फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किया जाए। बैठक में उपस्थित कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार एवं जिपं सीईओ उमराव सिंह मरावी द्वारा भी कृषि और उद्यानिकी क्षेत्र में किए गए नवाचारों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग अनुपम राजन, प्रबंध संचालक मार्कफेड आलोक सिंह, संचालक कृषि विभाग अजय गुप्ता, सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एम. सेल्वेन्द्रन भी उपस्थित रहे।

**प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के गठन में उदासीनता पर कृषि उत्पादन आयुक्त हुए नाराज :** एपीसी अशोक वर्णवाल ने सागर संभाग में लगभग 128 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के गठन में उदासीनता और लापरवाही बरतने पर सहकारिता विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में 23 जून तक 128 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का गठन किया जाना था, जिसकी प्रगति अभी तक नगण्य है। यह स्थिति काफी निराशाजनक है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने जवाबदेह अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के गठन में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में सहकारिता विभाग के कार्यों की जिलेवार समीक्षा करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त ने निर्देश दिए कि सागर संभाग की सभी सहकारी समितियों का ऑडिट प्राथमिकता के साथ कराएं। उन्होंने कहा कि सागर और पन्ना जिले की सहकारी समितियों के ऑडिट की स्थिति ठीक नहीं है, इनमें सुधार लाया जाए।कृषि उत्पादन आयुक्त ने सहकारिता विभाग द्वारा संचालित जन औषधि केन्द्रों को और अधिक आकर्षक बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से जनमानस को उचित दरों पर दवाईयां उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा मंडी बोर्ड के कार्यों की भी जिलेवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर इसाफ बैंक द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**पवई।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आज शासकीय पॉलिटेक्निक परिसर, पवई में इसाफ बैंक द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और हरियाली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य अरविन्द कुमार त्रिपाठी, प्रोफेसर अजय गुप्ता, इसाफ बैंक के शाखा प्रबंधक सम्मान सिंह तथा बैंक का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने मिलकर संस्थान परिसर में पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्राचार्य त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और ऐसे छोटे-छोटे प्रयास भविष्य में बड़े परिणाम ला सकते हैं। वहीं प्रोफेसर अजय गुप्ता ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आग्रह किया।

इसाफ बैंक के मैनेजर सम्मान सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम बैंक की सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के अंतर्गत आयोजित किया गया है। उनका कहना था कि यदि हर व्यक्ति एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों और छात्रों ने मिलकर वृक्षों की देखभाल का संकल्प लिया। इस पहल को स्थानीय लोगों और छात्रों द्वारा सराहना प्राप्त हुई।

# बाल श्रमिकों की पहचान एवं पुनर्वास के संबंध में हुई कार्यशाला

**पन्ना।** श्रम विभाग द्वारा गुरूवार को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कलेक्ट्रेट में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम 1986 अंतर्गत बाल एवं कुमार श्रमिकों की पहचान तथा विमुक्ति एवं पुनर्वास के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। जिला टॉस्क फोर्स की कार्यशाला में बाल श्रम अंतर्गत विभिन्न प्रावधान, धारा 14 बाल श्रम नियोजन के दण्डात्मक प्रावधान, बाल श्रम उन्मूलन के लिए शासन स्तर के प्रयासों सहित पेंसिल पोर्टल के माध्यम से बाल श्रमिकों संबंधी जानकारी व शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही अन्य आवश्यक कार्रवाई, विमुक्ति उपरांत कार्य सहित विभिन्न आयु वर्ग अनुसार विमुक्त कराए गए बच्चों के शैक्षणिक पुनर्वास के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में बाल एवं कुमार श्रमिकों के आर्थिक पुनर्वास और तात्कालिक सहायता पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके उपरांत कलेक्टर कार्यालय से अजयगढ़ चौराहा तक जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित नोडल अधिकारी वेदमणि दहिया, श्रम निरीक्षक मंजूषा त्रिपाठी एवं भूपेन्द्र बंजारे व स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## दो लाख रूपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत

**पन्ना।** कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त सुरेश कुमार ने एक प्रकरण में मृतक राजू कोंदर निवासी ग्राम कुड़ार तहसील पन्ना की मृत्यु पर मृतक के पिता धन्नू कोंदर को प्रतिकर राशि के रूप में दो लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। अजयगढ़ तहसील अंतर्गत राजू कोंदर की ग्राम अरामगंज पुलिया के पास 18 अप्रैल 2024 को वाहन द्वारा टक्कर मारकर भागने की मोटरयान दुर्घटना में 19 अप्रैल को मृत्यु हो गई थी।

## कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत केंद्रीय पर्यवेक्षक का 14 जून को पन्ना आगमन

**पन्ना।** जिला कांग्रेस पन्ना के लिए ए.आई.सी.सी.से नियुक्त पर्यवेक्षक महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक सुभाष राव जी जनक 14 जून को पन्ना बैठक लेने पहुंच रहे हैं उनके साथ सह्योगी प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एन.पी.प्रजापति तथा प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सईद अहमद भी पहुंच हैं। उक्त जानकारी पन्ना जिला कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा प्राप्त हुई है।

## फलदार पौधों का किया रोपण

**पन्ना ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय पन्ना शहरी द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत एक पेड़ बेटी के नाम गतिविधि का आयोजन कर शहर के श्री रामजानकी मंदिर के निकट फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित पर्यवेक्षक अंजली गुप्ता, अमित नायक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व हितग्राही भी उपस्थित रहे।

# वन स्टॉप सेंटर की मदद से मुस्कुराहट में बदले आंसू

**पन्ना।** वन स्टॉप सेंटर पन्ना विपत्तिग्रस्त महिलाओं की आवश्यक मदद एवं पुनर्वास के लिए निरंतर प्रयासरत है। सखी केन्द्र के माध्यम से महिलाओं को संबल मिलने के साथ ही भावी जीवन की सुखद राह भी सुनिश्चित होती है। विगत समय में सेंटर में उपस्थित हुई एक महिला गीता (परिवर्तित नाम) के जीवन में भी सखी केन्द्र की सहायता से बदलाव आया है। गीता ने वन स्टॉप सेंटर में अपनी आप बीती जाहिर करते हुए बताया कि उसका पति शराब बहुत पीता है एवं मारपीट व गाली गलौच भी करता है। गीता ने बताया कि उसकी दो बेटियां हैं। पति द्वारा पुत्र की चाह में बेटियों से भी मारपीट की जाती थी। साथ ही आवश्यक खर्चों के लिए भी परेशान होना पड़ता था। इस घटनाक्रम की जानकारी पर वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिला से आवश्यक चर्चा एवं पता प्राप्त कर उसके पति से संपर्क किया गया तथा वन स्टॉप सेंटर में बुलाकर दोनों की काउंसलिंग कर पति को परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत करने की समझाईश दी गई। इससे यह फर्क आया कि पति ने धीरे-धीरे शराब बंद कर दी और महिला अपने पति व दोनों बेटियों के साथ अब खुशी-खुशी रह रही है। विपत्तिग्रस्त महिला का छः माह तक फॉलोअप भी किया गया। पारिवारिक जीवन में खुशहाली आने और नई जिंदगी की शुरूआत पर गीता ने वन स्टॉप सेंटर को धन्यवाद दिया।

# श्री जुगल किशोर लोक निर्माण के संबंध में योजना संशोधन हेतु पन्ना विधायक के नाम ज्ञापन सौंपा

**पन्ना।** पूर्व घोषित योजना जुगल किशोर लोक निर्माण को लेकर व्यापारियों में असंतोष उस असंतोष को लेकर उनके द्वारा बैठक की गई बैठक में व्यापारियों ने निर्णय लिया कि पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह से मिलकर चर्चा कर उनको ज्ञापन दिया जाए तद अनुसार व्यापारियों द्वारा ज्ञापन में निम्न मांग की गई कि रोड 13 मीटर चौड़ी करने के स्थान पर 9 मीटर चौड़ी की जाए गरीबों को मुआवजा दिया जाए जो रोड पंचम सिंह चौराहा से बड़े बाजार को जाती है। उस रोड को नौ मीटर की जाये।

उक्त ज्ञापन निम्न सदस्यों द्वारा दिया गया व्यापार मंडल अध्यक्ष अनूप मोदी मयंक शर्मा दीपक गुप्ता इकबाल मोहम्मद ओमप्रकाश लखेरा इस्माइल हसन मोहम्मद, निखिल कुमार आदि व्यापारियों ने हस्ताक्षर ज्ञापन पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह को सौंप कर चर्चा की।

# लाड़ली बहनों को मासिक सहायता राशि की किस्त का अंतरण आज

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुक्रवार, 13 जून को जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से संबल हितग्राहियों को योजना की राशि के सिंगल क्लिक से अंतरण के साथ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की महिला हितग्राहियों को भी वर्तमान जून माह की आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण भी होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने इस संबंध में समस्त परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

# आउटरीच प्रोग्राम में पूर्व सैनिकों की समस्याओं का किया निराकरण

**पन्ना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय छतरपुर एवं अभिलेख कार्यालय जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स के सहयोग से गुरूवार को पन्ना जिले के अमानगंज में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण तथा दस्तावेजों में सुधार के लिए आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैप्टन राजेश कुमार, सूबेदार के.के. पंडित एवं हवलदार संदीप सहित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर रामविशाल यादव, कल्याण संयोजक राकेश कुमार त्रिपाठी एवं लक्ष्वेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। अभिलेख कार्यालय द्वारा कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों सहित सैनिक विधवाओं की पेंशन, पीपीओ, नाम एवं जन्म तिथि सुधार इत्यादि की समस्याएं निराकृत की गई।

# एमपीयूडीसी मध्यप्रदेश शहरी कपंनी लिमिटेड की समीक्षा बैठक संपन्न



**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में नगर परिषद एवं एमपीयूडीसी मध्यप्रदेश शहरी कपंनी लिमिटेड की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें कलेक्टर ने सीवर लाइन की प्रगति कार्यों की समीक्षा की, सीवर लाइन से आने वाली समस्याएं एवं शहर में खोदे गए गली, मोहल्ले एवं सडक एवं टूटी नाली, बंद, ओवरफ्लो सीवर लाइन को 15 जून 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने एमपीयूडीसी डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर जबलपुर अभय कुमार जैन को अधूरी पडी सीवर लाइन को पूर्ण करने के साथ-साथ पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, कस्तूरबा विद्यालय से भारत माता चौक रोड, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय से मुख्य मार्ग तक, नर्मदागंज मोहल्ला में सीवरलाइन के ओवरफ्लो टैंक, सड़क मरम्मत, बंधान टोला पुरानी डिंडौरी, झुरकी टोला पुरानी डिंडौरी, वार्ड क्रमांक 1 सुब्खार इमली कुटी में सीवर लाइन के द्वारा खोदे गए गड्ढे, नाली, सडक को 15 जून बरसात के पूर्व मरम्मत व सीवर लाइन कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पडे। समय-सीमा में कार्य पूर्ण न करने पर ठेकेदार, इंजीनियर, विभागीय अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस ने शहर में सीवर लाइन को पूर्ण करने एवं खोदी गई सीवर लाइन को समय पर ठीक करें ताकि पालतू जानवरों, आमजनों को किसी प्रकार की समस्या न हो। संबंधित विभागीय सबइंजीनियर से हंस नगर, साकेत नगर का भी स्टीमेट तैयार कर सीवर लाइन तैयार की जाए। पार्षद श्री रीतेश जैन, श्री भागीरथ उरैती, रजनीश राय, संदीप कांसकार, श्रीमती सारिका नायक, श्री ज्योतिरादित्य भलावी ने सीवर लाइन की समस्या रखी जिस पर कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी को अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, पार्षद श्रीमती स्मिता अजय बर्मन, शिवराज बघेल, गोर्वधन सरैया, मंयक कुमार दाहिया प्रशासन से एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एमपीयूडीसी मध्यप्रदेश शहरी कपंनी लिमिटेड डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर अभय कुमार जैन, जे.के.राव, जेएम रमानी, सोमेश सिकरवार, ठेकेदार सुमित दौलत, भूवेश रमानी, अमित तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार, श्रीमती मंजू तिवारी, राकेश झारिया, वीरेन्द्र बिहारी शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यशाला एवं रैली का आयोजन किया गया

**पन्ना।** श्रम विभाग द्वारा गुरूवार, 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर कार्यशाला एवं रैली का आयोजन किया गया। बाल श्रम से संबंधित कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 4 बजे से आयोजित हुई। इसके उपरांत प्रचार-प्रसार रैली कलेक्टर कार्यालय से अजयगढ़ चौराहा तक निकाली गई। बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन की नोडल अधिकारी वेदमणि दहिया द्वारा इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## नाम सुधार सूचना

मै अजीत पाण्डेय पिता राकेश पाण्डेय उम्र 44 वर्ष पेशा-नौकरी निवासी वार्ड नं.-15 नियर सिद्धू डेयरी समान रीवा का हूं। शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश अवनी पाण्डेय दर्ज हो गया है जो गलत है, जबकि वास्तविक नाम सान्विका (Sanvika) पाण्डेय पिता अजीत पाण्डेय है। अतः मेरी पुत्री का नाम मेरी पुत्री के जन्मप्रमाण पत्र में अवनी पाण्डेय की जगह सान्विका (Sanvika) पाण्डेय दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN-82279

अजीत पाण्डेय

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# थाना नौगांव पुलिस ने ग्राम बिलहरी में हत्या के मुख्य आरोपी प्रवीण पटेरिया को किया गिरफ्तार

**नौगांव।** दिनांक 8 जून को थाना नौगांव क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में विवाद एवं गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम मौके पर पहुंची घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक चिकित्सालय नौगांव लाया गया, पुलिस की मौजूदगी में रेफर होने पर जिला चिकित्सालय छतरपुर पहुंचाया गया। घटनास्थल से एकत्रित साक्ष्य एवं परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर थाना नौगांव में भारतीय न्याय संहिता की हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं एवं एससी एसटी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी फरार हो गए थे जिनकी तलाश निरंतर की जा रही थी। पीड़ित को जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया था झांसी के पास मृत्यु हो जाने पर मृतक पंकज प्रजापति को वापस नौगांव लाया गया। उक्त पंजीबद्ध प्रकरण में हत्या की धारा की बढ़ोत्तरी की गई। एक्सरे एवं नियमित समय अनुसार पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। गठित 5 पुलिस टीमों द्वारा आरोपियों की जिला महोबा, बमीठा, पन्ना तरफ, जबलपुर सहित हर संभावित स्थानों में दबिश देकर तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा 2 दिन के अंदर उक्त घटना के मुख्य आरोपी प्रवीण पटेरिया पिता रामनारायण पटेरिया निवासी ग्राम बिलहरी थाना नौगांव को गिरफ्तार किया गया।

# मंडला में दिनदहाड़े लड़की का अपहरण

**जागरण मंडला।** मध्य प्रदेश के मण्डला जिले में दिनदहाड़े एक लड़की का अपहरण कर लिया गया। दो लड़कों ने एक लड़की को जबरन बाइक पर बैठाया और भाग गए। अब इस घटनाक्रम की शिकायत परिजन और अन्य लोगों द्वारा मण्डला कोतवाली में की गई है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। दिनदहाड़े रिहायशी इलाके कटरा से एक कम्पूटर संस्थान क़े पास से बाइक सवार दो लोगो ने लड़की का अपहरण कर लिया। दरअसल सारा घटना क्रम कटरा क़े कम्पूटर संस्थान क़े सामने का है। जहां लड़की का सामान उसके घर से आया था जिसे लेने वह एक और लड़की क़े साथ बाहर आती है। उसे पहले से ताक रहे बाइक सवार दो लोगों ने जबरन बाइक पर बैठा लिया और ले गए। इस सारे घटना क्रम को साथ रही लड़की ने देखा और अन्य लोगों को जानकारी दी।

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं:** झाँसी/जीएसयु/पी.एस.आई.-2025-06 **दिनांक:** 10.06.2025

### ई टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य विद्युत इंजीनियर गति शक्ति यूनिट झांसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम:** झाँसी/जीएसयु/पी.एस.आई.-2025-06, उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के चिरगांव स्टेशन पर 25 केवी, 50 हट्र्ज एसी, मौजूदा/नए एसपी का संशोधन/डिजाइन, आपूर्ति, आपूर्ति, स्थापना, टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य। **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 18147276.15

**अमानत राशि (रू.):** ₹ 240700.00 **निविदा बन्द होने की तिथि:** 07.07.2025

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह।

- निविदा **दिनांक 07.07.2025** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें।

1013/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
## संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

प्रथम तल, टैगोर छात्रावास, क्रमांक-T2, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

### संशोधित समय सारणी
### ऑनलाइन काउंसलिंग, सत्र 2025-26 (C-17)

प्रबंधन में स्नातक - बीबीए, बीएमएस, बीबीएम... (पूर्णकालिक 3/4 वर्षीय) एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक - बीसीए (पूर्णकालिक 3/4 वर्षीय) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु (मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान में)

**प्रथम चरण**

सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित

| गतिविधियां | पूर्व निर्धारित तिथि/समय | संशोधित तिथि/समय |
|---|---|---|
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 16.06.2025 से 01.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 22.06.2025 से 01.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 20.06.2025 से 05.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 25.06.2025 से 05.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |

शेष कार्यक्रम यथावत् रहेगा। संशोधन उपरांत समस्त चरणों का काउंसलिंग कार्यक्रम वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

- संपर्क:-0755-6720205, 2660441 ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/120603/2025

संचालक

# दोबारा उसी थाने में पदस्थ नहीं होंगे पुलिसकर्मी

जागरण पुलिस

## पुलिस मुख्यालय भोपाल ने पदस्थापना को लेकर जारी किए आदेश

### 16 जून तक जिलों से भोपाल मांगी गई रिपोर्ट




जागरण, सीधी

प्रदेश में पुलिस व्यवस्था को प्रभावित, पारदर्शी और जनता केन्द्रित बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय भोपाल ने सभी जिलों के थानों में पदस्थ कर्मचारियों की पदस्थापना को लेकर अहम निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देश में सबसे अहम यह है कि किसी अधिकारी/कर्मचारी को एक बार स्थानांतरण के बाद उसी थाने में पुनः पदस्थ नहीं किया जाएगा। यदि किसी कर्मचारी को विशेष परिस्थिति में पुराने थाने में पदस्थ करना है तो पुलिस मुख्यालय की पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी थानों में आरक्षक से उप निरीक्षक स्तर तक के कर्मचारियों की पदस्थापना की समय-सीमा और शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए। आदेश में सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों से यह भी कहा गया है कि वे अपने जिले के प्रत्येक थाने में आरक्षक से उप निरीक्षक तक की पदस्थापना की समीक्षा कर 16 जून 2025 तक रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से सहायक पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक को भेजें। इस निर्णय को पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली को अधिकृत जवाबदेह और पारदर्शी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इससे पुलिस कर्मियों की जवाबदेही बढ़ेगी और जनता की शिकायतों की संभावना भी कम होगी। थाना स्तर पर पुलिस की कार्यप्रणाली प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी हो इसके लिए आवश्यक है कि लंबी अवधि से थानों में पदस्थ कर्मचारियों को समय-समय पर स्थानांतरित किया जाए। इससे न केवल अधिकारी/कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी बल्कि जनता में शिकायत की संभावना भी कम होगी। पूर्व में पुलिस मुख्यालय के संदर्भित परिपत्रों द्वारा थानों में आरक्षक से उप निरीक्षक स्तर के कर्मचारियों/अधिकारियों की पदस्थापना अवधि के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे। कतिपय इकाइयों द्वारा उक्त निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा था। जिसको गंभीरता से लेते हुए पुनः नए निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय का उक्त निर्देश आते ही पुलिस कर्मियों में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। इस निर्देश को फिलहाल इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है कि यदि एक बार संबंधित पुलिस कर्मी का किसी थाना से स्थानांतरण होगा तो उसको दोबारा उसी थाना में पदस्थ होने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। यह दीगर बात है कि यदि पुलिस मुख्यालय भोपाल से पूर्व अनुमति लेकर दोबारा संबंधित पुलिस कर्मी की पदस्थापना उसी थाने में की जा सकती है। फिर भी यह माना जा रहा है कि पुलिस मुख्यालय का यह आदेश कुछ समय तक तो प्रचलन में रहेगा बाद में इसको भी पुराने आदेशों की तर्ज पर किनारे कर दिया जाएगा। इसी वजह से पुलिस मुख्यालय के इस आदेश को लेकर विभाग में ही तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि इस तरह के आदेश पूर्व में भी पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी थे। फिर भी जिले के अंदर उक्त आदेशों का क्रियान्वयन वरिष्ठ अधिकारी आवश्यकता के अनुसार करते हैं। इसी वजह से कुछ पुलिसकर्मी थाने से स्थानांतरित होते हैं और कुछ महीने बाद ही उनकी पदस्थापना दोबारा उसी थाना में हो जाती है। पुलिस मुख्यालय द्वारा पदस्थापना पर 16 जून तक जानकारी मांगी गई है।

### पुलिस मुख्यालय के नए निर्देश

पुलिस मुख्यालय भोपाल के विशेष महानिदेशक (प्रशासक) आदर्श कटियार द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि-

- किसी एक थाने में किसी भी कर्मचारी की एक पद पर पदस्थापना सामान्यतः चार वर्ष तथा अधिकतम 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
- किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को उपरोक्त अवधि की पदस्थापना पूर्ण होने के उपरांत पुनः उस पद पर उसी थाने में पदस्थ नहीं किया जाएगा।
- किसी भी कर्मचारी की पृथक पदों पर किसी एक थाने में पुनः पदस्थापना में कम से कम तीन वर्षों का अंतराल अवश्य रखा जावे।
- आरक्षक से उप निरीक्षक के पद पर किसी भी कर्मचारी की एक ही अनुविभाग में विभिन्न पदों पर कुल पदस्थापना अवधि 10 वर्ष से अधिक नहीं होगी। उपरोक्त सेवाकाल में स्थानांतरण के साथ-साथ अटैचमेंट की समयावधि भी शामिल रहेगी।

# बांग्लादेश निवासी को बिना वैध वीजा, पासपोर्ट के पाये जाने पर न्यायालय ने सुनाई सजा

जागरण, सीधी। बांग्लादेश निवासी को बिना वैध वीजा एवं पासपोर्ट के सीधी जिले में पाये जाने पर न्यायालय ने 1 वर्ष की सजा सुनाई। बताया गया कि दिनांक 23 अगस्त 2024 को सरकार ढ़ाबे के मालिक द्वारा सूचना दी गई कि अनजान व्यक्ति उसके ढ़ाबे में खाना लेने आया है जो यहां की भाषा से बात नहीं कर रहा है। उक्त सूचना पर उपनिरीक्षक विशाल शर्मा सरकार ढ़ाबा पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति से पूंछताछ की गई एवं उससे उसके वैध परिचय पत्र प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, जिसके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया तथा यहां की भाषा भी नहीं बोल पा रहा था जिसे थाना लाकर एक बंगाली डाक्टर को बुलाकर संदिग्ध व्यक्ति से पूंछताछ की गई जो अपना नाम रहुल अमीन ढाली पिता समद ढाली, उम्र 38 वर्ष निवासी बांग्लादेश का होना बताया। अभियुक्त से बंगाली ट्रांसलेटर को साथ लाकर पूंछताछ की गई तथा उसका भारत में आने व रूकने के संबंध में वीजा, पासपोर्ट मांगा गया तो उसके पास कोई वैध वीजा, पासपोर्ट, परिचय पत्र प्रस्तुत नहीं किया। जिस पर से अभियुक्त रहुल अमीन ढाली के विरुद्ध थाना जमोड़ी सीधी में अपराध क्रमांक 526/2024 के अंतर्गत धारा 12 पासपोर्ट अधिनियम 1967 एवं धारा 14, 14 ए विदेशियों विषयक अधिनियम 1946 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। अभियुक्त सीधी जिले के थाना जमोड़ी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पड़रा सरकार ढाबे पर विदेश बांग्लादेश के निवासी/नागरिक होते हुए बिना वैध प्रभावशील परमिट एवं वीजा के भारत देश के मध्य प्रदेश राज्य के सीधी जिले में स्थित ग्राम पड़रा में सरकार ढाबे में मौजूद पाया गया था। प्रकरण से संबंधित अनुसंधान कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन प्र.क्र.1019/2024 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री आसिता मिश्रा के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त रहुल अमीन ढाली तनय समद ढाली उम्र 38 वर्ष निवासी चरूधनकटी, पोस्ट कनेकर बजाय, जिला शरियतपुर, बांग्लादेश को धारा 14(ग) विदेशियों विषयक अधिनियम में 1 वर्ष के साधारण कारावास से तथा 100 रुपये एक सौ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड की राशि के व्यतिक्रम पर अभियुक्त को पृथक से 7 दिवस का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगताये जाने का दण्डादेश पारित किया गया।

# विवेक सिंह रक्त दान कर बने जीवन रक्षक: पंकज


जागरण, सीधी। जिला चिकित्सालय कैंपस में संचालित ब्लड बैंक इन दिनो कंगाली के दौर से गुजर रहा है। विगत दिवस भी ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिला, बताया गया कि ऑपरेशन थियेटर के बाहर लेटी पीड़िता के परिजनो को जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने बताया कि पीड़िता का त्वरित रूप से ऑपरेशन करना पड़ेगा। मरीज के परिजन काफी मशक्कत के बाद भी उक्त रक्त ग्रुप उपलब्ध नही करा सकें। वहीं शोसल मीडिया पर मदद की अपील पर महज दस मिनट के अंदर युवा नेता ब्लड बैंक पहुँचकर अपरचित मरीज हेतु रक्त दान कर जीवन रक्षक बनें। पंकज पाण्डेय ने बताया कि सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला मरीज गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिये रेफर की जाती है। जहां चिकित्सकों ने त्वरित रूप से ऑपरेशन करने एवं एबी पॉजटिव रक्त की एक युनिट उपलब्ध कराने की बात कही। किन्तु उक्त ब्लड ग्रुप का ब्लड न तो ब्लड बैंक में ही मिला न ही मरीज के परिजनो से मैच हुआ। ऐसे में परिजनो के ऑखो के सामने चारो ओर अंधेरा छाने लगा। उक्त परिस्थिती में मरीज के जीवन रक्षा हेतु परिजनो द्वारा शोसल मीडिया पर मद्द की गुहार लगाई गयी।

# कॉलेज में अतिथि विद्वान की गुंडागर्दी का वीडियो वॉयरल

## महिला अतिथि विद्वान की जबरन दर्ज कराना चाहते थे ओएल

### एडी उच्च शिक्षा व प्राचार्य से नियमित कर्मचारी ने की शिकायत

जागरण, सीधी



शासकीय महाविद्यालय खड्डी में पदस्थ अतिथि विद्वान की गुंडागर्दी का वीडियो वॉयरल हुआ है। इस वॉयरल वीडियो को ही लेकर पीड़ित कॉलेज स्टॉफ ने शिकायत भी संबंधित थाना सहित प्राचार्य व क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा से की है। उन्होंने शिकायती आवेदन में अतिथि विद्वान के द्वारा धमकाए जाने की बात कहते हुए अपनी जान को खतरा बताया है। जानकारी के मुताबिक यह वॉयरल वीडियो 10 जून मंगलवार का है। इस संबंध में प्राचार्य व एडी उच्च शिक्षा को की गई शिकायत में शासकीय कॉलेज खड्डी जिला सीधी में पदस्थ नियमित कर्मचारी प्रयोगशाला परिचारक सुखसेन सुटिया ने बताया है कि 10 जून 2025 को समय सुबह 11:23 बजे कॉलेज में ही कार्यरत महिला अतिथि विद्वान पुष्पा कुमारी यादव जो कि दिनांक 4 जून 2025 से 6 जून 2025 तक बिना सूचना के अवकाश पर थी और अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित थी। जब महाविद्यालय में वह आई तो नियमानुसार मेरे द्वारा अग्रिम कार्यवाही एवं रिकार्ड संधारित करने हेतु छुट्टी के लिए आवेदन पत्र मांगा गया था लेकिन उनके द्वारा आवेदन पत्र की जानकारी नहीं दी गई बल्कि इसकी सूचना उन्होंनें फोन लगाकर डॉ. अजय सिंह गहरवार अतिथि विद्वान अर्थशास्त्र को दी। जिसके बाद डॉ. अजय सिंह गहरवार द्वारा मेरे साथ अभद्रता करते हुए एवं धमकी भरे शब्दों में यह कहा गया कि तुम किस हैसियत से उनसे छुट्टी का आवेदन मांग रहे हो। साथ ही मेरे तरफ उगली करते हुये समस्त स्टॉफ के सामने मुझे धमकाया गया। जिससे मेरी भावनायें आहत हुई है एवं मेरे छवि की व्यक्तिगत हानि हुई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी अतिथि विद्वान अजय सिंह गहरवार द्वारा जबरन बहस की जा चुकी है और धमकाया जा चुका है। उन्होंने बताया है कि वह विगत 28 वर्षों से सेवा में है और आज तक उनके साथ ऐसा व्यवहार किसी ने नहीं किया। बताया गया कि मामला शासन के नियमानुसार मिलने वाली ओएल का है, अतिथि विद्वान महिला अतिथि विद्वान के अवकाश में ओएल दर्ज कराना चाहते थे लेकिन नियमित कर्मचारी के अनुसार वह नियमानुसार पहले ही ओएल का उपभोग कर चुकी हैं।

### परिचारक ने जान को बताया खतरा

शिकायत में प्रयोगशाला परिचारक सुखसेन सुटिया ने बताया है कि वह शासकीय कॉलेज खड्डी में कार्यालयीन कार्य करने के लिए शासन के आदेशानुसार नियमित कर्मचारी हैं एवं डिप्लामेंट दिनांक 22 अगस्त 2023 से अर्थात लगभग विगत दो वर्षों से निरंतर कार्यरत हैं। वह सीधी से खड्डी रोज अपडाउन करते हैं। डॉ. अजय सिंह गहरवार का गांव खड्डी के नजदीक घोघी है। स्थानीय होने के कारण मेरे साथ कभी भी मारपीट कर सकते है। जिससे मेरी जान को खतरा है।

### वॉयरल हो रहा धमकाने का वीडियो

बता दें कि इस शिकायत से संबंधित घटना क्रम का वीडियो भी वॉयरल हुआ है। इस वॉयरल वीडियो में भी अतिथि विद्वान डॉ. अजय सिंह गहरवार नियमित कर्मचारी को उंगली दिखाकर धमकाते जैसे दिख रहे हैं। चर्चा है कि अजय सिंह गहरवार के संबंध में कई शिकायते पूर्व में भी हो चुकी हैं लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले को दबा दिया जाता है।

# संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 16 से

जागरण, सीधी। तहसील रामपुर नैकिन अंतर्गत नौढ़िया नाथ मंदिर कंधवार में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन 16 जून से 24 जून तक किया जाएगा। कथाव्यास राष्ट्रीय प्रवक्ता वैष्णवाचार्य डॉ. आदिकेशव रामानुज दास जी महराज जगन्नाथपुरी के मुखारबिंदों से कथा की रसवर्षा होगी। यज्ञाचार्य पं. सतीष पाण्डेय जी महराज ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र विशेषज्ञ अयोध्या धाम रहेंगे। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन में 16 जून को कलश यात्रा, 17 जून को भागवत महात्म्य कथा, 18 जून को ध्रुव चरित्र, 19 जून को प्रहलाद चरित्र, वामन जन्मोत्सव, 20 जून को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 21 जून को बाल लीला गोवर्धन पूजा, 22 जून को श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह, 23 जून को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, हवन एवं 24 जून को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। उक्त धार्मिक कार्यक्रम में लोगों से ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं से अपनी सहभागिता प्रदर्शित करने की अपेक्षा की गई है।

# रेत का अवैध परिवहन करते मिनी ट्रक जब्त



सीधी। जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा ने जानकारी देकर बताया है कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के कुशल निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोपदबनास के मार्गदर्शन में प्राप्त शिकायत की पुष्टि के लिए ग्राम-पड़री का संयुक्त निरीक्षण प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा) सीधी एवं नायब तहसीलदार गोपदबनास द्वारा गुरुवार 12 जून को सुबह 4:30 बजे किया गया। मौका निरीक्षण अनुसार ग्राम-पड़खुरी, तहसील-गोपदबनास में ग्राम पड़री तरफसे रेत लोड कर बिना नंबर का वाहन टाटा 407 दिखाई दिया जिसे जांच के लिए रोका गया। वाहन चालक शिवम यादव पिता शिवबालक यादव निवासी गांधीग्राम तहसील-गोपदबनास जिला सीधी से खनिज रेत परिवहन सम्बन्धी अभिलेख नहीं पाए जाने पर म.प्र. खनिज (अवैध खनन परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत मौके से वाहन चालक के कब्जे से उक्त बिना नंबर टाटा 407 को जब्त किया जाकर सुरक्षार्थ थाना कोतवाली परिसर में खड़ा कराया जाकर अवैध परिवहन का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में शिवशंकर सिंह, तेजबहादुर सिंह, नंदीलाल रावत, अनिल पाठक व शंकर यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिला अस्पताल की एम्बुलेंसों में लगी आग



जागरण, सीधी। जिला अस्पताल में आज शाम आक्सीजन प्लांट के समीप आग की चपेट में दो एम्बुलेंशों के आने से हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही तत्काल नगर पालिका का फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल परिसर में आक्सीजन प्लांट के समीप कुछ बिगड़ी हालत में एम्बुलेंश खड़ी हुई थीं। शाम करीब 5:30 बजे अचानक एक एम्बुलेंश से आग की तेज लपटें तथा धुआं निकलना शुरू हो गया। यह जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एसबी खरे स्वयं मौके पर पहुंचे और फायर बिग्रेड से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू हुआ। करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। बताते चलें कि कुछ माह पूर्व ही जिला अस्पताल परिसर से लगे पुराने सीएमएचओ कार्यालय के पीछे खड़ी कण्डम एम्बुलेंशों में आग लगने की घटना रात में सामने आयी थी। उस दौरान यह माना गया कि रात में किसी नशेड़ी द्वारा बीड़ी या सिंगरेट फेंकने से आग लगने की घटना हुई थी। इससे पूर्व भी पुरानी एम्बुलेंशों में आग लगने की घटनाएं सामने आती रही हैं। आज जिस स्थान पर बिगड़ी एम्बुलेंशों को खड़ा किया गया था वहां से बिजली का तार भी गुजरता है। फिर भी लापरवाही पूर्वक आक्सीजन प्लांट के समीप ऐसे जोखिम भरे स्थान में पुरानी एम्बुलेंशों को खड़ा किया गया था। जिला अस्पताल की बिगड़ी एम्बुलेंशों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पुरानी एम्बुलेंशों की सुरक्षा को लेकर कोई माकूल इंतजाम नहीं किये जा रहे हैं। पुरानी कण्डम एम्बुलेंशों की नीलामी की स्वीकृति न मिलने के कारण अस्पताल परिसर में पुराने सीएमएचओ कार्यालय के पीछे दर्जनों एम्बुलेंश खड़ी हुई हैं। नीलामी न होने के कारण अधिकांश एम्बुलेंश पूरी तरह से कण्डम हो चुकी हैं।

# वैष्णवी गार्डन में प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जागरण, सीधी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि तक के अंतर्गत आयोजित किया जा रहे विभिन्न प्रकार के संगठनात्मक कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रोफेशनल मीट स्थानीय वैष्णवी गार्डन के विशाल सभागार में भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष कांति देव सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य और भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रोफेशनल मीट को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश उपाध्यक्ष कांति देव सिंह ने कहा कि विकसित भारत के लिए मोदी सरकार समर्पित है। आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। विगत 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प बनाया, सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। नया भारत नए विश्वास के साथ विश्व पटल पर खड़ा हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। मोदी सरकार की हर योजना के केंद्र में जनकल्याण और आम नागरिकों के जीवन को आसान करने के साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भी दृढ़ इच्छा शक्ति कार्य कर रही है। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षित की, अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचा है।

# पुलिस महानिरीक्षक से मिली पीड़िता विधवा महिला

## आईजी ने पूरे मामले की जांच के लिए एसपी को दिये निर्देश

### आईजी ने दिया दोषियों पर कार्यवाही का आश्वासन

जागरण, सीधी। जिले के थाना रामपुर नैकिन के अन्तर्गत ग्राम कपुरी कोठार की विधवा महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने एवं उसके साथ मारपीट करने वाले आरोपियों पर पुलिस द्वारा कार्यवाही ना किये जाने की शिकायत लेकर विगत दिनों पीड़िता बेबा अर्चना मिश्र पुलिस महानिरीक्षक रीवा से मिल कर सभी आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की। पीड़िता ने पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी आईजी को दी। जिस पर आईजी ने पुलिस अधीक्षक सीधी को पूरे मामले की जांच कर सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीड़िता बेबा अर्चना मिश्र ने बताया कि मैं अपनी न्याय की फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से मिल चुकी हूं। जिस पर थाना प्रभारी रामपुर नैकिन को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये थे। किन्तु पुलिस द्वारा कार्यवाही के नाम पर महज औपचारिकता की जा रही है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी रामबिहारी पाण्डेय काफी दिनों से मुझे गंदी नजर से देखता था और मुझको अश्लील गाली देता था। जबकि रामबिहारी पाण्डेय को ना तो मैं पहचानती थी और नहीं उनसे कोई वास्ता था। 17 मई को रात 8 बजे जब मैं मंदिर गई तो मुझे अश्लील गाली देने लगाए जब मैं विरोध की तो अपने साथी अनुरूद्ध मिश्र, बसंत द्विवेदी, सीताराम पाण्डेय, हनुमान प्रसाद मिश्र के साथ मिलकर मेरे साथ मारपीट की। जिसकी रिपोर्ट मेरे द्वारा पुलिस चौकी पिपरांव में दर्ज कराई पर पुलिस ने सभी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने बताया कि जब तक सभी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होती तब तक मैं चुप नहीं बैठूंगी। जरूरत पड़ी तो न्याय के लिए मैं अपने बच्चों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अनशन में भी बैठ सकती हूं। पीड़िता ने बताया कि मेरे साथ हुये हमले के आरोपियों को पुलिस बचा रही है।

दूरभाष-(07822)-252204
ईमेल- Dmsidhi@nic.in

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला सीधी (म.प्र.)

क्रमाके 15/विवाह/2025 — सीधी, दिनांक 06/06/2025

**इश्तहार म्यादी 30 दिवस**
**(अंतर्गत धारा-15 विशेष विवाह अधिनियम, 1954)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार बघेल पिता श्री राजमणि सिंह बघेल, ग्राम व पोस्ट-बघवारी, तहसील गोपद बनास, जिला सीधी (म.प्र.) एवं आवेदिका अनुपमा सिंह पिता श्री चक्रधर सिंह, ग्राम व पोस्ट-बघवारी, तहसील गोपद बनास, जिला सीधी (म.प्र.) द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा-15 अंतर्गत विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 07/07/2025 नियत की गई है।

अंत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त विवाह पंजीयन से संबंधित कोई आपत्ति हो तो उक्त नियत तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

विवाह अधिकारी
जिला सीधी (म.प्र.)

केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उपक्रम / A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

## चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **30/06/2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **श्री लाल बहादुर सिंह** पुत्र श्री **चन्द्रभान सिंह** दीन दयाल प्लाजा (नं.1 से नं.6) एन.एच.-7,ढेकहा, पाडरा, रीवा (म.प्र.) 486001 | संपत्ति का समस्त भू भाग व्यावसायिक दुकान नं. 39, दीन दयाल धाम प्लाजा, रीवा, तह. हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) क्षेत्रफल-18.00 वर्गमीटर, संपत्ति मालिक- लाल बहादुर सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह चर्तुसीमाएं (डीड के अनुसार) पूर्व-सेटअप, पश्चिम, सड़क, उत्तर-दुकान संख्या 38,दक्षिण-एचआईजी मकान **सांकेतिक कब्जा** | 07.12.2016 / 26.04.2018 / दि. 06/06/2025 को ₹ 69,57,215.55/- +देय ब्याज एवं खर्चे | ₹ 20,13,000/- / ₹ 2,01,300/- / ₹ 10,000/- |
| ऋणी- **मेसर्स अंकुर कंस्ट्रक्शन कंपनी** प्लॉट नंबर 5, सेक्टर 1, ब्लॉक नंबर 1, जनता कॉलेज पोस्ट ऑफिस के पास, इंजीनियरिंग कॉलेज- इंदिरा नगर, अनंतपुर, रीवा- 486001 **पाटनर्स (1) श्री संगम लाल तिवारी पुत्र राम सजीवन तिवारी (2) शकुंतला तिवारी पत्नि संगम लाल तिवारी (3) वंदना तिवारी पुत्री संगम लाल तिवारी** | **आवासीय भूमि एवं भवन, प्लॉट क्रमांक 5, सेक्टर 1, ब्लॉक क्रमांक 1, जनता कॉलेज पोस्ट ऑफिस के पास, इंजीनियरिंग कॉलेज- इंदिरा नगर, अनंतपुर, रीवा** क्षेत्रफल- प्लॉट एरियाः 4000 वर्गफीट चर्तुसीमाएं (डीड के अनुसार) पूर्व प्लॉट क्रमांक 06, पश्चिम प्लॉट क्रमांक 04, उत्तर अन्य की भूमि, दक्षिण 30 फीट चौड़ी सड़क **सांकेतिक कब्जा** | 28-06-2021 / 19.04.2022 / दि. 12/06/2025 को ₹ 60,91,087.08/- +देय ब्याज एवं खर्चे | ₹ 1,34,06,000/- / ₹ 13,40,600/- / ₹ 10,000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 29/06/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30/06/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु केनरा बैंक की वेबसाइट में ई-नीलामी की लिंक (https://www.canarabank.com) या वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल (Ph. No 8057766078, 9755569030, 7905027805 7683068902, 9140476074, 8073562754)

प्रकाशन दिनांक : 12-06-2025, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक


RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI
Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi
Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

EXIDE


EXIDE TUBULAR बैट्री के साथ इन्वर्टर+ट्राली फ्री*
अधि.- प्रज्ञा बैट्री — सीधी- 9424641175 बैढ़न- 7415741556
प्रयाग बैट्री रीवा — पुराना बस स्टैण्ड के पास रीवा- 9424641172, 7879263443

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## अवसाद और असुरक्षाबोध मनुष्यता के दुश्मन

हरियाणा के फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को मनोज महतो नामक एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मनोज को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था।

दरअसल,यह घटना केवल एक पारिवारिक त्रासदी नहीं, बल्कि समाज के उस मानसिक और नैतिक संकट का परिचायक है, जो स्त्री-पुरुष संबंधों, पितृसत्ता और मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को गहराई से छूता है। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि किसी व्यक्ति द्वारा अपने और खुद के मासूम बच्चों के जीवन को समाप्त कर देना, सामाजिक और नैतिक अपराध है।

चरित्र पर शक का मुद्दा हमारे समाज में कोई नया नहीं है। परंपरागत पितृसत्तात्मक सोच में स्त्री की स्वतंत्रता को अक्सर संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। ऐसे मामलों में पुरुष का अहं और स्वामित्व की भावना इस कदर हावी हो जाती है कि वह किसी भी हद तक जाने को तैयार हो जाता है। यह मामला भी उसी सामाजिक सोच का दुखद परिणाम नजर आता है। मनोज ने संदेह के कारण न केवल स्वयं को मारा, बल्कि उन चार बच्चों की भी बलि चढ़ा दी, जिनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं था। यह सिर्फ आत्महत्या नहीं, मासूमों की निर्मम हत्या भी है।

इस त्रासदी का एक और महत्वपूर्ण पहलू है-मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी। समाज में मानसिक रोग को अब भी कलंक की दृष्टि से देखा जाता है। लोग तनाव, चिंता, या अवसाद से

> यह घटना केवल एक पारिवारिक त्रासदी नहीं, बल्कि समाज के उस मानसिक और नैतिक संकट का परिचायक है, जो स्त्री-पुरुष संबंधों, पितृसत्ता और मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को गहराई से छूता है।

जूझते रहते हैं पर सहायता लेने से कतराते हैं। मनोज की मानसिक स्थिति क्या थी, यह तो जांच का विषय है, पर यह स्पष्ट है कि यदि समय रहते उसकी मानसिक पीड़ा को समझा और संबोधित किया गया होता, तो शायद यह घटना टाली जा सकती थी।

इसके साथ ही यह सवाल भी खड़ा होता है कि हमारा पारिवारिक और सामाजिक ढांचा किसी व्यक्ति को इस हद तक टूटने क्यों देता है? क्या हमारे रिश्तों में संवाद की गुंजाइश खत्म होती जा रही है? क्या हम अपने आस-पास के लोगों की पीड़ा को समय रहते नहीं समझ पा रहे हैं? यह घटना केवल मनोज की नहीं, हम सबकी विफलता है-परिवार, समाज और तंत्र की।

समाज को अब यह स्वीकार करना होगा कि रिश्तों की जटिलता को समझने और संभालने के लिए केवल नैतिकता के पुराने मानदंड काफी नहीं हैं। हमें मानसिक स्वास्थ्य, स्त्री की स्वायत्तता और बच्चों के अधिकार जैसे पहलुओं को गंभीरता से समझना होगा। किसी भी प्रकार की पारिवारिक या मानसिक उलझन को हल करने के लिए संवाद, सहानुभूति और मनोचिकित्सकीयपरामर्श का मार्ग अपनाया जाए, न कि हिंसा या आत्महत्या का।

## किसी डबरे की बतख नहीं... मानसरोवर के हंस बनो तुम...!



जीवन क्या है? क्या सिर्फ मेरे और मेरों के लिए है? या फिर तुम्हारा जीवन जो तुम्हें जानते और मानते हैं उनके लिए भी है? या कि फिर उनके भी लिए है तुम्हारा जीवन जो न तो तुम्हें जानते हैं, न ही तुम उन्हें पहचानते हो, और न ही जिन्हें तुम्हारी राई-रत्ती भर परवाह ही है... क्या उनके लिए भी है... तुम्हारा जीवन?

कभी सोचते हो... कि तुम महज एक शरीर हो? मन हो? या फिर जीवात्मा हो...?

अगर अज्ञानी हुए तो कहोगे शरीर हूँ, ज्ञानी हुए तो कहोगे जीवात्मा हूँ? तो मैं फिर प्रतिप्रश्न करूंगा, तुम कैसी जीवात्मा हो? संकुचित, सीमित, बन्धनों में बंधी हुई... मोहपाश में जकड़ी हुई जीवात्मा हो तुम? या की फिर कोई उन्मुक्त स्वच्छंद सर्वत्र-स्वतंत्र आत्मन् हो तुम? नील गगन सी विस्तृत, जिसका न कोई ओर न हो छोर, जिसे न कोई बंधन बांध सका? जिसे आज तक कोई ज्ञान-विज्ञान न नाप सका? जो दृश्यमान हो कर भी, परम अदृश्य है... क्या तुम ऐसी आत्मा हो...

क्या तुम उस आकाश से असीमित आत्मन् हो... जिस आकाश में नीर भरे जलद बादलों का वास है... जो तुम्हारी ही नहीं... अपितु सबकी प्यास बुझाते हैं... यह तो मेघ ही हैं जो जड़ हों या फिर चैतन्य जीव हों... बिना किसी भेद के सभी की... तृषा को तृप्त कर, उन्हें जीवन देते हैं, संतुष्टि और तृप्ति देते हैं, खेतों को अन्न, वृक्षों को फल, ऋतुओं को धन्यता और मनुष्य सहित सब योनियों के जीवों को प्राणांजलि देते हैं, बिना किसी ऊंच-नीच, रंग-रूप-यौवन और यहाँ तक वर्ण और योनि के भेदभाव के बिना...

यह मेघा... यह जलद... यह नीर भरे बदरा... बड़े ही परोपकारी होते हैं... अपने भीतर बड़े यत्नों से सहेजे जल से सभी का अभिषेक करते हैं... गगन में बसने वाले मेघ... ऐसे परोपकारी जलद मेघ, जिनके लिए मानव और देवता एक ही रूप हैं? भेदहीन, वर्णहीन, कर्महीन, मेरा तुम सब से प्रश्न है... क्या तुम और तुम्हारा जीवन भी मेघों जैसा सेवाभावी, निष्काम और निष्पक्ष जीवन है? क्या तुम्हारी जीवन की अवधारणा सर्व पालनहारा, सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ है? क्या तुम वह उन्मुक्त जीवात्मा हो... जिसकी महत्ता इतनी हो की जिसके बिना ग्रह-नक्षत्र भी जीवन और चेतनाहीन हो उठें...?

मेरे प्रश्न के उत्तर में तुम कह सकते हो, यह कैसी बात हुई? आप तो बहकी-बहकी बात करने लगे...!




पर मैं कहना चाहता हूँ की सभी को कभी न कभी जरूर विचार करना चाहिए की उनका जीवन क्या है? क्यों है? और किसलिए है? क्या आपका जीवन सिर्फ अपने और अपनों के लिए है? कभी चिंतन करो कि तुम्हारा जीवन कितना विस्तृत है... अथवा कितना संकुचित है? कभी सोचते हो कि तुम महज़ एक शरीर हो? मन हो? या कि तुम परम उन्मुक्त... परम चैतन्य... परम कल्याणकारी जीवात्मा हो?

अगर जीवन में आध्यात्मिक चिंतन नहीं होगा तो, लोग कहेंगे हम शरीर हैं... और भला क्या हैं हम सब? सिवाय शरीर के...? अगर उनका चिंतन कुछ गहरा हुआ तो कहेंगे 'जीवात्मा' हैं! ऐसे में मेरा प्रश्न उन चिंतनशील विचारवान लोगों से होगा, तुम जीवात्मा हो, सो तो ठीक है, पर तुम कैसी जीवात्मा हो? संकुचित, सीमित, बन्धनों में बंधी हुई? मोहपाश से आबद्ध? नाते-रिश्तों, अपने-परायों में उलझी हुई...? क्या तुम भी कभी कल्पना करते हो अपनी जीवात्मा के विस्तार की?

एक ऐसे, वृहद, सर्वव्यापी, सर्वत्र, सर्वज्ञ विस्तार की... जैसे यह 'आकाश' है? आकाश, क्षितिज, गगन, अम्बर, नभ, आसमान भले उसे किसी भी नाम से तुम पुकार लो पर उससे कोई भी फर्क नहीं पड़ेगा... हमारे-तुम्हारे व्यक्तित्व और व्यक्तियों की रचयिता 'जीवात्मा' पर जब तक तुम उस अनंत-असीम आकाश जैसे विस्तार को अपनी अनंत आत्मा में उतारने का प्रयास न करोगे... तब तक सब शिक्षा-दीक्षा... विद्या की जगह अविद्या ही है...

हमें आध्यात्मिक ज्ञान की दृष्टि से 'गगन' को निहारना होगा... उसे समझना होगा... उसके गुण और धर्म को अपनाना होगा...

एक ऐसा गगन जिसके वक्ष में कारे-कजरारे, श्स्य-श्यामल जलद मेघों का वास है... ऐसे परोपकारी मेघ जो बिना किसी भेदभाव के सभी को तृप्ति देते हैं, सभी की प्यास बुझाते हैं, सभी को एक सा जीवन देते हैं...यदि मैं यह कहूँ की क्या तुम उस नील गगन को जिसमें मेघों का वास है, जिसमें सूरज और चन्द्रमा रहते हैं... जिसमें पवन देव आश्रय पाकर समस्त ब्रह्मांड को प्राण संजीवनी स्वरूप 'वायु' प्रदान करते हैं...

लेकिन फिर भी... इतना सब होने पर भी... गगन का भी कोई अपना निज जीवन है क्या? उसका भी कोई शरीर, आकार-प्रकार है क्या? उसकी भी कोई आवश्यकताएं हैं क्या? क्या यह नील गगन भी कभी कहता है की अरेऽऽ मेरी भी तो जिंदगी है? मेरी भी तो जरूरतें हैं, सम्बन्ध हैं, अपने हैं... सबका लालन-पालन मुझी को तो करना है?

आप मुझसे प्रतिप्रश्न कर सकते हैं... भला जिस गगन को आप उन्मुक्त गगन कह रहे हो, उसे कहाँ इस सब झंझटों की परवाह है, वह तो बस 'व्योम' है, हवाओं को, धरती पर सबको कुछ न कुछ बांटने वाला आकाश है? उसके भला क्या सगे संबंधी... और उसकी भला क्या जरूरतें...?

तब मेरा प्रतिप्रश्न होगा, अच्छा जी ! तो तनिक यह तो बतलाओ, यह सूरज, चांद और अनगिनत सितारे भला बिना उन्मुक्त आकाश के और कहाँ रहते हैं भला?

क्या यह जब उसी गगन के शरीर के अंग-प्रत्यंग नहीं हैं? आखिर यह पंछी-पखेरू बिना गगन के कहाँ अपने जीवन की उड़ान भरते हैं? अरेऽऽ आखिर सिवाय इस उन्मुक्त परम-परोपकारी आकाश के भला और दूसरा है ही कौन...? जो सूरज की प्रचंड ज्वालाओं से उपजी भयंकर ताप को और चन्द्रमा से उत्पन्न भीषण शीत को अपने बदन में सहेज ले? और उसे परिष्कृत कर तुम्हारे जीवन जीने योग्य बना दे? और फिर बिना किसी भेदभाव के, बिना किसी निज संग्रह के... सूरज और चन्द्रमा की किरणों को तुम तक और सब तक, पहुंचाकर, सबको जीवन दे? तुम मनुष्यों को भी... वृक्षों को भी... जीव-जन्तुओं को और जलचरों को भी?

तभी तो मैं कहना चाहता हूँ कि मनुष्य आज किसी पोखर में रहने वाला मेढक या बतख जैसा बनकर, ठीक वैसी ही जिन्दगी जी रहा है... एक ऐसा जीवन जो किसी छोटे से पोखर या बावड़ी जैसा सिमटा, सुकुड़ा, सकुचाया हुआ है... जिसमें सिर्फ और सिर्फ संग्रह की ही लालसा है ''सिमिटि-सिमिटि जल भरहिं तालाबा'' तालाबों की... पोखरों की... संग्रह करने की प्रवृत्ति है... जो अपने अंदर सब कुछ संग्रह कर लेना चाहती है... परन्तु क्या कभी कहीं-कभी भी तुमने सुना है, सिमिटि-सिमिटि जल भरहिं समुद्रा'' नहीं ना! समुद्र तो अक्षय जल का कोष है, वह कभी जल संचय की चिन्ता नहीं करता, किन्तु फिर भी वही जलध है, वही जलनिधि है, संसार पर सारा जल जो मेघ नील गगन से बरसाते हैं, जो सबको मिलता है, किन्तु जितना किसी पोखर, तालाब, नदी को नहीं मिलता, वह सबका सब जल सागर को स्वमेव ही मिल जाता है... बिना किसी संग्रह के लोभ-लालच के...

वेदांत का दर्शन भी अथर्व वेद के एक श्लोक में यही दृष्टि देता है-

*सहस्राह्ण्यं वियतावस्य पक्षौ हरेर्हंसस्य पततः स्वर्गम्।*

*स देवान्त्सर्वानुरस्युपदद्य संपश्यन्याति भुवनानि विश्वा।।*

यह खोज... आत्मा से परमात्मा के मिलन की... तब तक पूरी नहीं होगी जब तक मनुष्य अपने ही मूल स्वरूप को नहीं पहचान लेगा कि... वह कौन है...? जब तक इंसान इस सत्य को नहीं जान लेगा कि... वह सिर्फ नाम नहीं है... वह सिर्फ गुण नहीं है... वह सिर्फ शरीर भी नहीं है... तब तक उसकी शरीर के पिंजड़े में बंद आत्मा... शरीर के नष्ट होने के बाद भी उन्मुक्त गगन में... अनंत को न पा सकेगी...

।। हरि ओम् तत्सत् ।।

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)

https://adhyatmsanatandharma.com

## राजनीति में आपराधिक रिकॉर्ड में महिलाएं भी पीछे नहीं

राजनीतिक परिदृश्य

क्षमा शर्मा



> एडीआर ने हलफनामा दाखिल करने वाली देश की 513 महिला सांसदों और विधायकों में से 512 के हलफनामों का अध्ययन किया। इनमें से 143 महिला सांसद और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें भी 78, यानी 15 प्रतिशत के खिलाफ बेहद गंभीर मामले हैं। लोकसभा की कुल 75 महिला सांसदों में से 24, यानी 32 प्रतिशत के नाम आपराधिक मामले हैं।

महिलाओं का नाम आते ही मन में ऐसी छवि आती है, जहां कोमलता है, चिंता है, तर्क हैं, विश्लेषण हैं, जिम्मेदारी, मानवीयता और गरिमा है। ऐसी स्त्रियां अपने परिवारों में, आसपास खूब देखने में आती हैं। ये स्त्रियां जीवन को न केवल प्रभावित करती हैं, गति भी देती हैं, समय-समय पर वे याद भी आती हैं और उनका उदाहरण देते हम नहीं थकते। मगर पिछले दिनों निर्वाचन आयोग में चुनाव लड़ने वाली महिलाओं ने जो हलफनामे दाखिल किये, वे चौंकाने वाले थे। उन महिलाओं में बहुत-सी चुनी भी गयीं। वह रिपोर्ट देश की राजनीति और चुनावों पर पैनी नजर रखने वाली संस्था एडीआर, यानी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने तैयार की थी। इसमें बताया गया है कि महिला विधायकों व सांसदों में 28 प्रतिशत ऐसी हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एडीआर ने हलफनामा दाखिल करने वाली देश की 513 महिला सांसदों और विधायकों में से 512 के हलफनामों का अध्ययन किया। इनमें से 143 महिला सांसद और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें भी 78, यानी 15 प्रतिशत के खिलाफ बेहद गंभीर मामले हैं। लोकसभा की कुल 75 महिला सांसदों में से 24, यानी 32 प्रतिशत के नाम आपराधिक मामले हैं। राज्यसभा में कुल 37 महिला सांसद हैं। उनमें से 10 के खिलाफ ऐसे आपराधिक मामले हैं। एडीआर की इसी रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश की महिला सांसदों और विधायकों की औसत संपत्ति बीस करोड़, चौंतीस लाख रुपये है। इन सबकी कुल संपत्ति 10,417 करोड़ रुपये है। महिला विधायकों में आठ ऐसी भी हैं, जिनके पास अरबों रुपये की संपत्ति है। यूं तो ये सभी गरीबी और गरीब के भले की बात करके चुनाव जीतती हैं। ये अपने आप को आम आदमी, आम महिला साबित करने में पीछे नहीं रहतीं। लेकिन इनके जीवन में पैसे और संसाधनों की कोई कमी नहीं। लेकिन फिर भी अपने देश में मतदाता इन्हें चुनते हैं, क्योंकि अपराध की दुनिया आकर्षक लगती है। अपराधी महिला हो या पुरुष, ताकतवर नजर आता है। वैसे भी जो जितना बड़ा अपराधी है, वह जनता के बीच अपनी रॉबिनहुड वाली छवि भी बनाता है। वह राजा हरिश्चंद्र से भी अधिक दानी और अपने को सत्य का अवतार कहता है। इसीलिए लोग सोचते हैं कि वर्षों की कानूनी प्रक्रिया के मुकाबले कोई अपराधी उनकी समस्याओं को आसानी से सुलझा सकता है, क्योंकि लोग उससे डरते हैं। फिर यदि महिला अपराधी है और राजनीति में भी है, तो कहने ही क्या! अक्सर देखा गया है कि अपने यहां बहुत से अपराधी चुन लिये जाते हैं। वे हाथ जोड़े अपनी बहुत मासूम-सी छवि भी पेश करते हैं। वे अपने धन और बाहुबल से बार-बार चुनाव जीतते हैं। राजनीतिक दल उनके दरवाजे पर हाथ जोड़कर, टिकट लेकर खड़े रहते हैं कि हुजूर, आइए और हमें उपकृत कीजिए। क्योंकि राजनीतिक दल मानते हैं कि ये ही चुनाव जीत सकते हैं। फिर वे अपने घर की महिलाओं को भी, जिनमें पत्नियां, मां, बहन, बेटी, बहू कोई भी हो सकती है, राजनीति में ले आते हैं। अपराध और राजनीति का यह गठजोड़ पूरे देश में है। कोई भी दल इससे मुक्त नहीं है। बल्कि कहना यह चाहिए कि इस तरह के गठजोड़ पूरी दुनिया में हैं। हॉलीवुड में ऐसी अनेक फिल्में भी बन चुकी हैं। चुनाव में जो महिलाएं चुनी जाती हैं, उन्हें दिखाकर बताया जाता है कि देखो, महिलाएं ग्लास सीलिंग तोड़ रही हैं। वे सदियों से बनायी गयी पुरुष वर्चस्व की बेड़ियों को तोड़ रही हैं। वे राजनीति में आ रही हैं। उनकी संख्या जितनी बढ़ेगी, देश की समस्याएं उसी अनुपात में कम होती जायेंगी। देश और समाज आगे बढ़ेगा। अब ये संख्या चाहे आरोपियों, अपराधियों की ही क्यों न हो, लैंगिक विमर्श करने वाले सिर्फ इसे संख्या बल से देखते हैं। ऐसा क्यों है कि किसी स्त्री की सफलता ही उल्लेखनीय है, उसके काम नहीं? यह भी सोचने की बात है कि वे पुलिस अधिकारी कितने निडर रहे होंगे, जिन्होंने इन मामलों को दर्ज किया होगा। वर्ना तो महिला सांसद या विधायक के खिलाफ मामला दर्ज करने में अक्सर पुलिस पहल नहीं करती। दरअसल सत्ता अपने तर्क से चलती है। इसे निरंकुशता कहते हैं। यह महिला-पुरुष नहीं देखती। अपनी आलोचना न पुरुष नेताओं को बर्दाश्त होती है, न महिला नेताओं को। अपने आलोचकों को शत्रु मानकर कोई नेता किसी भी हद तक जा सकता है, इसमें महिला-पुरुष का कोई भेद नहीं होता। उद्देश्य विरोधी को सबक सिखाना होता है। अकसर ऐसी घटनाएं सामने भी आती रहती हैं। महिला और अपराध कुछ अजीब-सा नहीं लगता? कहा तो यह भी जाता है कि यदि महिलाओं को दुनिया की कमान सौंप दी जाए, तो यह दुनिया अपराधों से मुक्त हो जायेगी। लेकिन ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जहां इसका विलोम भी सच है।

प्रसंगवश

## साक्षरता को लैंगिक भेद से भी मिले मुक्ति

निस्संदेह, भारत की साक्षरता का प्रतिशत करीब 81 फीसदी होना एक सराहनीय उपलब्धि व मील का पत्थर ही है। देश की आजादी के वक्त की साक्षरता स्थिति से इसकी तुलना करें तो इसे उपलब्धि की तौर पर देखा जाना चाहिए। किसी समाज में साक्षरता का स्तर उसकी प्रगति का आईना ही होता है। ये आंकड़े हमारे समाज की शिक्षा तक पहुंच में निरंतरता का पर्याय भी हैं। हालांकि, 2023-24 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण यानी पीएलएफएस के आंकड़ों से यह भी उजागर होता है कि सार्वभौमिक साक्षरता की ओर राष्ट्र का यह कदम निरंतर कई असमानताओं से भी बाधित है। खासतौर पर यह भेद लिंग और क्षेत्रीय आधार पर नजर आता है। उदाहरण के लिए देखें तो शहरी क्षेत्रों में साक्षरता की दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। जिसका मुख्य कारण शहर केंद्रित विकास को तरजीह व शिक्षा के लिये अनुकूल परिस्थितियों का होना भी है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी भारत में साक्षरता की दर 88.9 है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में यह 77.5 फीसदी ही हो पायी है। निश्चित रूप से विभिन्न राज्यों में प्रतिध्वनित यह शहरी व ग्रामीण साक्षरता का अंतर शिक्षा के बुनियादी ढांचे, योग्य शिक्षकों की उपलब्धता और सीखने के अवसरों में असमानता को ही दर्शाता है। कमोबेश इसी प्रकार देश के विभिन्न राज्यों में लैंगिक असमानताएं भी नजर आती हैं। यह विडंबना की कही जाएगी कि कई राज्यों में लड़कियों की शिक्षा पर दशकों से नीतिगत स्तर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद पुरुष साक्षरता महिला साक्षरता के मुकाबले कहीं आगे नजर आती है। निश्चित रूप से इसके मूल में सामाजिक रूढ़ियां, सामाजिक चेतना का अभाव व आर्थिक विकास की विसंगतियां निहित हैं। जिसके चलते लड़कियों को शिक्षा के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते। जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के बीच स्कूलों की दूरी और आवागमन की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध न हो पाना भी महिला शिक्षा के प्रतिशत में गिरावट का कारक बनती है। इन तमाम कारणों को नये सिरे से संबोधित करने की जरूरत है। लेकिन वहीं कुछ राज्यों में लक्ष्यों पर केंद्रित अभियानों व शासन-प्रशासन की सक्रियता के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। लक्षद्वीप, दिल्ली, तमिलनाडु और त्रिपुरा के परिणाम दर्शाते हैं कि जब शासन की सक्रियता, लोगों की पहुंच और सामुदायिक जुड़ाव एक साथ आते हैं तो कुछ भी संभव है। दरअसल, आर्थिक विसंगतियों से जूझते व सामाजिक व आर्थिक सुधारों को अमल में न ला सकने वाले राज्य

> 2023-24 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण यानी पीएलएफएस के आंकड़ों से यह भी उजागर होता है कि सार्वभौमिक साक्षरता की ओर राष्ट्र का यह कदम निरंतर कई असमानताओं से भी बाधित है। खासतौर पर यह भेद लिंग और क्षेत्रीय आधार पर नजर आता है।

साक्षरता के लक्ष्य राष्ट्रीय अनुपात में नहीं प्राप्त कर सके। सबसे कम साक्षरता दर वाले बिहार की स्थिति गरीबी,अपर्याप्त स्कूली शिक्षा, सांस्कृतिक कारकों व शिक्षा की राह में बाधा डालने वाली सामाजिक बाधाओं के जटिल अंतर्संबंध को रेखांकित करती है। यहां इन उत्साहजनक आंकड़ों के बावजूद कई सवाल हमारे सामने पैदा होते हैं। प्रश्न यह भी है कि हम किस तरह की साक्षरता विकसित कर रहे हैं? क्या शिक्षा की गुणवत्ता इस स्तर की है कि वो लोगों के जीवन में व्यापक बदलावों का कारक बन सके? बात सिर्फ आंकड़ों की नहीं है पड़ताल इस बात की भी की जानी चाहिए कि साक्षरता क्या वास्तव में प्रगतिशील सोच, नागरिक दायित्वों और आर्थिक जीवन में सार्थक रूप से भाग लेने की क्षमता विकसित करती है? इन हालिया आंकड़ों में जो शामिल नहीं हो सके हैं, खासकर हाशिये पर गए समुदाय, उन्हें साक्षरता की सफलता से जोड़ना हमारा प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि स्कूली शिक्षा गुणवत्तापूर्ण हो, शिक्षकों को पर्याप्त प्रशिक्षण मिले, उनकी डिजिटल शिक्षा तक भी पहुंच हो तथा शिक्षा में निवेश बढ़ाया जाये। आवश्यकता यह भी है कि नई शिक्षा नीति के ही अनुरूप प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में दी जाए। इसके साथ यह भी जरूरी है कि वयस्क साक्षरता अभियानों को प्राथमिकता दी जाए। खासकर आर्थिक रूप से पिछड़े व संसाधनों के अभाव वाले राज्यों में। इस दिशा में हमारे प्रयास तभी सफल हो सकते हैं जब शासन-प्रशासन के प्रयासों के साथ सामुदायिक स्तर पर बड़ी कोशिश की जाए। जनजागरण और सूचना माध्यमों की रचनात्मक भूमिका साक्षरता अभियान के लक्ष्यों को हासिल करने में बदलावकारी साबित हो सकती है।

### ।।गीता।।



**श्लोक : दानानां च समस्तानां चत्वार्येतानि भूतले।**
**श्रेष्ठानि कन्यागोभूमिविद्या दानानि सर्वदा॥**

**भावार्थ** : सब दानों में कन्यादान, गोदान, भूमिदान, और विद्यादान सर्वश्रेष्ठ है।

जीवन दर्शन

## लक्ष्य पाने के लिए अनुशासित प्रयास जरूरी

जीवन में अपने काम में शांति और सुकून ढूंढना चाहिए, क्योंकि यह कहीं और नहीं मिलेगा। लोग क्षणिक सुखों का पीछा करते हैं, लेकिन जीवन तो अर्थपूर्ण लक्ष्यों के लिए अनुशासित प्रयास का नाम है।

जीवन में अनगिनत समस्याओं ने मेरे सारे रास्ते बंद कर दिए थे, लेकिन मैं डटा रहा। तब से मेरे लिए जीवन का उद्देश्य ज्ञान की खोज और मानवता की सेवा में निहित है। जीवन में अपने काम में शांति और सुकून ढूंढना चाहिए, क्योंकि यह कहीं और नहीं मिलेगा। लोग क्षणिक सुखों का पीछा करते हैं, लेकिन जीवन तो अर्थपूर्ण लक्ष्यों के लिए अनुशासित प्रयास का नाम है। मेरा मानना है कि विज्ञान ब्रह्मांड की अंतर्निहित व्यवस्था को



उजागर करता है। इसलिए मैंने लिखा कि विज्ञान का भवन केवल सामग्री से नहीं, बल्कि योजना से बनता है। ठीक उसी तरह, पूर्ण जीवन प्राप्त करने के लिए भी एक रूपरेखा और दिशा होनी चाहिए। ज्ञान को व्यक्तिगत विजय के बजाय सहयोगी प्रयासों से अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त और साझा किया जाता है। अपने एक व्याख्यान में मैंने कहा था, 'विज्ञान अंतरराष्ट्रीय है; यह राष्ट्रीयता की सीमाओं को नहीं मानता।' एक प्रोफेसर के रूप में मैंने पाया कि ज्ञान एक सशक्त शक्ति है, जो समाज को ऊपर उठाती है। ज्ञान के माध्यम से हम समस्याओं को हल करते हैं, प्रगति करते हैं, और एक बेहतर दुनिया बनाते हैं। किसी भी देश का भविष्य उसकी शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करता है। सामूहिक प्रबुद्धता ही प्रगति का रास्ता है। मैंने हमेशा महत्वाकांक्षा और विनम्रता के बीच संतुलन पर जोर दिया है। बिना ज्ञान और कल्पना के विज्ञान नहीं, और बिना तथ्यों के कला नहीं। जीवन रचनात्मकता और अनुशासन का मिश्रण है, जहां बड़े सपने वास्तविकता पर आधारित होने चाहिए। मृत्यु और विरासत के बारे में, मैं व्यावहारिक, लेकिन आशावादी हूं। यदि आज विज्ञान का कोई भी हिस्सा अधूरा रह जाता है, तो वह आने वाले समय में अवश्य पूरा होगा और उस अधूरे हिस्से को एक नई दिशा मिलेगी। जीवन एक क्षणिक अवसर है, जो मानव यात्रा में योगदान देता है। मेरा विश्वास है कि मेरे काम को दूसरे लोग आगे बढ़ाएंगे। भले ही जीवन छोटा हो, लेकिन इसके कार्य शाश्वत हो सकते हैं। जीवन को हर पल जिएं और ऐसी उपलब्धियों को प्राथमिकता दें, जो हमारे बाद भी बनी रहें। अपनी वैज्ञानिक खोजों और दार्शनिक चिंतन के माध्यम से, मैंने जीवन को सत्य, सहयोग और स्थायी प्रभाव की खोज के रूप में देखा, जो जिज्ञासा और मानवता के प्रति कर्तव्य से प्रेरित है।

**दिमित्री मेंडलीफ**

## संक्षिप्त खबरें

### फिशरीज प्रोडक्शन एंड प्रोसेसिंग क्लस्टर बनेगा

**विसं भोपाल।** राजधानी के समीप स्थित हलाली बांध प्रदेश का पहला रिजवायर फिशरीज प्रोडक्शन एंड प्रोसेसिंग क्लस्टर बनेगा। इंदौर से 13 जून को इसका शुभारंभ केन्द्रीय मछुआ पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह करेंगे। सिंह राष्ट्रीय इनलैंड फिशरीज़ एवं एक्वाकल्चर बैठक में भी शामिल होंगे। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत ऐसे 17 क्लस्टरों की पहचान की है ,जो उन क्षेत्रों की मत्स्य पालन की विशेषताओं के आधार पर विकसित किये जा रहे हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव ने बताया कि ऐसे राज्य जिनकी सीमाएं समुद्र से नहीं जुड़ती है,वहां इस योजना के तहत मत्स्य उत्पादन को बढ़ाया जाएगा। इस बैठक में ऐसे ही 20 राज्यों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं । इनमें प्रदेश के मछुआ पालन मंत्री नारायण सिंह पंवार के अलावा यूपी,बिहार,हरियाणा, राजस्थान सहित दूसरे राज्य में विभागीय मंत्री भाग लेंगे।

### संस्कार दो, नहीं तो सोनम की तरह हो जाएंगे बच्चे

**विसं भोपाल।** चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकाण्ड को लेकर सूबे के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि बच्चों को पढ़ाना-लिखाना चाहिए, साथ ही उन्हें अच्छे संस्कार भी दिए जाए, नहीं तो सोनम की तरह बच्चे हो जाएंगे। इंदौर में एक कार्यक्रम में विजयवर्गीय ने कहा कि घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सोनम ने हमारे इंदौर को कलंकित कर दिया है, जहां भी जाता हूं, लोग सोनम के बारे में पूछते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों की परवरिश के समय बेहद ध्यान देना होगा।

### डीआरएम ऑफिस से एम्स तक मेट्रो स्टेशन पर फोकस

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** सुभाष नगर से रानी कमलापति मेट्रो लाइन का काम पूरा होने के बाद अब एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन का पूरा फोकस डीआरएम ऑफिस से एम्स के बीच मेट्रो लाइन पर तीन स्टेशनों का काम पूरा करने पर है। इसी के तहत बुधवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने डीआरएम ऑफिस से एम्स मेट्रो स्टेशन तक लाइन का निरीक्षण किया। साथ ही तीनों निर्माणाधीन स्टेशनों पर भी विकास कार्यों का जायजा लिया। एमडी ने तीनों स्टेशनों पर काम की रफ्तार बढ़ाकर तेजी से पूरा करने को कहा। एंट्री एक्जिट प्वाइंट, सिविल, सिस्टम, रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग, आंतरिक व बाहरी कामों का निरीक्षण कर समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

# पचमढ़ी की खुशनुमा वादियां भी नहीं बदल सकीं राजनीतिक तेवर

## विफल हो रहे प्रयास: सरकार हो या विपक्षी दल सभी को पचमढ़ी से रहती है नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सरकार हो या फिर विपक्षी दल सभी को मध्यप्रदेश के पचमढ़ी से नई ऊर्जा पाने की उम्मीद रहती है। यही वजह है कि यहां दल और सरकारें कई बार चिंतन करती रही हैं। लेकिन वहां के मंथन से निकले उपायों पर नजर डालें, तो अब तक वैसे कारगर नहीं हो सके, जिसे लेकर दल पचमढ़ी की खुशनुमा वादियों तक पहुंचते रहे हैं। एक बार फिर से भाजपा 3 दिन का चिंतन शिविर पचमढ़ी में करने जा रहा है। गौरतलब है कि पचमढ़ी में चिंतन शिविर (बैठकों) का सिलसिला कांग्रेस ने शुरू किया था। वर्ष 1998 में कांग्रेस द्वारा यहां राष्ट्रीय स्तर का चिंतन शिविर आयोजित किया था। तब पार्टी ने तय किया था कि कांग्रेस किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी,लेकिन कलांतर में कांग्रेस गठबंधन के सहारे चुनावी मैदान में उतरती रही है। मध्यप्रदेश के परिप्रेक्ष्य में देखे और विशेषज्ञों की माने तो पिछले विधानसभा चुनाव में उसे सपा से गठबंधन नहीं करने की वजह से एक बार फिर से सत्ता से दूर रहना पड़ा था। इसी तरह वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने एक बार फिर से पचमढ़ी का रुख किया था। निर्णय जो भी हुए हो,लेकिन कांग्रेस सत्ता से अवश्य बाहर हो गई थी।



### शिवराज सरकार ने किया था चिंतन

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ पचमढ़ी में राज्य के विकास को लेकर खाका तैयार किया था। इसे भी चिंतिन बैठक का नाम दिया गया था। जिसमें तत्कालीन सीएम चौहान ने मंत्रियों के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन भी किया था और उसके बाद एक बार फिर से तीर्थदर्शन यात्रा की शुरुआत हुई थी और कन्या विवाह योजना सहित दूसरी योजनाओं पर चर्चा हुई थी।

### अलग कांसेप्ट पर हुई मोहन कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी पचमढ़ी में कैबिनेट की बीती 3 जून को बैठक की। लेकिन इस बैठक का अवधारणा अलग हटकर थी। जिसके विचार में विरासत से लेकर विकास के फार्मूले को पूरा करना था। कैबिनेट की बैठक पूरी तरह से राजा भभूत सिंह को समर्पित की गई थी। यानि कि बैठक में न तो किसी भी तरह का चिंतन हुआ और न ही भविष्य को लेकर कोई रणनीति बनाई गई। अलबत्ता कैबिनेट ने कई अहम फैसले अवश्य लिए जो सीधे जनता से जुड़े रहे।

### क्या विवादित बयान देने वाले विजय शाह भी मौजूद रहेंगे चिंतिन शिविर में

कैबिनेट की पिछली तीन बैठकों से अलग रहे सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह क्या पचमढ़ी के चिंतन शिविर में मौजूद रहेंगे,यह एक सवाल चर्चाओं में है। दरअसल पचमढ़ी में जब भी मंथन किया गया,तो उसमें शामिल हुए राजनेताओं को उनकी भाषा शैली से लेकर उनके क्रियाकलापों को लेकर सचेत किया जाता रहा है। लेकिन जिस तरह से भाजपा में पिछले कुछ महीनों में कुछ नेताओं ने अपनी भाषा की मर्यादा तोड़ी है और जिस तरह से उनके क्रियाकलाप सामने आए है,उसने भाजपा जैसे दल को भी विपक्ष के निशाने पर खड़ा कर दिया। अब देखना यह है कि क्या मंत्री विजय शाह जैसे नेताओं पर इस मंथन के उपरांत क्या फर्क पड़ेगा।

### पचमढ़ी में मोटीवेशन मिलता है पर कैबिनेट करना उचित नहीं

कांग्रेस नेता जेपी धनोपिया का मानना है कि कांग्रेस सरकार के जमाने में गर्मी के समय कई बार पचमढ़ी ग्रीष्मकालीन सचिवालय बन जाता था, लेकिन वहां एक भी बार कैबिनेट की बैठक नहीं की। क्योंकि सरकार को जो भी निर्णय लेने होते हैं, वह राजधानी में बैठकर लिए जाएं, तो बेहतर होते हैं इससे फिजूलखर्ची बचती है। पचमढ़ी की बैठकों से कार्यकर्ताओं और राजनेताओं में मोटिवेशन मिलता है,वहां बिना किसी व्यवधान के निर्णय लिए जाते है और कई बार ऐसे बातें सामने आती है,जो मन में घर कर जाती है,जिससे सार्थक परिणाम सामने आते हैं।

### कार्यकर्ताओं को गढ़ने का ध्येय रहा है भाजपा का

प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल को कहना है कि भाजपा हमेशा समाज के उत्थान की बात करती है और हम इसके लिए अपने कार्यकर्ताओं को गढ़ते हैं। समय-समय में इन कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर समाज के हित में और क्या-क्या किया जाए, इस पर मंथन करते हैं। पचमढ़ी हमारे लिए कोई ऐसा पहला स्थान नहीं है। हम प्रदेश भर के दूसरे स्थानों पर पहले भी ऐसा करते रहे हैं।

# सालों से एक थाने में जमे पुलिसकर्मी हटाए जाएंगे, पीएचक्यू ने जारी किया सर्कुलर

## लगातार मिल रही थीं शिकायतें, 2015 और 2021 में जारी आदेश का नहीं हो रहा था पालन

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एक ही पुलिसकर्मी या अधिकारी की सालों से एक ही थाने में पदस्थापना को लेकर लगातार आ रही शिकायतों के बाद पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने नए सिरे से निर्देश जारी किए हैं। पीएचक्यू ने प्रदेश के सभी पुलिस कमिश्नर और एसपी को नए सिरे से सर्कुलर जारी कर थानों में बरसों से जमे पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। पीएचक्यू की प्रशासन शाखा के स्पेशल डीजी आदर्श कटियार द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि इस संबंध में पीएचक्यू ने वर्ष 2015 और 2021 में भी निर्देश जारी किए थे लेकिन फील्ड में तैनात आला अफसरों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। पीएचक्यू ने इस पर नाराजगी जताते हुए एक ही थाने में 5 साल की अवधि से जमे स्टाफ का तत्काल अन्य स्थानों पर ट्रांसफर करने को कहा है। इसके साथ ही पीएचक्यू ने इस पर का पालन प्रतिवेदन भी भेजने को कहा है। पीएचक्यू का दावा है कि इससे पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ेगी और जनता की शिकायतों में कमी आएगी।



### नियम तय, एक थाने के लिए पांच साल की लिमिट

- किसी भी थाने में कर्मचारी की एक पद पर पदस्थापना सामान्य स्थिति में 4 साल और अधिकतम 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
- किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की 5 साल की अवधि की पदस्थापना पूरी होने के बाद समान पद पर उसी थाने में पदस्थ नहीं किया जाएगा। इसका सीधा मतलब है कि महज दिखावे के लिए एक-दो माह थाने से हटाकर वापस पदस्थापना पर रोक लग जाएगी।
- अगर कोई कर्मचारी प्रमोट हो जाता है तो भी उसे उसी थाने में पदस्थ करने के लिए कम से कम तीन साल अंतराल होगा।
- आरक्षक से सब इंस्पेक्टर के पद पर किसी भी कर्मचारी की एक ही सर्कल में पदस्थापना 10 साल से अधिक नहीं होगी।
- एक ही थाने या सर्किल की पदस्थापना अवधि में स्थानांतरण के साथ-साथ अटैचमेंट का समय भी शामिल होगा।

### कार्यकाल की करनी होगी जांच

इस सर्कुलर के बाद जिला इकाइयों में पदस्थ आरक्षक, प्रधान आरक्षक, एएसआई और सब इंस्पेक्टर तक की रैंक वाले सभी पुलिसकर्मियों की सर्विस बुक का परीक्षण होगा। इसके जरिए ये पता लगाया जाएगा कि संबंधित पुलिसकर्मी की एक ही थाने में लगातार पदस्थापना की अवधि 5 साल से अधिक न हो. इन पुलिसकर्मियों की लिस्ट बनने के बाद इनका ट्रांसफर अन्य थानों या फिर पुलिस लाइन में किया जाएगा। पीएचक्यू ने इसके लिए टाइम लिमिट तय करते हुए फील्ड के अफसरों को कहा है कि 16 जून तक ऐसे कर्मचारियों की लिस्ट के साथ उनके तबादलों की जानकारी पीएचक्यू की कार्मिक शाखा को भेज दी जाए।

### इस तरह चलता है पोस्टिंग का खेल

सामान्य तौर पर किसी थाने में पुलिसकर्मी और अधिकारी को 3 साल से अधिक की अवधि के लिए नहीं रखा जाता, लेकिन इसका तोड़ कुछ पुलिसकर्मियों ने निकाल लिया है। ऐसे पुलिसकर्मी आला अफसरों की मदद से एक ही थाने में तीन से चार साल तक जमे रहते थे और इसके बाद ये जिले के किसी अन्य थाने और लाइन में एक-दो महीने के लिए ट्रांसफर करा लेते थे। इसके बाद इन पुलिस वालों की वापस उसी थाने में पोस्टिंग कर दी जाती थी। ऐसे में उनकी एक ही थाने में लगातार सालों तक पदस्थापना में ब्रेक आ जाता है। इसके अलावा कुछ पुलिस स्टाफ तो थाने में जमे रहने के लिए अटैचमेंट भी करा लेते हैं, जबकि उसकी पोस्टिंग अन्य इकाई में होती है। पीएचक्यू के नए निर्देश के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि पुलिस में सालों से चले आ रहे इस खेल पर लगाम लग सकेगी।

# आठ नए वर्किंग वूमेन हॉस्टल को मिली मंजूरी

## 289 करोड़ रुपए की मिली स्वीकृति

**विसं, भोपाल।** केन्द्र सरकार ने प्रदेश में 8 नए वर्किंग वूमेन हॉस्टल बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। इसमें महिला बाल विकास द्वारा 4 वर्किंग वूमेन हॉस्टल और शेष 4 हॉस्टल औद्योगिक नीति निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा बनाये जायेंगे। जानकारी के अनुसार भारत सरकार की स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंट ऑफ स्टेटस फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2024-25 के अंतर्गत 8 वर्किंग वूमेन हॉस्टल की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि योजना अंतर्गत महिला श्रम बल भागीदारी दर को बढ़ाने और महिलाओं के जीवन को आसान बनाने का मौका मिलेगा। मंत्री भूरिया ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा देवास, नर्मदापुरम और सिंगरौली में 100 सीटर तथा झाबुआ में 50 सीटर हॉस्टल बनाये जायेंगे। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा उज्जैन में 1554 सीटर, धार में 1776, रायसेन 776 और भिण्ड में 666 सीटर हॉस्टल का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वर्किंग वूमेन हॉस्टल के निर्माण के लिये 289.72 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से 40.59 करोड़ की राशि महिला बाल विकास विभाग व्यय करेगी। वर्किंग वूमेन हॉस्टल का स्वामित्व राज्य सरकार के पास रहेगा और रख-रखाव का काम पीपीपी मोड पर किया जायेगा।

### हॉस्टल में होंगी आधुनिक सुविधाएं

वर्किंग वूमेन हॉस्टल में आधुनिक सुविधाओं सहित डे केयर सेंटर, जिम, इंडोर स्पोर्टस, लायब्रेरी, वाय-फाई, पर्याप्त पार्किंग, फूड कोर्ट और मनोरंजन गतिविधियां आदि उपलब्ध होंगी। सुश्री भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जिससे कामकाजी महिलाओं का जीवन आसान होगा।

# 5 साल के भीतर भाजपा से कांग्रेस में आए नेता नहीं बन पाएंगे जिलाध्यक्ष

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस में ऐसे नेताओं को जिला संगठन की कमान नहीं सौंपी जाएगी, जो पिछले 5 साल के भीतर भाजपा छोड़कर पार्टी में शामिल हुए है। अलबत्ता पार्टी में समर्पित होकर लम्बे समय से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को जिलों की कमान सौंपी जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को यह खुलासा किया। उन्होंने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि यह निर्णय उन नेताओं को सम्मान देने के लिए लिया गया है,जो लंबे समय से पार्टी में सक्रिय है। यह तय किया है कि जिन्होंने पार्टी में 5 साल से कम का समय बिताया है,उन्हें इस पद से अलग रखा जाए। कांग्रेस यह कदम उठाकर पुराने कार्यकर्ताओं के योगदान को मान्यता देगी। इस निर्णय के बाद लगभग यह साफ हो गया है कि कि पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव के दौरान या इसके आसपास भाजपा या दूसरे दलों को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए जिला संगठन का पद पाने का रास्ता खत्म हो गया है। हालांकि सवाल यह भी है कि यह मापदण्ड क्या प्रदेश की टीम के लिए भी माना जाएगा।



### सरकार के दावे फर्जी : जीतू

पत्रकारों से चर्चा के दौरान पटवारी ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। जल जीवन मिशन से लेकर स्वच्छ भारत मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं में अरबों रुपये का गबन, फर्जी बिलिंग, और कागजी प्रगति का घिनौना खेल सामने आया है। केंद्र की हर योजना भ्रष्टाचार में फंस चुकी है। भ्रष्टाचार न केवल जनता के विश्वास को ठेस पहुंचा रहा है, बल्कि गरीबों, किसानों के हक को छीन रहा है। पटवारी ने कहा कि प्रदेश के कई ऐसे अंचल है,जहां पर ग्रामीण महिलाएं पानी के लिए मीलों पैदल चल रही हैं, गरीब बेघर हैं, और किसान कर्ज के बोझ तले दब रहे हैं, तब ठेकेदारों, अधिकारियों और बिचौलियों की जेबें भर रही हैं। जल जीवन मिशन में 21,000 करोड़ तक का अनुमानित घोटाला और स्वच्छ भारत मिशन में 13.21 करोड़ का खुलासा इस भ्रष्ट तंत्र की पोल खोलता है।



# 15 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में बुधवार को लोकायुक्त पुलिस ने एक पटवारी को 15 हजार की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामला बैरसिया तहसील के दामखेड़ा का है, जहां पदस्थ पटवारी अविनाश सिंह को इंसाफ खां नाम के किसान से रिश्वत लेते पकड़ा गया। इंसाफ खां, झीलकारिया खुर्द का निवासी है। उसने मंगलवार को लोकायुक्त कार्यालय आकर लिखित शिकायत में बताया था कि उसके पिता ने एक साल पहले दामखेड़ा स्थित अपनी पैतृक जमीन का बंटवारा उनके और उनके चार भाइयों के बीच कर दिया था। बंटवारे के बाद जब चारों ने जमीन का सीमांकन (निशानदेही) करने के लिए पटवारी अविनाश सिंह से संपर्क किया तो उसने प्रति एकड़ 2000 रुपए के हिसाब से कुल 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह ने इस मामले का सत्यापन करवाया। सत्यापन के दौरान सामने आया कि पटवारी अविनाश सिंह ने 30 हजार की रिश्वत दो किस्तों में चुकाने की बात कही।

# मेडिकल कॉलेजों में हर 3 साल में बदले जाएंगे एचओडी, रोटेशन प्रक्रिया की जाएगी लागू

## नेशनल मेडिकल कमीशन ने बनाया प्लान, कॉलेजों से मांगे दावे-आपत्तियां

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** नेशनल मेडिकल कमीशन ने देश के सभी मेडिकल कॉलेजों के लिए त्रिवर्षीय एचओडी रोटेशन प्रोग्राम तैयार किया है। इसके तहत एचओडी का पद हर तीन साल में योग्य फैकल्टी के बीच रोटेट होगा। इसमें प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर को शामिल किया गया है। यदि कोई व्यक्ति एचओडी की अर्हताएं पूरी करता है तो उसे एचओडी बनाया जा सकेगा। हालांकि एनएमसी का यह मसौदा अपने प्रथम चरण में है। इसे सभी मेडिकल कॉलेजों के पास भेजा गया है। बदले में मेडिकल कॉलेजों से इस पर सुझाव के साथ साथ दावे और आपत्ति भी मंगवाई गई हैं। एनएमसी के मुताबिक इसी शैक्षणिक वर्ष से यह व्यवस्था लागू करने की योजना है। एनएमसी द्वारा तैयार इस मसौदे का मकसद सरकारी मेडिकल कॉलेजों में किसी एक व्यक्ति की तानाशाही को खत्म करना मकसद है। अभी तक मेडिकल कॉलेजों में कई विभाग ऐसे हैं, जिनमें 10, 15 और 20 वर्षों से एक ही व्यक्ति एचओडी बना हुआ है। इससे उस व्यक्ति के नीचे काम करने वाले स्टाफ के ऊपर एक डर बना रहता है। एनएमसी ने इसी डर को खत्म करने के लिए रोटेशन की व्यवस्था को बनाने का निर्णय लिया है।

### जीएमसी भोपाल में हो चुका है अमल

एनएमसी द्वारा पूरे देश के मेडिकल कॉलेजों के लिए जो रोटेशन प्रोग्राम तैयार किया है। उसकी एक झलक दो वर्ष पूर्व भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में देखने को मिल चुकी है। आपको बता दें कि दो वर्ष पहले जीएमसी में तत्कालीन डीन डॉ. अरुणा कुमार के समय एक पीजी छात्रा ने सुसाइड कर लिया था। उस समय जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने हड़ताल कर दी थी और डॉ. अरुणा को डीन व एचओडी के पद से हटाने की मांग रखी थी। राज्य शासन ने जूडा की मांग पर प्रसूति एवं गायनिक विभाग के साथ साथ कई ऐसे विभाग जहां एचओडी के पद पर एक ही व्यक्ति कई वर्षों से पदस्थ थे, उन सभी को बदल दिया था। इनमें डॉ. लोकेन्द्र दवे का नाम भी शामिल है।

### यह आएगी अड़चन

एनएमसी ने जो मसौदा तैयार किया है उसके क्रियान्वयन में कुछ तकनीकी अड़चनें भी हैं। प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में डीएसपी पूरी तरह से लागू नहीं है। डीएसपी वह प्रोग्राम है, जिसकी मांग बीते कई वर्षों से मप्र के मेडिकल टीचर्स कर रहे हैं। इस प्रोग्राम के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर 15 वर्ष में प्रोफेसर बन जाएगा, जबकि वर्तमान में एक असिस्टेंट प्रोफेसर को प्रोफेसर बनने में 30 वर्ष तक का समय लग रहा है। हालांकि करीब दो वर्ष पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह घोषणा की थी कि मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सकों को अब तक 8, 16 और 30 वर्ष में प्रमोशन दिया जाता रहा है, लेकिन अब हम इसे बदलने जा रहे हैं। यह प्रमोशन 5, 10 और 15 वर्ष की अवधि पूर्ण करने पर मिल जाएगा। इसके लागू होने के बाद असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर भर्ती हुए चिकित्सक 15 वर्ष में प्रमोशन पाकर प्रोफेसर बन जाएंगे।

**परीक्षा** | आरक्षण और बीस अंक बोनस के बाद भी पांच से सात फीसदी अतिथि विद्वानों का ही हुआ चयन

# प्रोफेसर की परीक्षा में 95 फीसदी अतिथि विद्वान फेल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एमपीपीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसर (हिंदी) के 116 पदों की भर्ती परीक्षा के अंतिम रिजल्ट 28 मई जारी कर दिए हैं। रिजल्ट में पांच से सात फीसदी अतिथि विद्वान ही पास हो पाए हैं। इतने भी तब जब शासन ने उन्हें बीस-बीस अंक का बोनस में दिया अपने वर्ग का आरक्षण का लाभ मिला। इससे अतिथि विद्वानों की योग्यता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें कि एमपीपीएससी ने परीक्षा नौ जून को कराकर रिजल्ट 25 सितंबर को दिया। 21 से 31 जनवरी साक्षात्कार लिए गए। वहीं हिंदी के 200 पदों का अंतिम रिजल्ट 30 मई को जारी किया गया। परीक्षा गत वर्ष नौ जुलाई को लेकर आठ अक्टूबर को रिजल्ट दिया था। 27 फरवरी से सात मार्च तक साक्षात्कार कराए। भूगोल के 23 पदों की परीक्षा चार अगस्त 2024 और साक्षात्कार दो और तीन अप्रैल को लिए अंतिम रिजल्ट दो जून को जारी कर दिया गया। दर्शन शास्त्र का रिजल्ट दस जून को जारी किया गया है। इसमें महज दो ही अतिथि विद्वानों चयनित हुआ है। बता दें कि अतिथि विद्वानों ने ही परीक्षा में बोनस अंक की मांग की थी। उनकी मांगों की पूर्ति करने के बाद भी वे एमपीपीएससी की परीक्षा से चयनित नहीं हो सके। एमपीपीएससी की चयन परीक्षा मे अतिथि विद्वानों को दो पेपर हल करना होते हैं। इसमें एक पेपर विषय से संबंधित होता है और दूसरा सामान्य ज्ञान का। इसमें जहां अतिथि विद्वान सामान्य ज्ञान में बेहतर अंक भले ही हासिल नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन वे अपने विषय में बेहतर परिणाम नहीं दिखा रहे हैं। जबकि वे शासन से अपने विषय में पारंगत होने की दुहाई देकर नियमित करने की मांग करने आए दिन सड़कों पर उतर आते हैं। यहां तक महिलाएं मुंडन तक करा लेती हैं।



### अब दिया जाएगा 25 फीसदी आरक्षण

राज्य शासन ने 2024 में अतिथि विद्वानों को पदों पर 25 फीसदी आरक्षण देने के आदेश जारी कर दिए हैं। यह आरक्षण नीति के विरुद्ध है। इससे विभाग पर अदालत प्रकरण में भी तेजी से इजाफा होगा। शासन से मिलने वाली बैकडोर एंट्री से ऐसे अतिथि विद्वानों का सिलेक्शन होगा, जिन्हें यूजीसी के मापदंडों पर खरा नहीं उतारा जा सकता है। अतिथि विद्वानों को 25 फीसदी आरक्षण का लाभ आने वाली भर्ती में मिलेगा, जिसके आवेदन जमा करा लिए गए हैं। दो चरणों में होने वाली परीक्षा में प्रथम चरण में होने वाली परीक्षा एक जून को हो चुकी है। अब दूसरी परीक्षा जुलाई में रखी गई है। परीक्षा होने के लिए एमपीपीएससी ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अतिथि विद्वानों का कहना है कि उदाहरण अतिथि विद्वान 25 फीसदी आरक्षण मिलने के बाद ही नियुक्तियां हासिल नहीं कर पाएंगे।

> ज्यादातर अतिथि विद्वान तो फॉर्म भरने से ही वंचित रह गए। क्योंकि उम्र ही 50 और 55 की हो गई। कॉलेजों के काम में ही इतने व्यस्त रहते हैं कि अब परीक्षा की तैयारी का समय ही नहीं मिलता।
> ■ **डॉ देवराज सिंह,** प्रदेशाध्यक्ष अतिथि विद्वान महासंघ

> कॉलेजों में कई जिम्मेदारियां अतिथि विद्वान निभा रहे हैं। छात्र छात्राओं को पढ़ाने में सिलेबस पढ़ते हैं। खुद की कॉम्पटीशन की तैयारी का समय और माहौल नहीं बन पाता। जो 45-50 वर्ष के हो गए उनको आप 25 वर्ष के उम्मीदवारों के साथ परीक्षा में बैठाओगे, जाहिर है वो पीछे होगा।
> ■ **डॉ आशीष पाण्डेय,** मीडिया प्रभारी अतिथि विद्वान महासंघ

> अतिथि विद्वानों की योग्यता पर सवाल नहीं किए जा सकते हैं। वे लंबे समय से कॉलेजों में पढ़ा रहे हैं। प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए एमपीपीएससी परीक्षा करा रहे है।
> ■ **अनुपम राजन,** एसीएस उच्च शिक्षा विभाग

# रिटायरमेंट के बाद फंड लेने भटक रहे प्रोफेसर, अधिकारी

## एडी 15 तक संचालनालय भेजेंगे प्रकरणों की जानकारी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के कालेजों से रिटायर होने के बाद प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेर, ग्रंथपाल एवं खेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें मिलने वाला फंड नहीं दिया जा रहा है। इसमें सामान्य भविष्य निधि, समूह बीमा योजना, अवकाश नकदीकरण, उपदान शामिल हैं। इससे उन्हें काफी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए उच्च शिक्षा विभाग ने प्राचार्य और अतिरिक्त संचालकों को पत्र लिखकर लंबित प्रकरण का निराकरण करने के आदेश दिए हैं।

विभाग ने आदेश देते हुए कहा कि पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) भी समय पर जारी नहीं किया जा रहा है। क्योंकि सेवा पुस्तिका को पूरा करने और इसे संबंधित कार्यालयों में भेजने में देरी हो रही है। विशेष रूप सेजुलाई 2020 अथवा जनवरी 2021 की वार्षिक वेतनवृद्धि को जोड़ते हुए एरियर सहित सेवानिवृत्ति लाभ दिए जाने की रिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। विभाग ने आदेश में कहाकि प्राचार्य व प्रभारी प्राचार्यगण अपने कालेज में सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारी व कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति के बाद फंड का नियमानुसार भुगतान करें। ऐसे प्रकरण जिनमें संचालनालय से कार्रवाई होना है। उनकी जानकारी विभाग द्वारा जारी फार्मेट में संबंधित क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक (एडी) को भेजें। सभी एडी द्वारा प्राप्त प्रकरणों को एकत्रित कर 15 जून तक संचालनालय को साफ्ट एवं हार्ड कॉपी में भेजेंगे।

### प्राचार्य पर होगी कार्रवाई

संचालनालय द्वारा लंबित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही कर पीपीओ आदेश जारी कर सेवानिवृत्ति उपरात बिना पर्याप्त कारण के संबंधित अधिकारी कर्मचारी के फंड का भुगतान समय-सीमा में प्राचार्य द्वारा नहीं किया जाता है, तो संबंधित प्राचार्य के विरुद्ध कार्यवाही तक की जायेगी।

# हमीदिया में जल्द शुरू होगा पुराना गेट

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में सात माह बाद रॉयल मार्केट साइड का गेट फिर से आम मरीजों के लिए खोला जाएगा। रिनोवेशन के कारण इस गेट को बंद कर दिया गया था। अब निर्माण कार्य पूरा हो गया है, इसलिए प्रबंधन ने इसे चालू करने की योजना बनाई है। गेट के शुरू होने से हमीदिया अस्पताल परिसर में कुल तीन गेट हो जाएंगे। इसमें एक गेट फतेहगढ़ साइड और दूसरा गेट अग्रसेन चौराहा की ओर है, जबकि तीसरा गेट रॉयल मार्केट की ओर है। जानकारी अनुसार अग्रसेन चौराहा वाला गेट इमरजेंसी मरीजों के लिए, रिजर्व किया गया है। आपको बता दें कि यह गेट रिनोवेशन के लिए 15 नवंबर 2024 को बंद किया था। जीएमसी प्रबंधन ने तब कहा था कि 3 माह में गेट शुरू कर देंगे, पर 7 माह हो गए। मेन गेट बंद होने के कारण मरीजों को इमरजेंसी गेट और फतेहगढ़ वाले गेट से आना-जाना पड़ रहा है। वहीं, रॉयल मार्केट वाले गेट और फतेहगढ़ वाले गेट पर लगे बूम बैरियर भी एक्टिव हो जाएंगे।

# टेक-ऑफ के महज 5 मिनिट बाद हुआ हादसा

## मुख्य पायलट को था 8200 घंटे उड़ान का अनुभव, विमान में भरा था 90 टन ईंधन

**अहमदाबाद, जेएनएन।** एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के अनुसार, एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 ने भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजकर 39 मिनट पर अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से उड़ान भरी थी। रनवे 23 से उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान एयरपोर्ट की सीमा के बाहर जमीन पर गिर गया और उसके तुरंत बाद घटनास्थल से आसमान में काला धुआं उठता हुआ देखा गया। विमान का संचालन कैप्टन सुमित सभरवाल कर रहे थे, जिनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमित सभरवाल एक एलटीसी हैं और उनके पास 8,200 घंटे का उड़ान अनुभव है, जबकि को-पायलट के पास 1,100 घंटे का उड़ान अनुभव था.

हादसे के बाद घटनास्थल के आसपास की सभी सड़कों को बंद कर दिया गया और बचाव एवं राहत अभियान के लिए मौके पर फायर बिग्रेड समेत रेस्क्यू टीम भेजी गई। इसके अलावा, अस्पताल में करीब 1,200 बेड का इंतजाम किया गया। साथ ही केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, जो कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए विजयवाड़ा में थे, विमान दुर्घटना की खबर मिलते ही तुरंत अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। एआई-171 बोइंग विमान था, जो उड़ान भरने के बाद आसानी से 12-14 घंटे तक उड़ सकता है। यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। इसलिए, विमान में 80-90 टन ईंधन का अनुमान है।

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) गुरुवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच करेगा। एएआईबी के महानिदेशक और एजेंसी में जांच निदेशक सहित अन्य लोग अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत, एएआईबी भारतीय हवाई क्षेत्र में परिचालित विमानों की सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं को दुर्घटनाओं और गंभीर घटनाओं में वर्गीकृत करने के लिए जिम्मेदार है।

**परिजनों का लिया जाएगा डीएनए:** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने विमान में सवाल सभी 230 यात्रियों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। परिजनों को डीएनए के लिए सूचित कर दिया गया है। परिजनों के डीएनए से मिलान कर मृतकों के नामों की अंतिम पुष्टि की जाएगी।



### विजय रूपाणी बैठे थे सीट 2-डी पर

दुर्घटनाग्रस्त फ्लाइट में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी सवार थे। विमान में सवार लोगों की सूची में उनका नाम शामिल है। वे सीट 2-डी पर बैठे थे। जानकारी के मुताबिक रूपाणी की पत्नी अंजलि बेन छह महीने से लंदन में हैं। उनका वहां पर इलाज चल रहा था। अब वे ठीक को गई थीं और जल्द ही वे भारत वापस आने वाली थीं। रूपाणी उन्हें वापस लाने के लिए लंदन रवाना होने वाले थे।



रूपाणी की यह तस्वीर उनकी आखिरी तस्वीर के तौर पर वायरल हुई, हालांकि यह चार साल पुरानी है।

### सर्वाइवर: सीट 11 ए पर बैठे थे विश्वास



विमान हादसे में सभी लोगों के मारे जाने की सूचना है। हालांकि इस बीच एक यात्री विश्वास कुमार रमेश के विमान हादसे में बचने की सुखद खबर भी है। त्रासदी में 242 यात्रियों में से केवल विश्वास ही अब तक जिंदा मिल पाए हैं। विश्वास कुमार सीट नंबर 11 ए पर सवार थे। विश्वास कुमार की तस्वीरें जैसे ही सामने आई, हर कोई हैरान रह गया।

### भाई-बहन की एक साथ मौत



**उदयपुर।** अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान में उदयपुर के चार स्थानीय सवार थे। इसमें मार्बल व्यवसायी पिंकू मोदी के 24 साल के बेटे शुभ और 22 साल की बेटी शगुन मोदी सवार थीं। दोनों ने एमबीए की पढ़ाई की थी और वे पिता के कारोबार में हाथ बंटा रहे थे। दोनों भाई-बहन घूमने के उद्देश्य से लंदन जा रहे थे, जहां उनके एक मित्र के पास रुकने की योजना थी। शुभ और शगुन का नाम पैसेंजर लिस्ट में क्रमांक 98 और 99 पर दर्ज है।



### नौकरी से इस्तीफा, लंदन होने वाली थी सेटल

**बांसवाड़ा।** विमान हादसे में बांसवाड़ा के रहने वाले प्रतीक जोशी पूरे परिवार के साथ फ्लाइट में सवार थे। प्रतीक करीब छह साल पहले लंदन शिफ्ट हो गए थे। अब वह पत्नी और तीन बच्चों के साथ स्थायी रूप से वहीं बसने के लिए जा रहे थे। प्रतीक की पत्नी डॉ. कोमी व्यास ने दो दिन पहले ही नौकरी से इस्तीफा दिया था ताकि लंदन में नई शुरुआत की जा सके। इस परिवार के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो जुड़वां बेटियां थीं।

### पति से मिलने जा रही थी लंदन



अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान हादसे में राजस्थान के बालोतरा जिले की एक नवविवाहिता महिला खुशबू राजपुरोहित भी सवार थी। हादसे की खबर सामने आते ही खुशबू के पैतृक गांव अराबा और ससुराल खाराबेरा में मातम का माहौल छा गया। खुशबू राजपुरोहित का विवाह चार महीने पहले खाराबेरा निवासी डॉ. विपुल राजपुरोहित से हुआ था। डॉ. विपुल लंदन के एक सरकारी अस्पताल में डॉक्टर के पद पर कार्यरत हैं। शादी के बाद पहली बार खुशबू लंदन में अपने पति से मिलने जा रही थी।

### विमान मेडिकल हॉस्टल इमारत से टकराया, कई छात्र घायल, दर्जन भर से अधिक मौत की आशंका

एआई-171 एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान था, जो अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए रवाना हुआ था। यह एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकराया। इमारत में छात्र लंच कर रहे थे। इनमें से कई घायल हो गए और दो दर्जन से अधिक की मौत की आशंका है। विमान को कैप्टन सुमीत सभरवाल उड़ा रहे थे, जिनके पास 8,200 घंटे की उड़ान का अनुभव था। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे, जिनके पास 1,100 घंटे की उड़ान का अनुभव था। स्थानीय मीडिया और राहत दलों के अनुसार, दुर्घटनास्थल पर विमान का मलबा चारों ओर फैला हुआ है। चारों तरफ धुआं और आग की लपटें देखी गईं। पुलिस उपायुक्त कनन देसाई ने शुरुआत में बताया कि हादसे में किसी के जीवित होने की संभावना नहीं है और मृतकों की संख्या का आधिकारिक आंकलन किया जा रहा है। हालांकि बाद में एक यात्री के जीवित होने की पुष्टि की गई। इसके बाद पुलिस ने बताया कि और भी यात्री जीवित हो सकते हैं।

एआई-171 की यह दुर्घटना भारत के विमानन इतिहास की सबसे भयानक घटनाओं में से एक बन गई है। शुरुआती संकेतों के अनुसार, यह हादसा टेकऑफ के तुरंत बाद हुआ, जिससे सुरक्षा मानकों और तकनीकी निरीक्षण की प्रक्रियाओं पर फिर से सवाल खड़े हो रहे हैं। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, दुर्घटना के पीछे की असल वजह सामने आएगी।



"यह हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।
● **द्रोपदी मुर्मू**, राष्ट्रपति

### हादसों से लिए गए सबक

भारत में बीते दशकों में कई घातक विमान हादसे हुए हैं। इन हादसों के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए), विमान कंपनियों और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) सिस्टम में अनेक सुधार किए गए।

#### चरखी दादरी मिड-एयर टकराव (1996) : 349 मौतें

- **घटना:** सऊदी अरब का बोइंग 747 और कजाखिस्तान का आईएल-76 विमान दिल्ली के ऊपर हवा में टकरा गए।
- **कारण:** एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संवाद में बाधा और ऊंचाई का उल्लंघन।
- **सुरक्षा सुधार:** भारत में टीसीएएस (ट्रैफिक कोलेशन एवॉइडेंस सिस्टम) अनिवार्य किया गया। इंग्लिश भाषा प्रवीणता की अनिवार्यता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार की गई। एयर ट्रैफिक कंट्रोल कम्युनिकेशन को अपग्रेड किया गया।

#### एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812, मैंगलोर (2010) : 158 मौतें

- **घटना:** दुबई से आ रहा विमान रनवे से फिसलकर घाटी में गिरा।
- **कारण:** अनस्टेबल अप्रोच और देर से टेक्निकल रिएक्शन।
- **सुरक्षा सुधार:** टेबल-टॉप रनवे पर विशेष सुरक्षा गाइडलाइन लागू की गई।
- रेस्क्यू इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार (ईएमएएस प्रणाली पर विचार)। पायलटों के लिए सिम्युलेटर आधारित ट्रेनिंग को आवश्यक किया गया।

#### इंडियन एयलाइंस फ्लाइट 605, बेंगलुरु (1990): 92 मौतें

- **घटना:** लैंडिंग के दौरान विमान रनवे को पार कर गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।
- **कारण:** पायलट द्वारा फ्लाइट कंट्रोल में गलती।
- **सुरक्षा सुधार:** फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) और कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर (सीवीआर) की अनिवार्यता। पायलटों की नियमित प्रशिक्षण और प्रदर्शन मूल्यांकन।

#### एयर इंडिया फ्लाइट 855, मुंबई (1978): 213 मौतें

- **घटना:** टेक-ऑफ के बाद अरब सागर में क्रैश।
- **कारण:** दिशा निर्धारण उपकरण (एटीट्यूड इंडीकेटर) की विफलता और पायलट भ्रम।
- **सुरक्षा सुधार:** रेडुन्डेंसी सिस्टम्स (बैकअप इंस्ट्रूमेंट्स) को अपग्रेड किया गया। 'क्रू रीसोर्स मैनेजमेंट (सीआरएम)' ट्रेनिंग अनिवार्य हुई।

#### एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 1344, कोझिकोड (2020): 21 मौतें

- **घटना:** रनवे पर फिसलने के बाद विमान दो हिस्सों में टूट गया।
- **कारण:** भारी बारिश में लैंडिंग, टेबल-टॉप रनवे, रनवे ओवररन।
- **सुरक्षा सुधार:** रनवे एंड सेफ्टी एरिया (आरईएसए) के विस्तार के निर्देश। मौसम आधारित डायवर्जन निर्णय प्रणाली मजबूत की गई। सिविल एविएशन ट्राइब्यूनल द्वारा समीक्षा प्रणाली को एक्टिवेट किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत और ब्रिटेन ने किया नौसैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की इकाइयों और ब्रिटेन की रॉयल नेवी के 'कैरियर स्ट्राइक ग्रुप' ने उत्तरी अरब सागर में 'पैसेज' अभ्यास (पासेक्स) में हिस्सा लिया, जो समुद्री सुरक्षा और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आधिकारिक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह अभ्यास नौ और 10 जून को आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास में भारतीय नौसेना के स्टेल्थ फ्रिगेट 'आईएनएस तबर', पनडुब्बी और पी8आई विमान ने भाग लिया। प्रवक्ता ने कहा,यह अभ्यास यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ किया गया, जिसमें 'एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स' और 'एचएमएस रिचमंड' पोत शामिल थे।

### फेमस टिकटॉकर लेम को यूएस से निकाला

**वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे फेमस टिकटॉक स्टार खाबी लेम को अमेरिका से बाहर निकाल दिया गया है। खाबी जिनका असली नाम सेरिंगे खबाने लेम है, उन्हें अमेरिकी इमिग्रेशन और आईसीई एजेंटों द्वारा लास वेगास में वीजा की अवधि से ज्यादा समय तक रहने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। इमिग्रेशन पर सख्त कार्रवाई के बीच खाबी को हिरासत में लिया गया था।

### बीएसएफ जवानों के लिए खस्ताहाल ट्रेन, 4 सस्पेंड

**नई दिल्ली।** बीएसएफ जवानों को गंदी ट्रेन देने के मामले में रेलवे के 4 अधिकारी सस्पेंड हो गए हैं। रेलवे ने प्रारंभिक जांच के बाद लापरवाही पर इन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई उस शिकायत के बाद हुई है, जिसमें बीएसएफ ने रेलवे पर 'गंदे और जर्जर' डिब्बों के साथ ट्रेन भेजने और जवानों की आवाजाही में 72 घंटे की देरी करने का आरोप लगाया था। बीएसएफ ने अगरतला स्टेशन प्रबंधक को एक औपचारिक शिकायत भी भेजी थी। इसमें पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की ओर से विशेष ट्रेन उपलब्ध कराने में 'अक्षम्य देरी' का जिक्र किया गया था। बीएसएफ के 1200 जवान अमरनाथ यात्रा 2025 की ड्यूटी के लिए गुवाहाटी से कश्मीर जाने वाले थे। इसके लिए रेलवे से एक विशेष ट्रेन की मांग की गई थी। हालांकि, जो ट्रेन उन्हें उपलब्ध कराई गई, उसकी हालत बेहद खराब थी।

### कांग्रेस महासचिव जयपराम रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी से पूछे 4 सवाल

# पार्टी प्रमुखों से कब मिलेंगे पीएम, विश्वास में कब लेंगे



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को पीएम मोदी से 4 सवाल किए। इनमें सर्वदलीय बैठक करने, ऑपरेशन सिंदूर पर समीक्षा समिति गठित करने, मानसून सत्र में 2 दिवसीय चर्चा और पहलगाम हमले के आतंकियों को पकड़ने के लिए की गई कोशिश के सवाल शामिल हैं। रमेश ने कहा, 32 देशों की यात्रा से लौटे 7 डेलिगेशन के 51 सांसदों से पीएम का मिलना ठीक है। यह उनका विशेषाधिकार है और ये कोई आश्चर्य की बात नहीं है, लेकिन हमारे पास केवल चार आसान सवाल हैं। हम चाहते हैं कि पीएम इन सवालों का जवाब दें। कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) पर कहा- केंद्र सरकार तीन आसान चरणों में मनरेगा को खत्म करने पर काम कर रही है। रमेश ने एक्स पर मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इसमें दावा किया गया है कि पहली बार सरकार ने मनरेगा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के लिए अपने सालाना आवंटन के 60 प्रतिशत पर खर्च की सीमा तय की है।

### राहुल ने पीएम को लिखा पत्र, बोले-स्कॉलरशिप में हो रही देरी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्रों की समस्याओं को लेकर पीएम मोदी को पत्र लिखा। राहुल ने बताया कि वे पिछले महीने बिहार में अंबेडकर हॉस्टल गए थे, जहां स्टूडेंट ने इन समस्याओं को जिक्र किया था। राहुल ने छात्रों को मिलने वाली स्कॉलरशिप का मुद्दा भी उठाया। राहुल ने लिखा, दलित, एसटी, इकोनॉमिक बैकवर्ड क्लास (ईबीएस), ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के स्टूडेंट को मिलने वाली स्कॉलरशिप में देरी न हो।

### विकास लंबे भाषणों या बड़े विज्ञापनों से नहीं आता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में भाजपा सरकार की पहली वर्षगांठ समारोह से पहले विपक्ष के नेता और बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सरकार पर सभी मोर्चों पर विफल रहने का आरोप लगाया। यहां शंख भवन में जन जागरण अभियान की शुरुआत करते हुए बीजद अध्यक्ष ने कहा, पिछले एक साल में भाजपा सरकार केवल लंबे भाषणों और बड़े विज्ञापनों तक ही सीमित रही है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने एक साल पूरा कर लिया है।

# सीसीएस में छात्रों पर लाठीचार्ज रजिस्ट्रार सहित 8 पर केस दर्ज

**हिसार, जेएनएन।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति आवास के सामने छात्रों पर लाठीचार्ज के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने रजिस्ट्रार सहित 8 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। लाठीचार्ज के मामले में 3 छात्रों को गंभीर चोटें लगी थी और 7-8 छात्रों को मालूम चोटें आई हैं। घायल छात्रों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं, बुधवार को दूसरे दिन एचएयू नंबर 4 गेट के सामने सैकड़ों छात्र-छात्राएं मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहे। छात्रों ने टेंट लगाकर लंगर की व्यवस्था की है। छात्रों कहना है कि जिन अधिकारियों ने छात्रों पर लाठीचार्ज किया है उन्हें हटाना चाहिए। दूसरे दिन छात्र धरने पर बैठे रहे और यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मामले पर सिविल लाइन पुलिस ने छात्रों की शिकायत के आधार पर सिक्योरिटी इंचार्ज सुखबीर सिंह, प्रो. राधेश्याम, रजिस्ट्रार पवन कुमार, सुमन, नरेंद्र, जगमेश पूनिया, अनूप, पवन कुमार और बिजेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। छात्र दीपांशु ने कहा कि 10 जून को वीसी कार्यालय के सामने स्कॉलरशिप मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से बैठे हुए थे, उसी समय एचएयू के गार्ड बिजेंद्र अनूप, जगमेश, नरेद्र, महिला गार्ड सुमन ने मिलकर छात्र छात्राओं पर आनंद, जतिन, मोहित पर हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें लगी थी। दीपांशु के अनुसार रात को सभी छात्र कुलपति आवास के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से बैठे थे उसी समय कुलपति की गाड़ी आई। उनके आदेश की पालना करते हुए रजिस्ट्रार, प्रोफेसर सिक्योरिटी गार्ड ने लाठियों-डंडों से छात्रों पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें लगी। छात्रों ने आरोप लगाया कि रजिस्ट्रार ने डंडे मारे हैं। इस घटना में चक्षु, निखिल, राहुल, मोहित कुमार, विक्रम और अन्य छात्रों को चोटें लगी है। छात्रों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कहा गया कि छात्रों ने सुरक्षा कर्मचारी के साथ मारपीट की और उनके कपड़े तक फाड़ दिए थे।

● **कुलपति के आवास के सामने प्रदर्शन पर लाठीचार्ज**

# नाबालिग ने कुल्हाड़ी से की पिता की हत्या

जागरण, जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर में एक नाबालिग लड़के ने पिता की हत्या कर दी, चूंकि वह रोज शराब के नशे में धुत होकर उसकी मां के साथ मारपीट करता था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बेलखेड़ा थाने पहुंचा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में उपयोग हथियार भी जब्त कर लिया है। घटनास्थल पहुंची पुलिस टीम ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए पाटन स्वास्थ्य केंद्र भेजकर जांच शुरू कर दी है। आरोपी बेटे का कहना है कि रोज-रोज पिता की इस हरकत से वह परेशान हो गया था, तब जाकर यह कदम उठाया। दरअसल बेलखेड़ा थाना के ग्राम नयाखेड़ा में रहने वाला गोविंद सिंह रोज की तरह मंगलवार रात 2 बजे घर पहुंचा।

# कटरा-श्रीनगर वंदे भारत में 10 दिन वेटिंग

## रेलवे बोला-दो ट्रेनें भी कम पड़ रही हैं, हर दिन बढ़ रही बुकिंग की संख्या

**श्रीनगर, जेएनएन।** गत दिनों जम्मू-कश्मीर में कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभारंभ किया था। इसके एक हफ्ते के अंदर ही कटरा से श्रीनगर जाने वाली वंदे भारत ट्रेन में यात्रियों की भीड़ उमड़ने लगी है। आलम यह है कि अगले 10 दिनों तक की सभी सीटें बुक हो चुकी हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, ट्रेन शुरू होने के पहले दिन से ही लंबी वेटिंग लिस्ट बन गई थी और अब हर दिन बुकिंग की मांग और बढ़ रही है। कटरा और श्रीनगर के बीच दो ट्रेनें चलाई जा रही हैं, लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा है कि ये भी कम पड़ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी।



### 10 घंटे का सफर करीब 3 घंटे में पूरा

आजादी के 76 साल पूरे होने के बाद भी कश्मीर घाटी बर्फबारी के सीजन में देश के दूसरे हिस्सों से कट जाती है। बर्फबारी होने पर नेशनल हाईवे-44 बंद होने से कश्मीर घाटी जाने का भी बंद हो जाता है। इसके अलावा भी सड़क के रास्ते जम्मू से कश्मीर जाने में 8 से 10 घंटे का समय लग जाता था। ट्रेन शुरू होने से यह सफर करीब तीन घंटे में पूरा हो रहा है। रूट पर दो ट्रेन चल रही हैं। पहली ट्रेन कटरा से सुबह 8.10 बजे चलकर सुबह 11.10 बजे श्रीनगर पहुंचती है। यही ट्रेन दोपहर 2 बजे श्रीनगर से वापस शाम 5.05 बजे कटरा पहुंचती है। वहीं, दूसरी ट्रेन दोपहर 2.55 बजे कटरा से चलकर शाम 6.00 बजे श्रीनगर पहुंचती है।

# नक्सल: एक और टॉप कमांडर सहित 2 ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुकानार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुसगुन्ना गांव के करीब जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान पेदारास एलओएस (लोकल ऑर्गनाइजेशन स्क्वाड) कमांडर बमन के रूप में हुई है। बमन के ऊपर पांच लाख रुपये का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि कुकानार क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को कुकानार थाने के पुलिसकर्मी और सुकमा जिला रिजर्व गार्ड के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान बुधवार अपराह्न दो बजे से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच कई बार मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों के शव के अलावा एक इंसास राइफल, 12 बोर की एक राइफल, अन्य हथियार, गोला बारूद और विस्फोटक सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान पेदारास एलओएस कमांडर बमन के रूप में हुई है। बमन पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित है। महिला नक्सली के शव की पहचान कराई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल के आस-पास के घने जंगलों का लाभ उठाकर कई अन्य नक्सली फरार हो गए हैं। उनकी तलाश के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों को वहां भेजा गया है। इलाके में अभियान जारी है।

# शताब्दी एक्सप्रेस पर दतिया और ग्वालियर में पथराव, शीशे टूटे

**जागरण, ग्वालियर।** भोपाल से दिल्ली जा रही शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर एक बार फिर पथराव की घटना सामने आई है। यह पथराव दो अलग-अलग स्थानों पर हुआ, जिससे ट्रेन के कोच के शीशे टूट गए। घटना के दौरान ट्रेन में बैठे यात्री दहशत में आ गए। हालांकि, गनीमत रही कि कोई घायल नहीं हुआ। घटना की सूचना पर सीआरपीएफ और रेलवे पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पहली पथराव की घटना दतिया के पास हुई। यहां कुछ अज्ञात लोगों ने चलती ट्रेन पर पत्थर फेंके। इसके बाद जब ट्रेन ग्वालियर स्टेशन पर पहुंची, तो वहां भी पथराव हुआ। दो जगहों पर हुई इस घटना के चलते यात्री घबरा गए और ट्रेन में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, घटना शताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12001) के सी-3 कोच में हुई, जिस पर जोरदार पथराव किया गया। इससे कोच के शीशे टूट गए। गनीमत रही कि कोई यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। घटना के बाद ट्रेन को ग्वालियर स्टेशन पर रोका गया और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) व रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मौके पर पहुंचे। उन्होंने यात्रियों से पूछताछ शुरू कर दी है। अब तक पथराव करने वालों की पहचान नहीं हो सकी है। यात्रियों ने बताया कि घटना के बाद वे बेहद डरे हुए थे। मालूम हो कि इससे पहले भी वंदे भारत और शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनों पर पथराव की घटनाएं हो चुकी हैं। बुधवार की यह घटना उस समय हुई जब ट्रेन रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (भोपाल) से दिल्ली की ओर जा रही थी, जैसे ही ट्रेन दतिया के पास पहुंची, अज्ञात बदमाशों ने पथराव कर दिया।

# मोदी सरकार की नीतियां समावेशी विकास की अवधारणा को मजबूत करते हुए गरीब कल्याण के लिए वरदान साबित हुई : बृजेंद्र प्रताप सिंह



## मोदी सरकार के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल की गिनाई गई उपलब्धियां

## संगठन के कार्यकर्ता की जागरूक प्रचार प्रसार से गरीबों तक योजनाएं पहुंची : जिला अध्यक्ष बीजेपी

**पन्ना।** आज स्थानीय भाजपा कार्यालय में भाजपा की जिला प्रेस वार्ता संपन्न हुई भाजपा मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने बताया कि प्रदेश आवाह्न पर केंद्र में मोदी सरकार भाजपा सरकार के सेवा , सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष की उपलब्धियों के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्री व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे । बताया गया कि मोदी सरकार में सेवा को संकल्प बनाया, सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता, यही है नया भारत, यही है विश्व का विश्वास । भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आशीष तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत करते हुए बताया कि संगठन में कार्यकर्ता अवधि - समय सीमा के पहले ही अपने कार्यों की लक्ष्य पूर्ति कर लेते हैं, संगठन और उसके कार्यकर्ताओं के प्रयास से जन-जन तक एवं अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। भाजपा सरकार में गरीब कल्याण के लिए अनगिनत योजनाओं से गरीब, महिला, युवा, किसान एवं मध्यम वर्गीय परिवार विकास की मुख्य धारा में जुड़े है। मोदी सरकार की हर योजना के केंद्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षित की, अर्थव्यवस्था मजबूत की और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान की आतंकी ठिकानों और एयरवेज को ध्वस्त कर यह दिखा दिया कि अब मोदी का यह नया भारत शांति की बातें नहीं बल्कि घर में घुसकर आतंक का सफाया करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को स्पष्ट और सख्त भी संदेश दिया कि आतंक, पानी और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। पूरे विश्व को प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय धरती पर किसी भी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। ह्य400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, आईएनएस विक्रांत, तेजस और प्रचंड अटैक हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी तकनीकियों की शक्ति से रक्षा शक्ति के रूप में नई ऊर्जा के साथ उभर रहा है। रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान ऑपरेशन गंगा, अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जें के समय ऑपरेशन देवी शक्ति और कोविड में वंदे भारत मिशन के जरिए मोदी सरकार करोड़ों भारतीयों को विदेशों से सुरक्षित लेकर आई। जहां एक समय देश के 96 जिले नक्सलवाद की चपेट में थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक नीति और सुरक्षा बलों की सशक्त कार्रवाई से अब नक्सल प्रभावित जिले घटकर गिनती के रह गए हैं। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है जहां वस्तु और सेवा निर्यात 825 अरब डालर तक पहुंचा है। सरकार के ई बाजार त्नश्वरू पोर्टल से खरीद में भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त हो चुका है इस प्रणाली पर मार्च 2025 तक 13. 41 लाख करोड़ से अधिक 2.83 करोड़ आर्डर दिए गए हैं। मोदी सरकार ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की शुरुआत कर 44 लाख करोड रुपए सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचना शुरू कर दिया जिससे दलालों की भूमिका खत्म हो गई और भ्रष्टाचार कम हो गया।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को जमीन पर उतारते हुए भारत को 142 वीं रैंक से श्री सातवीं रैंक तक पहुंचाया है। मध्यम वर्ग के जीवन को आसान बनाना और अवसरों को भरपूर करना भाजपा सरकार का प्रथम दिन से लक्ष्य रहा है और इस प्रतिबद्धता का परिणाम नई कर व्यवस्था के तहत 12.75 लाख तक की आय पर टैक्स छूट है। 2024 में चंद्रयान 3 की सफलता और गगनयान की तैयारी इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार में भारत के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों को दिए गए महत्व, उनके हुनर को दिए गए अवसर और उनकी प्रतिभा को दी गई पहचान से ही मुमकिन हुआ है। चिनाब ब्रिज जिसका हाल ही में पप्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया वह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है, महाराष्ट्र में बधावन पोर्ट परियोजना, पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल, ऐतिहासिक पंबन रेल पुल , राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम के तहत 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित करना हो जैसी अनेकानेक परियोजनाओं से मोदी सरकार ने इंफ्रा निर्माण की रफ्तार को नई गति दी है। मोदी सरकार में 99त्न गांव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ चुके है,देश में प्रतिदिन 34 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है। उड़ान योजना के तहत न सिर्फ हवाई अड्डों की संख्या 160 तक दुगनी हुई बल्कि आम आदमी के लिए हवाई सफर संभव हुआ है। 2025 -26 में कृषि बजट को रिकॉर्ड 5 गुना बढ़ाया गया है,देश के अन्नदाता ही भारत की ताकत है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने 81 करोड लोगों को मुफ्त 5 किलो अन्न दिया , 4 करोड़ से अधिक पक्के घर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने और जल जीवन मिशन के तहत 15 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल से पहुंचा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 93 हजार करोड़ से 112 सिंचाई परियोजना शुरू हुई है तथा द्धद्बरू से 1473 मंडियों को जोड़ा गया है। कॉप 21 के लक्ष्य 9 वर्ष पहले पूरे कर दिखाया कि विकास और पर्यावरण एक साथ संभव है। एक पेड़ मां के नाम पहल पर पूरे देश में 142 करोड़ से अधिक पौधारोपण किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास भी और विरासत भी के सूत्र का पालन किया है जिसमें जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, विश्व स्तरीय काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल परियोजना और राम मंदिर अब सपना नहीं बल्कि असलियत है। नारी शक्ति बंधन अधिनियम से लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 परसेंट आरक्षण मिला है इसके साथ-साथ महिलाओं के हक में तीन तलाक खत्म किया और मातृत्व अवकाश को 26 सप्ताह किया गया। महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन मिला, सैनिक स्कूलों और एनडीए जैसी रक्षा अकादमी में प्रवेश शुरू हुआ। नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव ला रही है ,एम्स की संख्या बढ़कर 23 हो गई,आठ नए आईआईएम, सात नई आईआईटी और 490 नई यूनिवर्सिटी स्थापित की गई है। सरकार की स्टार्टअप इंडिया योजना ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाया है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 40.71 करोड़ स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किए गए। जहां स्वास्थ्य सुविधाओं पर फोकस करते हुए राज्यों में 17750 से अधिक ग्रामीण स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र व 11 हजार से अधिक शहरी स्वास्थ्य और वेलनेस केंद्र स्थापित किए। पूर्वोत्तर आज मोदी सरकार में समावेशी विकास का अहम हिस्सा बन चुका है। राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर सम्मिट 2025 ने 4.3 लाख करोड़ निवेश आकर्षित किया व उग्रवाद में 64त्न कमी आई है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अंतिम छोर तक के व्यक्ति को लाभ पहुंचा है और यह योजनाएं गरीब कल्याण के लिए वरदान साबित हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत में मोदी सरकार में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों की प्रदर्शनी का फीता काटकर विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने किया और पत्रकार वार्ता के अंत में 11 साल बेमिसाल के विकास कार्यों की फिल्म सभी पत्रकारों एवं जिला अध्यक्ष और जन प्रतिनिधी ने एक साथ देखी।

# नजाई मंडी में चला प्लास्टिक हटाओ, थैला अपनाओ अभियान



## पॉलिथीन छोड़कर कपड़े या जूट के थैले अपनाएं- अब्दुल गफ्फार

**टीकमगढ़।** प्लास्टिक और प्रदूषण से मुक्त बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला प्रशासन ने %प्लास्टिक हटाओ, कपड़े का थैला अपनाओ% अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम चलाया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में राजेंद्र पार्क में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार, सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया, पार्षदों और नगर पालिका कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सब्जी मंडी और कटरा बाजार में लोगों को कपड़े के थैले बांटे गए। इसके साथ ही नागरिकों को पॉलिथीन का उपयोग बंद करने और कपड़े के थैले अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। इस मुहिम के जरिए प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने का संदेश दिया गया। कांग्रेस पार्षद पूनम जायसवाल ने बताया कि आम लोगों को कपड़े के थैले मुफ्त में दिए गए और प्लास्टिक के विकल्प अपनाने की समझाईश दी गई।इस अवसर पर रजनी पूनम जायसवाल, हबीब राइन, जसवंत बाल्मीकि, सूर्य प्रकाश नायक, सुरेन्द्र सोनी, सन्नी सोनी सहित नगर पालिका के कई कर्मचारी मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने खुद बाजार में जाकर दुकानदारों और ग्राहकों को कपड़े के थैले वितरित किए और प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताए।

# वी मित्र ऐप पर विद्युत अनियमितता की शिकायत पर मिलेगा 50 हजार राशि तक का ईनाम

**पन्ना।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा मोबाइल एप्लीकेशन विद्युत मित्र विकसित किया गया है। यह एप कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट एवं गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। वी मित्र एप के माध्यम से आमजन अब स्वयं बिजली चोरी, मीटर में छेड़छाड़, अवैध विद्युत कनेक्शन, अवैध पावर एक्सटेंशन, एक ही स्थान पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन, बिजली कनेक्शन का अवैध रूप से विस्तार और अधिक लोड का उपयोग करने वाले व्यक्तियों की शिकायत कर सकते हैं। इस एप में शिकायतों की लाइव मॉनीटिरिंग भी की जा सकती है। विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता अमितेश मिश्रा ने बताया कि वी मित्र एप जनता का ऑडिट, जनता के द्वारा, जनता के लिए सिद्धांत पर कार्य करता है। वी मित्र एप डाउनलोड कर शिकायत वाले बिजली उपभोक्ता का नंबर दर्ज करना होगा। इसके उपरांत अनियमितता के प्रकार का चयन कर व फोटो अपलोड कर रिपोर्ट सबमिट करना होगी। नंबर उपलब्ध नहीं होने पर एप स्वचलित रूप से उपयोगकर्ता के वर्तमान स्थान की लोकेशन कैप्चर करेगा। यहां भी फोटो अपलोड करना आवश्यक है। शिकायकर्ता की शिकायत पर कंपनी की सतर्कता जांच टीम संबंधित स्थल पर पहुंचकर जांच करेगी और शिकायत सही पाए जाने पर ईनाम की राशि सीधे शिकायतकर्ता द्वारा लिंक किए गए बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। यह राशि अधिकतम 50 हजार रूपए तक निर्धारित है। विद्युत अनियमितता की शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

# आतंक का सफाया करता है नया भारतः विधायक



**टीकमगढ़।** भाजपा कार्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री और जतारा विधायक हरिशंकर खटीक तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत मौजूद रहे। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी और प्रफुल्ल द्विवेदी ने बताया कि यह कार्यक्रम केंद्र में मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित था। जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता समय से पहले ही अपने लक्ष्यों को पूरा कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि संगठन के प्रयासों से सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास की नई यात्रा तय की है। पिछले 11 वर्षों में सरकार ने सीमाएं सुरक्षित की हैं। अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। टेक्नोलॉजी को आम जनता तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि आतंक और व्यापार साथ नहीं चल सकते। भारतीय धरती पर कोई भी हमला युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। एस-400 मिसाइल, ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, आईएनएस विक्रांत, तेजस और प्रचंड हेलीकॉप्टर जैसी स्वदेशी तकनीकों से भारत की रक्षा शक्ति बढ़ी है।

# अतिक्रमण में आये लेन्टर को तोड़ते समय गिरा मजदूर, शरीर के कई अंगों में आई चोट

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ के नए बस स्टैंड रोड पर मकान का लेंटर तोड़ते समय एक मजदूर छज्जे सहित नीचे गिर गया। मजदूर ओमप्रकाश (33) को जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ओमप्रकाश मकान का लेंटर तोड़ने का काम कर रहा था। इसी दौरान वह छज्जे सहित नीचे गिर गया। जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर सिद्धार्थ रावत ने बताया कि ओम प्रकाश के चेहरे पर चोट लगी है। इसके अलावा हाथ पैर और पसलियों में अंदरूनी चोट आई है। उसका सिटी स्कैन कराया गया है। फिलहाल जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

**अतिक्रमण हटाने की चल रही कार्रवाई :** दरअसल बस स्टैंड रोड पर सड़क किनारे बंडा नहर पर कई लोगों ने मकान और दुकानें बना ली है। कलेक्टर के निर्देश पर लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। इसी के तहत लोग खुद अपने मकान तोड़ने में लगे हैं। आज मेहरबान सिंह के मकान का लेटर तोड़ते समय मजदूर को प्रकाश प्रजापति छज्जा सहित नीचे गिर गया।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

## 15 से 30 जून तक शिविरों के जरिए हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

## कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** भारत सरकार के निर्देशानुसार आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत जनजातीय समुदायों के हितग्राहीवार सर्वांगीण विकास के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आगामी 15 से 30 जून तक जनजागरूकता गतिविधियों एवं शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभांवित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। पन्ना जिले के समस्त पांच विकासखण्ड के 82 ग्राम पंचायतों के 108 ग्राम अभियान में शामिल हैं। इन ग्रामों में निवासरत लोगों को निर्धारित तिथि में आयोजित शिविरों के जरिए लाभ प्रदान करना सुनिश्चित किया जाएगा।



कलेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि शिविर के जरिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास, समग्र ई-केवायसी, 70 से अधिक उम्र के हितग्राहियों का आयुष्मान भारत कार्ड, वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन, मनरेगा के तहत रोजगार, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, मातृत्व वंदना योजना, टीकाकरण तथा सिकल सेल रोग परीक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिला कलेक्टर ने प्राथमिकता के साथ योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को शिविर में लाभांवित करने के उद्देश्य से अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की है। साथ ही संबंधितजनों को शिविर तिथि में भारत सरकार की चिन्हांकित सभी योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदान कर सेचुरेशन के निर्देश दिए हैं।

### अभियान में ये ग्राम हैं शामिल

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में पन्ना विकासखण्ड के 24 ग्राम क्रमशः कोनी, कटहरी बिलहटा, दरेरा, मनौर, हरसा, रानीपुर, पठा, खिरवा, रमखिरिया, लुहरहाई, कुदकपुर, गजना, शाहपुर, धनौजा, हाटूपुर, पुखरा, मठली, कल्याणपुर, मनकी, बड़ौर, गहदरा, कुड़ार, मकरीकुठार एवं राजापुर शामिल हैं। इसी तरह अजयगढ़ विकासखण्ड के 33 ग्राम क्रमशः मौहारी, सलैया, डुगरहो, बनहरीखुर्द, हनुमतपुर, रायपुर, पाठा, सिन्हाई, धवारी, बाराडंडेका, विश्रामगंज, भसूड़ा, मझगवां (कोडाई), बरियारपुर भूमियान, भापतपुर कुर्मियान, झिन्ना, बनहरीकला, देवरा भापतपुर, मझगांय, कुंवरपुर, बाराकगरेका, भानपुर, बरकोला खुर्द, बड़ी रूंझ, तरोनी, प्रतापपुर, भुजवई, भैरहा, जिगनी, मौकछ, नरदहा, तुलापुर एवं खोरा, गुनौर विकासखण्ड के 09 ग्राम क्रमशः छिजौरा, बिल्हा कंगाली, मड़ैयन कुलगवां, नचने, रामपुर, बरौंहा, महुआडाडा, बलगहा एवं रतनपुरा, पवई विकासखण्ड के 16 ग्राम क्रमशः कढ़ना, जूही, हड़ा, शिकारपुरा, खरमोरा, बिकौरा, बछौन, जूडा, घुटेही, बिरवाही, बिजदुहा खिलसारी, सकतरा, मोहली धरमपुरा, कल्दा, महुआ डोल एवं गुरजी शामिल हैं, जबकि शाहनगर विकासखण्ड के 26 ग्राम क्रमशः सलैया (फेरन सिंह), करौंदी, परासी, सुनपुरा, पगरी, रामपुर (खजुरी), पौसी, सतधारा, सिजहटी, मरहा, बिहरिया, जूड़ सिंह, मझगवां, जमड़ा, श्यामगिरि, पोंड़ी कला, टिकुल पोंड़ी, बारी, सोनमउ कला, बिलपुरा, डोहली, पटना, बीरमपुर, मुरता, डोभा बघनरवा एवं चुनगुना शामिल हैं।

### इन ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

अभियान अंतर्गत समस्त विकासखण्ड के चिन्हांकित ग्रामों के शिविर संबंधित ग्राम पंचायत भवन में लगाए जाएंगे। पन्ना विकासखण्ड में ग्राम पंचायत कटहरी बिलहटा, मनौर, बगौंहा, कृष्णाकल्याणपुर, रहुनिया, इटवाखास, रमखिरिया, लुहरहाई, बरहोंकुदकपुर, गजना, बृजपुर, बड़गड़ीखुर्द, जमुनहाई, सुनहरा, मनकी, बड़ौर, तालगांव, कुड़ार, मकरीकुठार एवं राजापुर में शिविर लगाया जाएगा। इस क्रम में अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गुमानगंज, सलैया, सब्दुआ, हनुमतपुर, पाठा, सिन्हाई, विश्रामगंज, भसूड़ा, बरियारपुर भूमियान, भापतपुर कुर्मियान, झिन्ना, बनहारीकला, देवराभापतपुर, मझगांय, कुंवरपुर, बाराकगरेका, बरकोला, बहादुरगंज, तरोनी, प्रतापपुर, भैरहा, जिगनी, देवलपुर, नरदहा, अमरछी एवं खोरा में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत छिजौरा, कुलगवां, नचने, रामपुर, बरौंहा, बलगहा एवं द्वारी, पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कड़ना, हड़ा, शिकारपुरा, ढेसाई, मुरकुछू, बछौन, घुटेही, मोहली धरमपुरा एवं कल्दा तथा शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सलैया फेरनसिंह, परासी, हरदुआ मैमारी, रामपुर खजूरी, जुगरवारा, शाहपुर कलां, शाहपुर खुर्द, धौवापुरा, ताला, सर्रा, श्यामगिरी, पौड़ीकला, मैन्हा, बारी, बिलपुरा, डोहली, पटना, बीरमपुर, हरदुआ सारसबाहू तथा बिलपुरा में शिविर लगाया जाएगा।

# स्वावलंबी गौशालाओं का शीघ्र निर्माण कर संचालन करें

## कृत्रिम गर्भाधान को प्रोत्साहित कर राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत मैत्री प्रशिक्षण भी शुरू कराएं

## स्मार्ट फिश पार्लर का कराएं निर्माण

**पन्ना।** स्वावलंबी गौशालाओं का शीघ्र निर्माण कर संचालित करें। कृत्रिम गर्भाधान को प्रोत्साहित कर अधिक से अधिक कृत्रिम गर्भाधान कराएं एवं राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत मैत्री प्रशिक्षण प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित करें, साथ ही स्मार्ट फिश पार्लर का निर्माण कराएं। उक्त निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने सागर में गुरूवार को संपन्न हुई संभागीय बैठक में पशुपालन डेयरी विकास एवं मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए दिए। इस अवसर पर उमाकांत उमराव प्रमुख सचिव पशुपालन डेयरी विकास, डॉ.सतेन्द्र सिंह सचिव पशुपालन डेयरी विकास, संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत भी उपस्थित रहे। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि स्वावलंबी गौशाला का निर्माण कर आवारा गौवंश को रखें और किसी निजी संस्था से संचालित कराएं। एक गौशाला में स्थान के अनुसार कम से कम 5 हजार अधिकतम 25 हजार गौवंश को रखा जाए। उन्होंने कहा कि चलित पशु चिकित्सालय के माध्यम से अधिक से अधिक गौवंश का ईलाज किया जाए। इन चिकित्सालयों के माध्यम से अभी तक गौवंश को सुरक्षित कराया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पशु धन योजना के माध्यम से मुर्गीपालन, बकरी पालन, सूकर पालन एवं चरी चारा विकास योजना के प्रकरणों का निराकरण बैंक के माध्यम से तत्काल कराएं। आचार्य विद्यासागर गौ सवंर्धन योजना एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में अधिक से अधिक पशुपालकों के आवेदन कराएं और आवेदनों का निराकरण भी कराएं। डॉ. भीमराव अंबेडकर योजना में आय की कोई सीमा नहीं है। सभी व्यक्तियों के साथ जो आयकर दाता भी हैं। वह भी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश स्टेट दूध डेयरी विभाग के द्वारा दुग्ध समितियों और उनके सदस्यों के बैंक खाते सहकारी बैंक में संधारित कराएं। इसी प्रकार नवीन मिल्क पार्लर की आवश्यकता अनुसार उनकी स्थापना कराएं। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा में बताया गया कि राष्ट का 9 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन मध्यप्रदेश में होता है। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में अव्वल है। प्रत्यारोपण तकनीकी से गायों के नस्ल सुधार कार्यक्रम में प्रदेश में अच्छा कार्य हो रहा है। पशुपालकों से मात्र 100 रुपए के शुल्क पर गायों का नस्ल सुधार किया जाता है। इससे पशुपालकों को अच्छी आय प्राप्त हो रही है। सभी कलेक्टर को निर्देश दिए गए कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ पशुपालकों को दें। कुक्कुट पालन एवं बकरी पालन से भी पशुपालकों को अच्छी आमदनी होती है, इसके लिए भी उन्हें प्रेरित किया जाए। मत्स्य विभाग की समीक्षा में प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने बताया कि प्रदेश में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना और मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना संचालित है। सभी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा दिए गए।

# कम्पनी के कर्मचारीयों के साथ मारपीट कर फैक्ट्री परिसर मे तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाने वाले आरोपियों पर की गई कार्यवाही

**पन्ना।** 07-08 जून की दरम्यानी रात्रि को अमित चौधरी अपने 02 साथी राहुल एवं नकुल चौधरी के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम गोरा मे बारात मे गये थे। जहां पर उनके द्वारा शराब का सेवन किया गया एवं रात तकरीबन 12ः30 बजे गांव की तरफ लौटते समय टाटा सर्विस सेंटर के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल से टक्कर हो जाती है जिसमें बाइक चालक अमित चौधरी रोड की तरफ वह अन्य दो साथी रोड की दूसरी तरफ गिर जाते हैं इस दौरान सिमरिया की तरफ से आते हुए एक अज्ञात ट्रक से दुर्घटना हो जाती है जिसमें अमित चौधरी की मौके पर ही मृत्यु हो जाती है जिसकी सूचना थाना अमानगंज को प्राप्त होती है। जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए थाना अमानगंज पुलिस बल मौके पर पहुंचता है जहां पुलिस के शासकीय वाहन से दोनों घायलों को अमानगंज अस्पताल पहुंचाया जाता है साथ ही उसी बीच मृतक के परिजन एवं ग्रामवासी मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को बीच रोड पर रखकर उनके द्वारा चक्का जाम किया जाता है पुलिस द्वारा चक्का जाम को रोके जाने पर पुलिस बल के साथ भी अभद्रता की जाती है जिस पर थाना अमानगंज में चक्काजाम एवं शासकीय कार्य मे बाधा डालने पर से 13 नामजद एवं अन्य व्यक्तियो के विरूध्द अपराध दर्ज किया गया।

इसके उपरांत पुलिस बल द्वारा मृतक के शव को परीक्षण हेतु अमानगंज अस्पताल लाया गया जहां शव परीक्षण के उपरांत परिजनों को शव सुपुर्दगी हेतु पुलिस द्वारा गृह ग्राम ले जाया जा रहा था उसी दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में मृतक केपरिवारजन एवं गांव के लोगो के द्वारा शव को पुलिस से जबरन लेकर निजी वाहन से जेके सीमेंट फैक्ट्री के सामने ले जाया गया जहां पर शव को पुनः रोड पर रखकर चक्का जाम किया गया एवं शासकीय कार्य मे बाधा पहुंचाते हुये करते हुये जे.के सीमेन्ट फैक्ट्री में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर फैक्ट्री परिसर मे तोड़फोड़ एवं कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट जैसी घटनाएं की गई जिस पर थाना सिमरिया में 18 नामजद एवं अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध तीन अलग-अलग अपराध दर्ज किए गए।

# एनटीपीसी विंध्याचल में जेम की बालिकाओं को मिला आत्मरक्षा अधिकार और आत्मसम्मान का पाठ






**जागरण, विन्ध्यनगर**

एनटीपीसी विंध्याचल में संचालित बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 के अंतर्गत आज एक विशेष कानूनी जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र बालिकाओं को आत्मरक्षा कानूनों की जानकारी और आत्मसम्मान के महत्व से अवगत कराने हेतु आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणमनोरम तिवारी एवं बाल संरक्षण अधिकारी ;महिला एवं बाल विकास विभाग नीरज शर्मा प्रेरक वक्ता के रूप मे उपस्थित रहे। उन्होंने बालिकाओं को गुड टच.बैड टच ना कहने का अधिकार और अनुचित व्यवहार की रिपोर्टिंग जैसे संवेदनशील विषयों पर खुलकर बातचीत के माध्यम से जागरूक किया। बालिकाओं ने सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनेक प्रश्न पूछे। वक्ताओं ने सरल भाषा में न्याय प्रणाली की कार्यप्रणाली शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और बच्चों के कानूनी अधिकारों की रक्षा हेतु उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एनटीपीसी विंध्याचल से प्रणव वर्मा अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन माहताब आलम उप महाप्रबंधक मानव संसाधन अजय मीणा वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन और निखिल जायसवाल कार्यपालक सीएसआर भी उपस्थित रहे। इस तरह के संवादात्मक सत्र जेम की प्रतिभागियों को न सिर्फ जानकारी देते हैं बल्कि उनमें आत्मविश्वास जागरूकता और आत्मसुरक्षा की भावना को भी मजबूती प्रदान करते हैं। एनटीपीसी विंध्याचल का यह प्रयास बालिकाओं के समग्र विकास और सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम है।

थाने पहुंचा खड्डी कॉलेज के अतिथि विद्वान का वॉयरल वीडियो मामला

# पुलिस ने शुरु की जांच, कर्मचारी ने की एफआईआर की मांग

**जागरण, सीधी।** शासकीय कॉलेज खड्डी के अतिथि विद्वान का वॉयरल वीडियो मामले की शिकायत खड्डी चौकी में की गई है। पीड़ित कर्मचारी ने अतिथि विद्वान के खिलाफ शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है व अपनी जान को खतरा बताया है। वॉयरल वीडियों भी पुलिस को कर्मचारी ने सौंपा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए खड्डी चौकी प्रभारी नीरज साकेत ने जांच शुरु कर दी है। बता दें कि बुधवार को एक वीडियो शोसल मीडिया में वॉयरल हुआ था, जिसमें शासकीय कॉलेज खड्डी के अतिथि विद्वान डॉ.अजय सिंह गहरवार कॉलेज के नियमित कर्मचारी प्रयोगशाला परिचायक सुखसेन सुटिया को धमकाते हुए दिख रहे हैं। वॉयरल वीडियो के संबंध में प्रयोगशाला परिचायक सुखसेन सुटिया ने शासकीय कॉलेज खड्डी प्राचार्य व अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग से शिकायत की थी। जिसके बाद उन्होंने अब इस संबंध में शिकायत संबंधित थाना खड्डी चौकी में की है।

## यह है पूरा मामला

शासकीय कॉलेज खड्डी जिला सीधी में पदस्थ नियमित कर्मचारी प्रयोगशाला परिचायक सुखसेन सुटिया ने बताया है कि 10 जून 2025 को समय सुबह 11:23 बजे कॉलेज में ही कार्यरत महिला अतिथि विद्वान पुष्पा कुमारी यादव जो कि दिनांक 04/06/2025 से 06/06/2025 तक बिना सूचना के अवकाश पर थी और अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित थी। जब महाविद्यालय में वह आईं तो नियमानुसार मेरे द्वारा अग्रिम कार्यवाही एवं रिकार्ड संधारित करने हेतु छुट्टी के लिए आवेदन पत्र माँगा गया था लेकिन उनके द्वारा आवेदन पत्र की जानकारी नहीं दी गई बल्कि इसकी सूचना उन्होनें फोन लगाकर डॉ.अजय सिंह गहरवार अतिथि विद्वान अर्थशास्त्र को दी। जिसके बाद डॉ.अजय सिंह गहरवार द्वारा मेरे साथ अभद्रता करते हुए एवं धमकी भरे शब्दों में यह कहा गया कि तुम किस हैसियत से उनसे छुट्टी का आवेदन मॉग रहे हो। साथ ही मेरे तरफ उगली करते हुये समस्त स्टॉफ के सामने मुझे धमकाया गया। जिससे मेरी भावनायें आहत हुई है एवं मेरे छवि की व्यक्तिगत हानि हुई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी अतिथि विद्वान अजय सिंह गहरवार द्वारा जबरन बहस की जा चुकी है और धमकाया जा चुका है। उनकी जान को खतरा है, वह रोजाना सीधी से खड्डी अप-डाऊन करते हैं।

## तुड़वा चुके हैं ताला

प्रयोगशाला परिचायक सुखसेन सुटिया ने बताया कि पूर्व में भी डॉ.अजय सिंह गहरवार द्वारा दबंगई पूर्वक कॉलेज की अलमारी में छेड़छाड़ की जा चुकी है, उनके द्वारा अलमारी का लॉक बदलवा दिया गया था। इसके अलावा कॉलेज के दस्तावेजों को भी वह अपने पास रख लेते हैं व देने में आनाकानी करते हैं। कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से इसकी शिकायत की जा चुकी है। उनका कहना है कि वह स्थानीय निवासी हैं इसलिए कॉलेज उनके अनुसार ही चलेगा।

मामला संज्ञान में है, शिकायत मिली है। मामले को जांच में लिया गया है व सुखसेन सुटिया को बयान के लिए बुलाया गया है।

**नीरज साकेत**
**प्रभारी चौकी खड्डी**

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जन-आधारित और पारदर्शी शासन की प्रतीक : शरतेन्दु




**जागरण बैढ़न।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से सिद्धि के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिंगरौली मे प्रदेश महामंत्री शरतेन्दु तिवारी ने पत्रकारों को संबोधित किया जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह की अध्यक्षता में पत्रकार वार्ता सम्पन्न हुई। वार्ता को संबोधित करते हुए शरतेन्दु तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जन.आधारित और पारदर्शी शासन की प्रतीक है जिसने बीते 11 वर्षों में आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। इसी कारण हम ष्विकसित भारतष् और अमृतकाल् को जमीन पुर उतरते हुए देख रहे हैं। पिछले 11 वर्षों में भारत ने गरीब और जन कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार रिफॉर्म परफार्म और ट्रांसफार्म की अवधारणा को चरितार्थ कर रही है। वर्ष 14 से पहले देश तुष्टिकरण और विभाजन की राजनीति में डूबा था लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में अब पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस की संस्कृति स्थापित हुई है। अब न्यू नॉर्मल न्यू ऑर्डर बन चुका है। आज देश की जनता भी कह रही है कि मोदी हैं तो मुमकिन है।आम आदमी की सोच बन गई है कि मोदी जी समस्याओं का समाधान करेंगे। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि यह सरकार भविष्य को ध्यान में रखकर देश को आगे की दिशा में ले जाने की सोच के साथ कार्य कर रही है। इसलिए आज हम विकसित भारत की बात करते हैं। पत्रकार वार्ता मे मुख्य रूप जिला संगठन प्रभारी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित होकर कोयला वाहन सड़क किनारे घर में जा घुसा



**जागरण, सरई।** जिले के सरई थाना अंतर्गत गन्नई गांव में आज तड़के सुबह एक कोयला वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर में जा घुसा। हालांकि इस हादसे में घर में रहने वाले सभी लोग सुरक्षित हैं कोई भी जनहानि नहीं हुई। इस घटना से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। पूरा मामला गन्नई गांव का है कोयला वाहन हाईबा जा रहा था जैसे ही यह वाहन गन्नई गांव में पहुंचा तो अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ में टकराते हुए कच्चे मकान में जा घुसा। गनीमत रही कि जहां पर ट्रक हादसे का शिकार हुआ है वहां पर कोई भी घर का सदस्य मौजूद नहीं था नहीं तो एक बड़ी जनहानि हो सकती थी । वहीं दूसरी ओर वाहन अनियंत्रित हो जाने कारण सड़क के दोनों हिस्सों में कई किलोमीटर का लंबा जाम लग गया है। घटना की जानकारी मिलते ही सरई पुलिस भी मौके पर पहुंची है। और ट्रक को हटाने का प्रयास करने में जुट गई वहीं जाम खुलवाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों का कहना है कि ओवर स्पीड के कारण यह हादसा हुआ है। जबकि स्थानीय बुद्धजीवियों द्वारा कोल परिवहन गाड़ियों के हाई स्पीड पर अंकुश लगाने के लिए कई बार प्रशासन से मांग की जा चुकी है।

# श्री ज्वालामुखी मंदिर मुख्य मार्ग पर बड़ी गाड़ियों के कतार से तीर्थ यात्रियों को हो रही है असुविधा



**जागरण, शक्तिनगर।** स्थानीय शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर मुख्य मार्ग पर बड़ी गाड़ियों ट्रेलर हाईवे एवं टैंकर की लंबी करें लगने से मंदिर पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को सुविधा हो रही है। स्थानीय एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना का तृतीय चरण निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें प्लांट से संबंधित उपकरणों का स्टील यार्ड मंदिर के ठीक सामने पुराना ज्वालामुखी कॉलोनी परिसर में स्टोर किया जा रहा है मंदिर के प्राचीन मार्ग के सामने बड़ा तौल कांटा भी लगाया गया है। जिससे मंदिर पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को सुविधा हो रही है इस संबंध में पूर्व में मंदिर के प्राधिकृत पुजारी द्वारा वैकल्पिक मार्ग को पुनः प्रारंभ किए जाने की मांग की गई थी पर परियोजना प्रबंधन द्वारा इनकार कर दिया गया है वैकल्पिक मार्ग प्रारंभ नहीं किए जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है इस संबंध में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा मंदिर पर पूर्व अधूरा निर्माण पड़ा वैकल्पिक मार्ग प्रारंभ किए जाने की मांग की जा रही है। पुजारी परिवार ने बताया कि जल्दी ही एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलकर समस्या के निदान की मांग किया जाएगा।

# प्राइवेट बसों मे बस मालिकों द्वारा वसूला जा रहा मनमानी किराया, यात्री परेशान

**जागरण, चितरंगी।** विकास खंड चितरंगी मुख्यालय के बस स्टैंड की हैं जहाँ से आने.जाने वाले यात्रियों ने आरोप लगाया है निजी बस मालिकों द्वारा मनमानी तरीके से यात्रियों से किराया वसूला जा रहा है जो यात्रियों के लिए अधिकार बना हुआ है बताते चलें कि चितरंगी से चारो दिशा में आने.जाने वाली प्राइवेट बसों का किराया परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित किया है। फिर भी परिवहन विभाग के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए बस मालिक अपनी ही मर्जी चला रहे हैं वहीं यात्रियों की परेशानी को देखते हुए मजदूर संघ के ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने सार्वजनिक मुद्दा उठाया है कि चितरंगी में जो प्राइवेट बस चल रही है। सवारियों से अपने अनुसार किराया लिया जा रहा है। जबकि सभी बस मालिको को चाहिए कि जो परिवहन विभाग द्वारा बस का किराया निर्धारित है उसकी सूची बस में चश्पा करना चाहिए। चितरंगी मुख्यालय से जो बस सीधी के लिए जा रही है। दूरी 75 किलोमीटर है। किराया 150 रुपये है। चितरंगी से लमसरई की दूरी 35 किलोमीटर है किराया 100 रुपये चितरंगी से बगदरा 60 किलोमीटर है जिसका किराया 120 रुपये चितरंगी से करथुआ 40 किलोमीटर किराया 100 रुपये चितरंगी से बुढाडोल 10 किलोमिटर किराया 30 रुपये लिया जा रहा है।आज के भाग दौड़ की जिंदगी में हर किसी व्यक्ति को बिना साधन का चलना मुश्किल है। चितरंगी क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है यहां अभी भी लोगों मे जागरूक नही देखी जा रही है वही जिम्मेदारों की बात करें तो जानबूझकर के भी अंजान बने हुए हैं सिर्फ चुनाव के समय ही जनता की याद आती है। जिसका मनमानी फायदा उठाया जा रहा है। जिला प्रशासन का ध्यानकर्षण कराया जा रहा है कि बस मालिको द्वारा मनमाना तरीके से जो किराया लिया जा रहा है परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित किराया रेट सूची बसों में चश्पा किया जाय । और उसी के अनुरूप किराया लिया जाय। ताकि यात्रियों अधिभार से बचने में सुविधा मिल सके।

# एनसीएल की दूधीचुआ परियोजना एवं सीडबल्यूएस इकाई ने सीएसआर के तहत स्थानीय परिक्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बांटी मच्छरदानी



## 850 से अधिक लोग हुए लाभान्वित

**जागरण, सिंगरौली।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल की दूधीचुआ परियोजना एवं सीडबल्यूएस इकाई ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत स्थानीय परिक्षेत्र में बदलते मौसम के चलते मच्छरजनित रोगों से बचाव हेतु विभिन्न स्थानों पर निरूशुल्क मच्छरदानी का वितरण किया। इस दौरान दूधीचुआ परियोजना द्वारा वार्ड संख्या 13 एवं 19 में तथा सीडबल्यूएस द्वारा मुड़वानी बैगा बस्ती जयंत कार्यालय परिसर सी.डब्ल्यू.एस जयंत और ग्राम अजगूढ चितरंगी में मच्छरदानी का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगों को मच्छरदानी के प्रयोग के लाभ एवं बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर 850 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। वितरण कार्यक्रम में परियोजनाओं से स्टाफ़ अधिकारी एचआरनोडल अधिकारी सीएसआर स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा सीएसआर के तहत समय.समय पर ऐसे अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

# 11 साल पूरे देश में हाहाकार : अभिमन्यु देव चंदेल



**बैढ़न।** पूरे देश में 11 साल बेमिसाल का डंका बीजेपी हर राज्य में जिला स्तर पर जो टीम भेज कर अपना गुणगान करा रही हैं वह सिर्फऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो उनकी विदेश नीति की विफलता रही है उसे छुपाने का एक जरिया मात्र है। बीजेपी के पिछले 11 सालों के नाकामियों की गिनती की जाए तो वह कम से कम 11 दिन लग जाएंगे लेकिन सिर्फ वैश्वीक नीति की यदि बात की जाए तो आज भारत ऐसे चौराहे पर खड़ा है कि आज समझ नहीं आ रहा है कि भारत के साथ विश्व का कोई देश साथ है भी कि नहीं दक्षिण एशिया के अपने समीपवर्ती देश की यदि बात की जाए तो बांग्लादेश श्रीलंका नेपाल में चीन का पूरी तरह से दखल हो चुका है चीन इन देशों को धीरे.धीरे आर्थिक उपनिवेश बनाता जा रहा है भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा है रूस तो हमारा गुटनिरपेक्ष सिद्धांत होने के दौरान भी भरोसेमंद देश रहा लेकिन अमेरिका के साथ जरूरत से ज्यादा भारत की निर्भरता एवं रूस यूक्रेन युद्ध में ढुलमुल रवैया के वजह से आज रूस भी तटस्थ देश बनकर रह गया है वहीं मध्य एशिया के देशों की बात की जाए तो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी देश मूकदर्शक बने रहे तुर्की जैसा देश जिससे मजबूत आर्थिक संबंध रहे वह तो खुलकर पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा जिस अमेरिका को मोदी जी नमस्ते ट्रंप कहते थकते नहीं थे उसी ट्रंप ने पाकिस्तान को महान दोस्त कह कर नवाज रहे हैं।

# मोरवा पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 7 पेटी अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार



## शराब तस्करी में संलिप्त अन्य लोगों की तलाश जारी

**जागरण, सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा अवैध कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोरवा पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी में लगे दो लोगों को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के दिशानिर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी के के पाण्डेय के सतत निगरानी में मोरवा निरीक्षक यू पी सिंह द्वारा गठित टीम जिसमें उपनिरी.एन. पी. तिवारी सउनि. उमेश अग्निहोत्री डी.एन. सिंह आर. दशरथ मांझी सुरेश परस्ते आकाश पटेल एवं कमलेश तिवारी ने मुखबिर की सूचना पर बरगवां तरफ ले जा रहे अवैध शराब की जानकारी पर कठास बायपास में घेराबंदी कर दो व्यक्तियो को 7 पेटी अवैध शराब के साथ पकडा। पुलिस द्वारा पकड़े गए चिनगो निवासी रामनिवास बसोर पिता धन्नेलाल बसोर 50 वर्ष एवं भौडार निवासी कन्हैयालाल बसोर पिता कमोटर बसोर 40 वर्ष जो अपनी हीरो स्पेलण्डर प्लस मोटर सायकल से एक सफेद रंग के झाल में 7 पेटी देशी प्लेन शराब लेकर जा रहे थे उन्हें पकडा कर अप.क्र. 358/25 धारा 34/2 आबकारी एक्ट कायम कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। इनको शराब लाने और ले जाने वाले अन्य शराब तस्करो की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एमएसडब्ल्यू बीएसडब्ल्यू परीक्षा का जिला समन्वयक ने किया निरीक्षण



**जागरण, चितरंगी।** मप्र जन अभियान द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कोर्स ग्रामोदय विश्व विद्यालय चित्रकूट की संबद्धता से शासकीय जगन्नाथ महाविद्यालय चितरंगी में बी एस डब्ल्यू एम एस डब्ल्यू सत्र 24 .- 25 की परीक्षा 10 जून से संचालित है। परीक्षा व्यवस्था केंद्र अध्यक्ष प्राचार्य डॉ राममिलन प्रजापति के मार्गदर्शन में की हो रही है। जिसमे सभी प्राध्यापकों के सहयोग से परीक्षा संचालित है। जन अभियान परिषद के परामर्शदाताओ की परीक्षा में सहयोग करने के लिए डियूटी लगाई जा रही है। परीक्षा संचालन और व्यवस्था देखने के लिए आज जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद जिला सिंगरौली से राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था रामचंद्र सेवा समिति के कार्यक्रम समन्वयक रजनीश साहू कालिका सेवा समिति शिवपुरवा के अध्यक्ष उमाशंकर बैस कृष्णा बहुद्देश्यीय समिति खम्हरिया से यदुवंश यादव उपस्थित रहे।

**इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी डिस्ट्रिक्ट ब्रांच सिंगरौली**
केन्द्रीय कार्यालय, डी.डी.आर.सी.भवन, निकट जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर, बैढ़न, जिला सिंगरौली (म.प्र.)
दिनांक 12.06.2025

**कार्मिक भर्ती सूचना**

निम्नलिखित पदों के लिए सूचीबद्ध किये जाने हेतु सक्षम अभ्यर्थी अपनी पूर्ण जानकारी, प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो सहित आवेदन ई-मेल resumeircs.singrauli@gmail.com के माध्यम से दिनांक 27.06.2025 तक सायं 05.00 बजे तक भेज सकते हैं साथ ही स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों एवं कार्यानुभव की छायाप्रति भी बंद लिफाफे में उपरोक्त कार्यालय के पते पर जमा करें।

| क्र. | नाम पद | वांछित योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | पैथोलोजिस्ट | एम.बी.बी.एस, एम.डी.(पैथ) या राष्ट्रीय रोग विज्ञान बोर्ड का डिप्लोमेट तथा न्यूनतम 03 वर्ष का कार्य अनुभव |

नोट :- 1. रिटायर्ड डॉक्टर भी आवेदन कर सकते है।
2. बायोडाटा फॉर्म रेडक्रॉस की वेब साईट https://indianredcrosssingrauli.org से डाउनलोड करके फॉर्म के साथ सभी योग्यता तथा कार्यानुभव प्रमाण पत्र संलग्न करके भेजे।

सचिव

**नाम सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै मोहम्मद जाकिर सिद्धिकी पिता स्व. मोहम्मद आशिक सिद्धिकी उम्र 51 वर्ष निवासी विन्ध्यनगर रोड बैढ़न पो. बैढ़न जिला सिंगरौली म.प्र का निवासी हूँ। मै शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि ऐलाफ सिद्दीकी (**Ailaf Siddique**) मेरा पुत्र है जिसका मैं पिता /संरक्षक हूँ। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे उक्त पुत्र के विद्यालय रिकार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम ऐलाफ सिद्दीकी (**Ailaf Siddique**) अंकित है। परन्तु मेरे उक्त पुत्र के आधार कार्ड (7774 6869 4628) में उसका नाम आलाफ शेख (**Alaf Sheikh**) अंकित है जो गलत है जबकि उसका सही व वास्तविक नाम ऐलाफसिद्धीकी (**Ailaf Siddique**) है। अपने पुत्र का गलत नाम आलाफ शेख (**Alaf Sheikh**) के जगह सही नाम ऐलाफ सिद्दीकी (**Ailaf Siddique**) सुधार किए जाने बाबत मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है।

## मैदान से हटकर

### सिंगापुर की यात्रा से खुश सारा ने दोस्त को कहा-शुक्रिया

क्रिकेट की दुनिया में तेंदुलकर और हेडन जैसे नाम किसी परिचय के मोहताज नहीं। लेकिन इस बार बात मैदान की नहीं बल्कि दोस्ती, मस्ती और रोमांच से भरी एक खास छुट्टी की है। सारा दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी और ग्रेस हेडन, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडेन की बेटी ने हाल ही में एक



यादगार ट्रिप का लुत्फ उठाया। सारा ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस ट्रिप की कुछ झलकियां साझा कीं, जिसने फैंस का ध्यान खींच लिया। सारा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में ग्रेस को इस शानदार ट्रिप की प्लानिंग के लिए धन्यवाद दिया। सारा ने लिखा, "Warner Bros. Movie World में मस्ती भरे दिन से लेकर Kirra Beach पर सुकून भरे पल और Canyon Flyer Zipline पर एड्रेनालाईन का रोमांचज ये ट्रिप पूरी तरह से परफेक्ट थी! इस पोस्ट में सारा और ग्रेस की तस्वीरें उनकी खुशी और उत्साह को साफ बयां करती हैं। दोनों की दोस्ती और एक-दूसरे के साथ बिताए पलों की गर्मजोशी फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। गोल्ड कोस्ट का Warner Bros. Movie World हर उम्र के लोगों के लिए एक सपनों की दुनिया है। सारा और ग्रेस ने यहां की राइड्स, थीम-बेस्ड शो और सुपरहीरो-विलेन की दुनिया का भरपूर मजा लिया। इस थीम पार्क में हॉलीवुड की चमक और रोमांचक रोलर कोस्टर हर किसी को उत्साहित कर देते हैं। सारा की तस्वीरों में उनकी मस्ती और हंसी इस बात का सबूत है कि यह जगह कितनी खास है। (जेएनएन)

## खेल एक नजर

### पहली रग्बी प्रीमियर लीग 15 से

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी। इस लीग का प्रारूप रग्बी 7 होगा, जिसे ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं तथा सात-सात मिनट के दो हाफ होते हैं।

### सिफत को 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक

**म्यूनिख, जेएनएन।** शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने गुरुवार को आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23



वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए। नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण और स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। एमिली 590 अंक के साथ क्वालिफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी, लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रही, क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी।

### भारत प्रो लीग हॉकी में गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), जेएनएन।** भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे, जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में गुरुवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में 1-2 से पिछड़ने के बाद भारत को अंतिम हूटर से दो मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला और जुगराज ने गेंद को अर्जेंटीना के गोल पोस्ट के अंदर डाल दिया। अर्जेंटीना ने इस आधार पर वीडियो रेफरल मांगा कि स्ट्रोक लेते समय जुगराज का बायां पैर गेंद से काफी आगे था। वीडियो अंपायर ने अर्जेंटीना के पक्ष में फैसला सुनाया, लेकिन भारत की अगुआई कर रहे कप्तान हार्दिक सिंह ने रेफरी से यह जांचने के लिए कहा कि क्या जुगराज के स्ट्रोक लेने से पहले अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो गोल-लाइन से आगे थे। इस बार भारत को वीडियो अंपायर से अनुकूल फैसला मिला।

# फॉर्म और गेंदबाजी संयोजन तलाशने उतरेगी टीम इंडिया

## इंट्रा-स्क्वाड मुकाबला आज से खाली मैदान में, इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले एकमात्र अभ्यास मैच

**जेएनएन, बेकेनहैम (केंट)**

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत-ए के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच (इंट्रा-स्क्वाड मैच) में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है। यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी सीरीज से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।

मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है, ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने



ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और फील्डिंग करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है। इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।

### नेट्स पर बुमराह ने लय से प्रभावित किया

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल इंग्लैंड दौरे पर अब तक तीन अभ्यास सत्रों में जसप्रीत बुमराह की लय से काफी प्रभावित हैं, हालांकि उन्होंने कहा कि बुमराह का वर्कलोड मैनेज करने के संबंध में टीम मैनेजमेंट काफी सूझबूझ के साथ निर्णय करेगी। इंग्लैंड रवाना होने से पहले भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि बुमराह सभी टेस्ट नहीं खेलेंगे और सीरीज की स्थिति और बुमराह की फिटनेस को देखते हुए यह निर्णय लिया जाएगा कि बुमराह कौन से तीन टेस्ट मैच खेलेंगे। मॉर्कल ने कहा, बुमराह को पता है कि उन्हें कैसे तैयारी करनी है और कैसे खुद को तैयार करना है। पिछले तीन दिनों से उनकी ऊर्जा देखकर मैं काफी प्रभावित हूं। यह देखना काफी सुखदायक था और मैं यह देखकर खुश हूं कि इस समय वह बेहद अच्छी स्थिति में हैं। हम उनको लेकर सूझबूझ के साथ निर्णय लेंगे, लेकिन उन्हें अब तक गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया है।



### जडेजा बनाम कुलदीप

हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए कोच गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है, लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं, तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है, जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा।

### आकाश दीप बनाम प्रसिद्ध कृष्णा

इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है। पहले टेस्ट से पहले भारतीय टीम के सामने अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को सुनिश्चित करना है। बुमराह के अलावा उनके पास सिराज, कृष्णा, अर्शदीप सिंह और आकाश दीप का विकल्प है। वहीं शार्दुल ठाकुर और नीतीश कुमार रेड्डी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के विकल्प के रूप में मौजूद हैं। अगर भारत चौथे गेंदबाजी विकल्प के रूप में दूसरे स्पिनर या प्रमुख तेज गेंदबाजी विकल्प के साथ नहीं जाती है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल : पैट कमिंस के झटकों से दक्षिण अफ्रीका 138 पर ढेर

### ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी में दो विकेट पर 32 रन, कुल बढ़त 106 रन हुई

**जेएनएन, लंदन।** कप्तान पैट कमिंस के छह विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 138 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दूसरे दिन गुरुवार को दूसरी पारी में चाय तक दो विकेट खोकर 32 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 106 रन तक पहुंचाई। कमिंस (28 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 57.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर सिमट गई, जिससे पहली पारी में 212 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली। मिचेल स्टार्क ने भी 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। डेविड बेडिंघम 111 गेंद में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 36 रन की पारी खेली। कमिंस की तूफानी गेंदबाजी के सामने हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने अपने पांच विकेट सिर्फ 12 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में भी शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (06) और कैमरन ग्रीन (00) के विकेट गंवा दिए हैं। चाय के विश्राम के समय सलामी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन 16, जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर खेल रहे थे।

ख्वाजा को कागिसो रबाडा (15 रन पर दो विकेट) ने विकेटकीपर काइल वेरेने के हाथों कैच कराया, जबकि ग्रीन ने इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर वियान मुल्डर को कैच थमाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने आसमान के छाए बादलों के बीच सुबह के सत्र में 78 रन जोड़े और बावुमा (36) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाकर वापसी की कोशिश की। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 43 रन से की। बावुमा ने स्टार्क पर दो चौकों के साथ शुरुआत की, जबकि



बेडिंघम ने भी इस तेज गेंदबाज की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। बावुमा ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौका मारने के बाद कमिंस की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया, लेकिन फिर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान की गेंद पर कवर्स में लाबुशेन को कैच दे बैठे। बावुमा ने 84 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और एक छक्का मारा।

बेडिंघम और वेरेने ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। वेरेने ने ब्यू वेबस्टर की गेंद पर एक रन के साथ 45वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। बेडिंघम ने लंच से पहले के अंतिम ओवर में वेबस्टर पर दो चौके मारे। लंच के दौरान बारिश के कारण दूसरे सत्र की शुरुआत में थोड़ा विलंब हुआ, लेकिन मैच शुरू होने पर कमिंस पूरी तरह छाए रहे। कमिंस ने अपने दूसरे ओवर में वेरेने (13) और मार्को यानसेन (00) को आउट करके दक्षिण अफ्रीका को दोहरा झटका दिया।

#### स्कोर बोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी : 212/10 (56.4 ओवर)**
**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 138/10 (57.1 ओवर)**
**कल के स्कोर 40/4 से आगे**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बवूमा का. मार्नस बो. कमिंस | 36 | 84 | 4 | 1 |
| बेडिंघम का. कैरी बो. कमिंस | 45 | 111 | 6 | 0 |
| काइल वेरेन पगबाधा बो. कमिंस | 13 | 39 | 0 | 0 |
| यानसन का. एंड बो. कमिंस | 0 | 3 | 0 | 0 |
| केशव महाराज रनआउट | 7 | 15 | 1 | 0 |
| रबाडा का. वेब्स्टर बो. कमिंस | 1 | 6 | 0 | 0 |
| लुंगी एन्गिडी नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 12, **कुल** : 57.1 ओवर में 138 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन** : 1-0, 2-19, 3-25, 4-30, 5-94, 6-126, 7-126, 8-135, 9-138, 10-138, **गेंदबाजी** : मिचेल स्टार्क 13-3-41-2, जोश हेजलवुड 15-5-27-1, पैट कमिंस 18.1-6-28-6, नाथन लियोन 8-3-12-0, बो वेब्स्टर 3-0-20-0..

## विंबलडन एकल विजेता को 34.93 करोड़ मिलेंगे, पिछली बार से 7 प्रतिशत ज्यादा

**लंदन, जेएनएन।** विंबलडन के मेजबान 'ऑल इंग्लैंड क्लब' के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड (लगभग 6.23 अरब रुपए) कर दी गई है, जिसमें से एकल वर्ग के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड (लगभग 34.93 करोड़ रुपए) की राशि मिलेगी। यह रकम पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत और 3.5 मिलियन पाउंड अधिक है। यह 10 साल पहले इस 'ग्रास-कोर्ट' ग्रैंड स्लैम में प्रतियोगियों मिलने वाली राशि से दोगुना है। विंबलडन का आगाज 30 जून से होगा, जबकि इसका समापन 13 जुलाई को होगा। ऑल इंग्लैंड क्लब के अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 10 वर्षों में हमने पुरस्कार राशि में बहुत बड़ी




बढ़ोतरी की है। हमने इस वर्ष पिछले आयोजन की तुलना में लगभग सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस साल के पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को पिछले साल के पुरस्कारों की तुलना में 11.1 प्रतिशत अधिक राशि मिलेगी। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 66,000 पाउंड (लगभग 76 लाख रुपए) मिलेंगे, जो पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### मप्र की प्राची और पूजा ने एशियन पैरा कैनो चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश की प्राची यादव और पूजा ओझा ने एशियन पैरा कैनो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि मनीष कौरव और मनीष यादव ने रजत पदक अर्जित किए। थाइलैंड के पटाया में आयोजित इस चैंपियनशिप में भारत ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले दिन दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य सहित कुल सात पदक जीते। ओलंपियन प्राची ने केएल-2 इवेंट में सोने का तमगा हासिल किया। वहीं पूजा ने वीएल-1 कैटेगरी में खिताब जीता। महिला वर्ग में निशा रावत ने रजत पदक जीता। पुरुष वर्ग में मनीष ने केएल-3 और मनीष यादव ने वीएल-1 में रजत पदक जीता।



अमित कुमार ने वीएल-2 इवेंट में रजत पदक जीता। यश कुमार ने वीएल-1 में तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा, पैरा चेयरपर्सन एवं चीफ कोच मयंक ठाकुर और मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के अध्यक्ष पीएस बुंदेला ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

### द बॉयज फुटबॉल क्लब चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** द बॉयज फुटबॉल क्लब ने गुरुवार को खेलो भोपाल फुटबॉल प्रतियोगिता मेला-2025 अंडर-15 आयु वर्ग में लुकमैन क्लब को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। टीटी नगर स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में टाई ब्रेकर में द बॉयज ने लुकमैन को 5-4 से शिकस्त दी। इसी वर्ग में तीसरे स्थान के



लिए खेले गए मुकाबले में राजा भोज फुटबॉल क्लब ने फाल्कन फाइटर को 1-0 से हराया। राजा भोज क्लब के लिए एकमात्र गोल नमन ने दागा। अंडर-18 आयु वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में गॉड लाइक फुटबॉल क्लब ने ग्लेडियर फुटबॉल क्लब को 4-0 से रौंदकर फाइनल में प्रवेश किया। गॉड लाइक क्लब के लिए आयुष ने 2, जबकि मोहम्मद और हैप्पी ने एक-एक गोल दागा। इसी वर्ग में तीसरे स्थान के लिए ग्लेडिएटर ने अल्फा क्लब को 2-0 से परास्त किया। ग्लेडिएटर के लिए इब्राहिम और अब्बास ने एक-एक गोल बनाया।

## मेहदी हसन एक साल के लिए बांग्लादेश वनडे टीम के कप्तान

**ढाका, जेएनएन।** ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को गुरुवार को एक साल के लिए बांग्लादेश का वनडे कप्तान नियुक्त किया गया। अगले महीने श्रीलंका में होने वाली तीन मैच की सीरीज में वह पहली बार टीम की कमान संभालेंगे। मेहदी वनडे टीम की कमान नजमुल हुसैन शंटो से संभालेंगे, जो टेस्ट कप्तान बने रहेंगे। लिटन दास टी-20 में बांग्लादेश की अगुआई करते रहेंगे। बांग्लादेश 17 जून से 16 जुलाई तक दो टेस्ट, तीन वनडे और इतने ही टी-20 मैच की सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करेगा। टीम इसके बाद अगस्त में घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ



तीन-तीन मैच की वनडे और टी-20 सीरीज खेलेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से कहा गया कि 27 वर्षीय मेहदी ने कहा कि बोर्ड द्वारा मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी जाना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मेहदी ने मार्च 2017 में पदार्पण करने के बाद से अब तक 105 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें दो शतक और छह अर्धशतक की मदद से 1,617 रन बनाए हैं और 110 विकेट भी लिए हैं।

## चोटिल शुचि की जगह इंग्लैंड दौरे की भारतीय टीम में राधा को मिली जगह

**मुंबई, जेएनएन।** बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को 28 जून से शुरू होने वाले पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए गुरुवार को चोटिल शुचि उपाध्याय की जगह भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि 20 साल की वामहस्त स्पिनर शुचि को बाईं पिंडली में चोट लगी है। मध्य प्रदेश की शुचि ने पिछले महीने श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज के दौरान वनडे में पदार्पण किया था। बीसीसीआई ने कहा, महिला चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम शुचि उपाध्याय



की जगह राधा यादव को शामिल किया है। शुचि की चोट का पता बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में दौरा पूर्व शिविर के दौरान चला। महिला टीम का दौरा 28 जून को नॉटिंघम में टी-20 मैच से शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच एक जुलाई को ब्रिस्टल में होगा। तीसरा टी-20 मैच चार जुलाई को ओवल में, चौथा मैच नौ जुलाई को मैनचेस्टर में और पांचवां मैच 12 जुलाई को बर्मिंघम में होगा। तीन वनडे मैच क्रमशः 16, 19 और 22 जुलाई को साउथम्प्टन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेले जाएंगे।

# अमेरिका की सबसे बड़ी टी-20 लीग आज से, छह टीमें खेलेंगी

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 के तीसरे सीजन का आगाज 13 जून शुक्रवार से होने जा रही है। टूर्नामेंट का पहला मैच पिछले सीजन की फाइनलिस्ट टीमें वॉशिंगटन फ्रीडम और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला भारतीय समयनुसार सुबह 6:30 बजे से खेला जाएगा, जिसका प्रसारण जियो हॉटस्टार पर होगा। एमएलसी के इस सीजन में कुल 34 मैच होंगे, जो अभी तक इस लीग में सबसे अधिक मुकाबले होंगे। इससे पहले उद्घाटन संस्करण में 19 मैच और दूसरे सीजन में 25 मैच आयोजित किए गए थे। लीग का फाइनल 14 जुलाई को खेला जाएगा। पिछले संस्करण की तरह, इस बार भी छह टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। यूएसए की आधिकारिक टी-20 लीग के रूप में मान्यता प्राप्त, एमएलसी को पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा लिस्ट-ए का दर्जा दिया गया था। वाशिंगटन फ्रीडम मौजूदा एमएलसी चैंपियन हैं, जिन्होंने



फाइनल में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न को हराया था। एमआई न्यूयॉर्क एमएलसी के पहले संस्करण के विजेता थे, जिन्होंने 2023 में सिएटल ऑर्कास को हराया था। प्लेऑफ शुरू होने से पहले सभी छह एमएलसी टीमें 30 लीग स्टेज के मैचों में डबल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी। प्लेऑफ में, लीग स्टेज की शीर्ष दो टीमें क्वालिफायर में मिलेंगी, जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में भिड़ेंगी। क्वालिफायर का विजेता सीधे फाइनल में पहुंचेगा। क्वालिफायर में हारने वाली टीम फाइनल में दूसरे स्थान के लिए चैलेंजर मैच में एलिमिनेटर की जीतने वाली टीम का सामना करेगी।

**इन खिलाड़ियों पर नजर**
इस बार एमएलसी में कई बड़े टी-20 स्टार खेल रहे हैं, जिसमें सुनील नरेन, फाफ डुप्लेसिस, आंद्रे रसेल, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉइनिस, निकोलस पूरन, हेनरिक क्लासेन, डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श और ट्रेंट बोल्ट नाम शामिल हैं।

**तीन स्थान**
लीग के मैच तीन मैदान ओकलैंड कोलिसियम, ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम (टेक्सास) और ब्रॉवर्ड काउंटी स्टेडियम (लॉडरहिल) पर खेले जाएंगे। प्लेऑफ के सभी मैच ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में होंगे।

**छह टीमें**
एमएलसी-2025 की छह टीमों में से चार आईपीएल फ्रेंचाइजी की हैं। इसमें एमआई न्यूयॉर्क (मुंबई इंडियंस), टेक्सस सुपर किंग्स (चेन्नई सुपर किंग्स), एलए नाइट राइडर्स (कोलकाता नाइट राइडर्स) और सिएटल ऑर्कस (दिल्ली कैपिटल) के नाम शामिल हैं। वॉशिंगटन फ्रीडम और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स दो अन्य टीम हैं।

## गयाना में 6 से 17 सितंबर तक महिला सीपीएल

**गयाना, जेएनएन।** महिला कैरिबियाई प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) का चौथा सीजन गयाना में 6 सितंबर से शुरू होगा, जबकि फाइनल मुकाबला 17 सितंबर को खेला जाएगा। सभी सात मुकाबले प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले जाएंगे। गयाना की होम टीम गयाना एमजॉन वॉरियर्स के अलावा ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और बारबेडोस रॉयल्स इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। सभी टीमें एक दूसरे के खिलाफ दो मैच खेलते हुए कुल चार लीग मैच खेलेंगी। छह लीग मुकाबले 11 दिन के अंतराल पर खेले जाएंगे। सभी दोपहर के मुकाबले होंगे। चार मैच स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे, दो मैच तीन बजे और एक चार बजे शुरू होगा। 16 सितंबर को अंतिम लीग मैच खेला जाएगा और इसके ठीक अगले दिन ही फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। डब्ल्यूसीपीएल की अब तक की सबसे सफल टीम रॉयल्स रही है।

## संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक 19 जून को

**सतना।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्ष दात्री समिति की बैठक 19 जून को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने जिले के समस्त विभाग प्रमुखों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## धरती आबा अभियान अंतर्गत सतना-मैहर जिले के 321 गांवों में 15 से 30 जून तक शिविर

**सतना।** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत सतना एवं मैहर जिले के 8 विकासखंडों के चिन्हित 321 गांवों में 15 जून से 30 जून तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# शहर विकास के लिए मेयर इन काउंसिल में कई प्रस्तावों को हरी झंडी



**जागरण, सतना**

नगर पालिक निगम, सतना के मेयर.इन.काउंसिल की बैठक 12 जून को निगम कार्यालय में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। निगम क्षेत्रान्तर्गत सीवर लाइन लेइंग एवं क्षतिग्रस्त सड़कों को वर्षा प्रारम्भ होने के पूर्व निर्माण कराये जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए जोन क्रमांक.03 के वार्ड क्रमांक 05, 06,07, 08, 09, 10, 11 में सड़क निर्माण विटुमिन कार्य हेतु कार्यपालन यंत्री की अनुशंसा के कम में राशि रूपये 1,57,62,000 की प्रशासकीय वित्तीय स्वीकृति के साथ अल्प कालिक निविदा 15 दिवस आमंत्रित किये जाने सम्बन्धी प्रस्तुत कार्यालयीन प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई। वार्ड क्रमांक.02 सतना पन्ना मार्ग उमरी गली नम्बर.01 के पास सड़क के बायी तरफ वर्षा जल की निकासी के लिए हयूम पाइप कलवर्ट कार्य के लिए राशि रूपये 16,91,000 की प्रशासकीय वित्तीय स्वीकृति के साथ अल्प कालिक निविदा आमंत्रित किये जाने सम्बन्धी प्रस्तुत कार्यालयीन प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई। वार्ड.01 से 45 तक रोड रेस्टोरेशन एवं विटुमिन पैचिंग कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में भाग लेने वाले 02 निविदाकारों में से अतुल कुराईरिया की प्राप्त न्यूनतम दर 17.10 एसओआर को स्वीकृति प्रदान की गई। 18 एमएलडी एवं 40 एमएलडी वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का उन्नयन कार्य को पूर्ण किये जाने हेतु संविदाकार मेसर्स कृष्णा कास्ट्रक्सन कम्पनी को दिनाँक 15.03.2025 तक की समयावृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गई। स्मार्ट सिटी मिशन निक्षेप कार्य अन्तर्गत धवारी स्टेडियम का पुनर्विकास के कार्य हेतु प्रस्तुत 3दकष् त्मअपेमक वीओक्यू में राशि रूपये 9.84 प्रतिशत अतिरिक्त स्वीकृति के साथ त्मअपेमक वी.ओ.क्यू. की स्वीकृति प्रदान की गई। सीवरेज घटक अंतर्गत सीवर लाइन लेइंग कार्य हेतु जारी निविदा में पीसी स्नेहल कांस्ट्रक्षन द्वारा प्रस्तुत दर अनुमोदन हेतु एसएलटीसी की ओर प्रेषित पत्र के क्रम में राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक दिनॉक 30 मई सीवरेज घटक हेतु 1274.85 लाख 16.20 अधिक एसओआर को स्वीकृति प्रदान की गई।

**उपयंत्रियों को गुणवत्ता पर ध्यान रखने के निर्देश :** बैठक में महापौर द्वारा सभी अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि किए जा विकास कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। साथ ही साथ बनाई जा रही सड़कों पर कार्य समाप्ति उपरान्त निर्माण सामग्री एवं मिट्टी इत्यादि हटाकरए साफस्वच्छ कराया जाए। इसी तरह नाली निर्माण के उपरान्त नाली के अगल.बगल पड़ी निर्माण सामग्री एवं मिट्टी को हटाया जाए। इस कार्य को सुनिश्चित कराने के लिए सभी अभियंता पूर्णतः उत्तरदायी होंगे। मेयर इन काउसिंल की बैठक में एस के् सिंह आयुक्त प्रतिनिधि, मेयर.इन.काउंसिल सदस्य गोपी गेलानी श्रीमती मनीषा सिंह् श्रीमती प्राची कुशवाहा, श्रीमती रानी बालकृष्ण शुक्ला, अभिषेक तिवारी, प्रवीण जैन, हरिमित्र श्रीवास्तव सहायक आयुक्त, अरुण तिवारी, ,आरपी सिंह, सिद्धार्थ सिंह,अंशुमान सिंह कार्यपालन यंत्री, आरपी परमार फॉयर आफीसर, मुकेश चतुर्वेदी, केपी गुप्ता आकाश बट्टी रोजल प्रताप सिंह सहायक यंत्री,यूसुफ खान राजस्व अधिकारी, अनिल श्रीवास्तव कार्यालय अधीक्षक, दिनेश त्रिपाठी सहायक राजस्व अधिकारी, एमआइसी सचिव अशोक केवट सहित निगम के सभी विभागों के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने एमएलसी व पीएम रिपोर्ट आनलाईन करने को लेकर डाक्टरों के साथ की बैठक



**जागरण, सतना।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार बबजदे के माध्यम से प्राप्त एमएलसी एवम पीएम रिपोर्ट की ऑनलाइन टाइप्ड प्रति की प्राप्ति हेतु डम्क्स्मच्त् सॉफ्टवेयर के अनिवार्य उपयोग के संबंध में प्राप्त निर्देशों एवम उनका पालन कराए जाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डॉक्टर्स के साथ मीटिंग की गई। मीटिंग में डॉक्टर्स द्वारा सॉफ्टवेयर के माध्यम से भेजी जा रही ऑनलाइन रिपोर्ट की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि 01 जुलाई 2024 से 05 जून 2025 तक पुलिस द्वारा सीसीटीएनएस के माध्यम से भेजे गए 1429 एमएलसी में से 16 एमएलसी एवम 102 पीएम रिपोर्ट में से 29 पीएम रिपोर्ट सॉफ्टवेयर के माध्यम से रिटर्न हुई हैं। उक्त संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा डॉक्टर्स से सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही ऑनलाइन एमएलसी पीएम रिपोर्ट प्रदान करने का अनुरोध कर बेहतर समन्वय पर चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर बीएमओ आर एन पाण्डेय एवम मैहर जिले के सभी डॉक्टर शामिल रहे।

## स्प्रिंगनुमा चायनीज चाकू रखने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**सतना।** स्प्रिंगनुमा चायनीज चाकू रखने वाले आरोपी को अमदरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है यह कार्यवाही एसपी मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर पकड़ा पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन पर की गई है। 12 जून को चौकी झुकेही पुलिस के द्वारा चौकी के सामने वाहन चैकिंग लगाई गई थी। इसी दौरान मोसा क्रमांक एमपी 19 जेडडी 2018 में बैठे व्यक्ति को रोककर उसका नाम पता पूछा गया जो अपना नाम मो यासीन पिता मो शब्बीर उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01 नया मोहल्ला सिहोरा थाना सिहोरा जिला जबलपुर का होना बताया। उक्त व्यक्ति का आचरण संदिग्ध प्रतीत होने पर उसकी तलाशी ली गई तो जींस के पैट में पीछे वाले जेब में एक स्प्रिंगनुमा चायनीज चाकू बरामद हुआ। जिससे उक्त चाकू के संबंध में सख्ती से पूछताछ करने पर लोगों को डरा धमकाकर अपना काम निकलवाने हेतु चाकू रखना बताया। आरोपी का यह कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय अपराध होने से मौके पर ही उक्त चाकू एवम आरोपी की मोटरसाइकल जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस ने आरोपी से बाइक व स्प्रिंग नुमा चाकू जप्त किया है।

## सांसद ने विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**सतना।** सांसद गणेश सिंह ने अहमदाबाद में हुए हृदय विदारक विमान हादसे में जान गवाने वालों को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद श्री सिंह ने कहा कि अहमदाबाद में हुए हृदय विदारक विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों एवं समर्थकों को यह विकट दुरूख सहने का संबल प्रदान करें।

# विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज मझगवां में

**जागरण, सतना।** शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 12 जून से 26 जून 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 13 जून को जनपद पंचायत मझगवां, 16 जून को जनपद पंचायत उचेहरा, 17 जून को जनपद पंचायत नागौद, 18 जून को शासकीय आईटीआई सतना (युवा संगम), 19 जून को शासकीय आईटीआई मैहर (युवा संगम), 20 जून को जनपद पंचायत सोहावल, 23 जून को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 24 जून को जनपद पंचायत मैहर, 25 जून को जनपद पंचायत रामनगर एवं 26 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु आयु 19 से 40 वर्ष तथा योग्यता 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए राहुल साहू मोबाइल नम्बर 9131557489 पर सम्पर्क कर सकते है।

# कांग्रेस की बैठक में दावेदारों ने पेश किया बायोडाटा




## अहमदाबाद में प्लेन क्रैस की खबर लगते ही स्थगित की बैठक

**जागरण, सतना।** संगठन सृजन के अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय में दिल्ली से आये अनिल चौधरी द्वारा बैठक लेकर शहर अध्यक्षी के लिए दावेदारी करने वाले लोगो से बायोडाटा लिये गये ।इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए मकसूद अहमद , संजय पाण्डेय, उर्मिला त्रिपाठी, दिनेश दुबे, राजदीप सिंह मोनू, और वसीम खान ने बायोडाटा प्रस्तुत किया है। बताया जाता है कि इस दौरान पर्यवेक्षक ने वन टु वन चर्चा कर राय मसविरा किया है। जानकार बताते है कि अहमदाबाद में प्लेन क्रैस होने की खबर लगते ही बैठक को स्थगित कर दिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि अब सतना शहर के लिए बैठक 16-17 जून को होगी। शेष कार्यक्रम निर्धारित समय सारणी के अनुसार संचालित होगें। कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक के दौरान केन्द्रीय पर्यवेक्षक अनिल चौधरी के अलावा विनय सक्सेना , बबिता साकेत , जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा अमरपाटन विधायक डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा , शहर अध्यक्ष मकसूद अहमद , पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी, पूर्व विस प्रत्याशी रामशंकर पयासी डॉ रश्मि सिंह , राजभान सिंह , रामप्रताप कुशवाहा , सहित बडी तादाद मे लोग मौजूद रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दी गई जानकारी

**सतना।** खरीफ सीजन 2025 को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अऋणी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग की जानकारी दी गई। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गुरूवार को विकासखण्ड मैहर के लटागांव में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने उपस्थित कृषकों को सामयिक सलाह, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के उपयोग के बारे में जानकारी दी। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि प्रत्येक विकासखण्ड के 03-03 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम अनुसार जनप्रतिनिधियों, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, कृषि एवं एलाइड विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक की उपस्थिति में आयोजन किया।

# शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने कलेक्टर ने ली बैठक



## अधिकारियों के साथ सिविल लाइन चौराहे का भ्रमण कर लिया जायजा

**जागरण, सतना।** सतना शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने और सुचारू सुगम्य यातायात के लिये कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने गुरूवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर पूर्व में किये गये भ्रमण के दौरान निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक के बाद सभी संबंधित अधिकारियों के साथ शहर के सिविल लाइन चौराहे में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए स्थल पर जाकर मौके का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ओवर ब्रिज के नीचे से पुलिस लाइन की ओर जाने वाले मार्ग को डिवाइडर लगाकर आवागमन बंद करने के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वनिल वानखेड़े, एसडीएम राहुल सिलाडिया, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, डीएसपी ट्रैफिक्र संजय खरे, यातायात प्रभारी पंकज शुक्ला, नगर निगम का अतिक्रमण दल उपस्थित रहे।

## वाटर स्पोर्टस एवं मार्शल आर्ट्स अकादमी में प्रवेश हेतु चयनस्पर्धा का आयोजन

**जागरण, सतना।** प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोटर्स अकादमी एवं मार्शल आर्टस अकादमी में प्रवेश के लिए बालक-बालिका खिलाडियों की चयनस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इनमें खेल सेलिंग का आयोजन 13 जून को प्रातः 9 बजे स्पोर्टस काम्पलेक्स नीम चौराहा आईटीआई के पास रीवा में तथा खेल बाक्सिंग का आयोजन 14 जून को प्रातः 9 बजे स्पोर्टस काम्पलेक्स नीम चौराहा आईटीआई के पास रीवा में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। चयन ट्रायल में प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों को आवास, भोजन की व्यवस्था स्वयं वहन करना होगी। खिलाडियों को चयन स्थल पर आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवासी, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की मूल कॉपी एवं उनकी 2 छायाप्रति सहित उपस्थित होना अनिवार्य है।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद्र दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

PGI लखनऊ के एंडोक्रिनोलॉजिस्ट की OPD रीवा में
22 जून , रविवार
प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को समय - सुबह 10 से शाम 04:00 बजे तक
डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग विशेषज्ञ
डॉ. अजय शुक्ला
MBBS, M.D., D.M. (Endocriology & Metabolism) SGPGI लखनऊ
विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लखनऊ
•डायबिटीज •थायराइड •हार्मोन •दुबलापन •मोटापा •मेटाबोलिक स्प्रोन •अत्यधिक पेशाब •अधिक प्यास लगना •मासिक धर्म में अनियमितता व बांझपन •योवन संबंधित विकार •जनन अंगों के विकास के रोग •हार्मोनो में गड़बड़ी •नपुंसकता •समय से पहले बुढ़ापा आदि रोगों के विशेषज्ञ।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 50 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।
9399312433,9981287311

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी.फार्मा
रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत संपर्क करें-
सिटी ऑफिसः- गायत्री स्कूल के सामने, अरूण नगर मार्ग, नेहरू नगर, रीवा (म.प्र.)
महाविद्यालय कैम्पसः ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641, 6262084843, 9691012773

SATYA ACADEMY
HIGHER SECONDARY SCHOOL
Class : 11th & 12th Bio, Maths & Commerce
Vacancies

| SNo. | Post | Number Of Post | Subject | Qualification | Salary |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | P.G.T. | 1-1 | English & Chemistry | Masters in the concerned subject with B.Ed | 18,000-25,500 |
| 2 | P.R.T. | 2-2 | Maths & English | Graduate with D.Ed/B.Ed | 8000-12000 |

Interested candidates having 3 years experience in any English medium school with fluent in English can submit their CV at the school office
till 13.06.2025 between 08 AM to 01 PM.
Near Toll Plaza, Bypass Road Ratahara, Rewa 9425999434



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com